RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net

वर्ष 33 ■ अंक 335 ■ मुंबई, गुरुवार 26 जून 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00

संरक्षक : आरएन सिंह

## ईरान ने कबूला, परमाणु ठिकाने को भारी नुकसान

महानगर नेटवर्क

तेहरान

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने बुधवार को पहली बार इस बात की पुष्टि की है कि सप्ताहांत में हुए अमेरिकी हमलों से देश के परमाणु प्रतिष्ठान 'बुरी तरह से क्षतिग्रस्त' हुए हैं। हालांकि उन्होंने परमाणु ठिकानों को हुए नुकसान पर विस्तार से जानकारी देने से इंकार कर दिया। बाघेई ने स्वीकार किया कि रविवार को अमेरिकी बी-2 बमवर्षकों द्वारा बंकर-बस्टर बम गिराए जाने से काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा, ''हमारे परमाणु प्रतिष्ठानों को बुरी तरह से नुकसान पहुंचा है।''

ईरान के उप विदेश मंत्री सईद खतीबजादेह ने ईरान की परमाणु सुविधाओं को हुए नुकसान के लिए अमेरिका से मुआवजे की मांग की तथा संयुक्त राष्ट्र में शिकायत दर्ज कराने की धमकी दी। वाशिंगटन को ईरान की सुविधाओं को हुए नुकसान के लिए मुआवजा देना होगा अन्यथा तेहरान इस मामले पर संयुक्त राष्ट्र में शिकायत दर्ज कराएगा।



### हमारे हमलों ने रोका इजरायल-ईरान युद्ध : ट्रंप

■ अक्सर हर चीज का श्रेय लेने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिकी हमलों के कारण ही 12 दिनों से चली आ रही ईरान-इजरायल जंग रुकी है। उन्होंने दोनों देशों के बीच युद्ध रोकने का श्रेय लेते हुए कहा कि जब अमेरिकी बमबर्षकों ने ईरानी परमाणु ठिकानों पर भारी-भरकम बम गिराए, तब यह युद्ध अनिवार्य रूप से बंद हो सका। अमेरिकी हमलों की वजह से ही दोनों देशों की शत्रुता पर ब्रेक लग सकी है। राष्ट्रपति ट्रंप ने दोनों पक्षों को हुए भारी जान-माल के नुकसान का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले दो सप्ताह के हमलों के दौरान ईरान और इजरायल ने बड़े पैमाने पर अपने लोगों को खोया है और संपत्ति की नुकसान उठाई है।

ट्रम्प ने चेतावनी दी कि अगर ईरान अपना न्यूक्लियर प्रोग्राम फिर से शुरू करने की कोशिश करता है तो अमेरिका फिर से हमला करेगा।

## 'शुभ लाभ': अंतरिक्ष में भारत की नई उड़ान

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

भारत ने अंतरिक्ष की दुनिया में इतिहास रच दिया है। लखनऊ के रहने वाले शुभांशु शुक्ला ने बुधवार को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन की ओर उड़ान भरकर भारत की मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम में 41 साल बाद वापसी कराई। वह अमेरिका की प्राइवेट कंपनी एक्सिओम मिशन के तहत अंतरिक्ष में गए हैं। इस मिशन में भारत के अलावा हंगरी और पोलैंड के अंतरिक्ष यात्री भी शामिल हैं।



### 41 साल बाद रचेगा इतिहास

लॉन्च के 10 मिनट बाद ही रॉकेट ने पृथ्वी की कक्षा में प्रवेश कर लिया। इस दौरान शुभांशु शुक्ला ने उत्साह में कहा कमाल की राइड थी। यह सुनते ही देशवासियों के चेहरे खिल उठे। उनका यह सफर भारत की अंतरिक्ष उड़ान में एक नया अध्याय है, जो राकेश शर्मा की 1984 में हुई ऐतिहासिक उड़ान के 41 साल बाद संभव हुआ है।


### मेरी नहीं, भारत की यात्रा- शुभांशु

पृथ्वी की कक्षा में पहुंचने के बाद शुभांशु शुक्ला ने हिंदी में देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा- नमस्कार मेरे प्यारे देशवासियों, 41 साल बाद हम अंतरिक्ष में पहुंचे हैं। मेरे कंधों पर तिरंगा है, जो मुझे यह एहसास दिलाता है कि मैं अकेला नहीं, 140 करोड़ भारतीयों के साथ हूं। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ मेरी अंतरिक्ष यात्रा नहीं है, बल्कि भारत की मानव अंतरिक्ष यात्रा की शुरुआत है।

### नए स्पेसक्राफ्ट का नाम ग्रेस

अंतरिक्ष में पहुंचते ही चारों अंतरिक्ष यात्रियों ने अपने नए स्पेसक्राफ्ट का नाम 'ग्रेस' रखा। स्पेसएक्स ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जो अच्छा है, उसके लिए इंतजार करना पड़ता है। 'ग्रेस' के पहले क्रू को शुभकामनाएं। अंतरिक्ष यात्री अब 14 दिन तक आईएसएस पर रहेंगे और इस दौरान 60 साइंटिफिक प्रयोग करेंगे।

### 140 करोड़ भारतीयों की शुभेच्छाएं : पीएम



■ पीएम मोदी ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए एक्सिओम-4 मिशन के सफल प्रक्षेपण का स्वागत किया और कहा कि इस मिशन में भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला अपने साथ 140 करोड़ भारतीयों की शुभेच्छाएं, उम्मीदें और आकांक्षाएं लेकर गए हैं।

### यह 140 करोड़ भारतीयों की यात्रा- शुभांशु

शुभांशु शुक्ला ने अंतरिक्ष यात्रा से पहले कहा था कि वह भारत के युवाओं में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा जगाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मैं अंतरिक्ष जा रहा हूं, लेकिन यह 140 करोड़ भारतीयों की यात्रा है। मुझे भरोसा है कि यह मिशन भारत के लिए एक नई शुरुआत साबित होगा। माना जा रहा है वह ISS से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी संवाद कर सकते हैं।

## महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में गड़बड़ी वाली याचिका खारिज

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने बुधवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 में गड़बड़ी को लेकर दायर याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा- याचिका की सुनवाई में कोर्ट का समय बर्बाद हुआ है। हालांकि याचिकाकर्ता पर कोई जुर्माना नहीं लगाया गया है।

जस्टिस जीएस कुलकर्णी और आरिफ डॉक्टर की बेंच ने कहा- इस याचिका में कोई ठोस आधार नहीं है। ऐसे में हम इसे खारिज करते हैं। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया था कि चुनाव में 6 बजे के बाद 75 लाख से ज्यादा वोट पड़े। साथ में चुनाव प्रक्रिया को अवैध घोषित करने की मांग की थी।

## आपातकाल के 50 साल: दो मिनट का मौन, प्रस्ताव पारित

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

आपातकाल के 50 साल पूरे हो चुके हैं, लोकतंत्र के उस अध्याय को याद कर बीजेपी देश की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और कांग्रेस पर हमलावर है। केंद्र सरकार ने भी इस मौके पर एक संकल्प लिया है, कैबिनेट बैठक में बकायदा दो मिनट का मौन तक रखा गया। इसके अलावा सरकार ने एक प्रस्ताव भी पारित किया है।

### पीएम मोदी ने क्या कहा?

इससे पहले पीएम मोदी ने भी आपातकाल को लेकर सोशल मीडिया पर पर एक पोस्ट शेयर की। उन्होंने लिखा कि आज भारत के लोकतांत्रिक इतिहास के सबसे काले अध्यायों में से एक, आपातकाल लागू होने के पचास साल पूरे हो



गए हैं। भारत के लोग इस दिन को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाते हैं। इस दिन, भारतीय संविधान में निहित मूल्यों को दरकिनार कर दिया गया, मौलिक अधिकारों को निलंबित कर दिया गया, प्रेस की स्वतंत्रता को खत्म कर दिया गया और कई राजनीतिक नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, छात्रों और आम नागरिकों को जेल में डाल दिया गया। ऐसा लग रहा था जैसे उस समय सत्ताधारी कांग्रेस सरकार ने लोकतंत्र को बंधक बना लिया था। पीएम मोदी के साथ-साथ देश के गृह मंत्री अमित शाह और दूसरे बड़े नेताओं ने भी आपातकाल को देश के लोकतंत्र के लिए काला अध्याय बताया और कांग्रेस की जमकर आलोचना की। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए बीजेपी ने भी कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को आड़े हाथों लेने का काम किया। उन्होंने आरोप लगाया कि खड़गे ने देश के प्रधानमंत्री के लिए अपशब्द कहे।

केंद्र सरकार की कैबिनेट बैठक में भी आपातकाल का जिक्र हुआ, बलिदान देने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी गई और युवाओं को जागरूक करने की अपील भी हुई। वैसे इसके अलावा कैबिनेट बैठक में ही तीन अहम फैसले भी हुए। इस बारे में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विस्तार से बताया।



## पुणे मेट्रो रेल परियोजना चरण-2 को मंजूरी

**पुणे।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय कैबिनेट ने पुणे मेट्रो रेल परियोजना चरण-2 को मंजूरी दी। वनज से चांदनी चौक (कॉरिडोर 2ए) और रामवाड़ी से वाघोली/विठ्ठलवाड़ी (कॉरिडोर 2बी), मौजूदा पुणे मेट्रो चरण-1 (वनज-रामवाड़ी) का विस्तार है। ये दो एलिवेटेड कॉरिडोर 12.75 किलोमीटर तक फैले होंगे और इनमें 13 स्टेशन शामिल होंगे, जो चांदनी चौक, बावधन, कोथरुड, खराडी और वाघोली जैसे तेजी से विकसित हो रहे उपनगरों को जोड़ेंगे। परियोजना को चार साल के भीतर पूरा करने की योजना है।

## पंजाब के पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** शिरोमणि अकाली दल के नेता और पंजाब के पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया के अमृतसर स्थित उनके ग्रीन एवेन्यू वाले घर से गिरफ्तार कर लिया गया है। विजिलेंस की टीम छापेमारी करने पहुंची थी। घंटों चली इस कार्रवाई के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। बताया जा रहा है कि नशा तस्करी के मामले में मजीठिया के घर की तलाशी ली जा रही थी। टीम ने कई दस्तावेज भी अपने कब्जे में ले लिए हैं।

## 2 बार होगी CBSE 10वीं की परीक्षा

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली


CBSE (सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन) 10वीं के स्टूडेंट 2026 से साल में 2 बार एग्जाम देंगे। एग्जामिनेशन कंट्रोलर संयम भारद्वाज ने बुधवार को यह जानकारी दी। नए परीक्षा पैटर्न के मुताबिक, पहली परीक्षा सभी छात्रों के लिए जरूरी होगी और दूसरी ऑप्शनल। पहली परीक्षा फरवरी और दूसरी मई में होगी। नतीजे अप्रैल और जून में जारी किए जाएंगे। इसके साथ ही सप्लीमेंट्री एग्जाम खत्म कर दिए गए हैं। 12वीं बोर्ड पर अभी यह फैसला लागू नहीं होगा।


### नए एग्जाम पैटर्न की 3 अहम बातें

■ दूसरी परीक्षा यानी ऑप्शनल एग्जाम में छात्रों को साइंस, मैथमेटिक्स, सोशल साइंस और लैंग्वेजेस में से किन्हीं 3 सब्जेक्ट में अपनी परफॉर्मेंस सुधारने की इजाजत दी जाएगी।

■ विंटर बाउंड स्कूलों (सर्दियों में बंद रहने वाले स्कूल) के छात्रों को दोनों परीक्षाओं में से किसी में भी बैठने की इजाजत होगी।

■ अगर कोई छात्र पहली परीक्षा में 3 या अधिक सब्जेक्ट्स में शामिल नहीं हुआ है, तो उसे दूसरी परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।



**वर्गीकृत विज्ञापन**

**चाहिए....!**

**अंधेरी पूर्व एमआयडीसी के लिए हेल्पर्स चाहिए।**

ड्युटी 8 घंटा।

वेतन रोज 500/-

संपर्क-9619291288

नोटिस विज्ञापनों में प्रकाशित दावों का इस अखबार से कोई लेना-देना नहीं है। पाठकों से निवेदन है कि विज्ञापन आजमाने से पहले कृपया अपने स्तर पर पुष्टि कर स्वयं को संतुष्ट कर लें।

– संपादक


# लोकतंत्र देश की सबसे अच्छी व्यवस्था: राज्यपाल

## ■ संविधान हत्या दिवस के मौके पर राजभवन में कार्यक्रम

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि लोकतंत्र देश की सबसे अच्छी व्यवस्था है। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में लोकतंत्र ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वर्तमान में भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। भारत के इस तीव्र विकास में लोकतंत्र ने अपना महत्व उजागर किया है। हम



सभी मिलकर यह सुनिश्चित करें कि भारतीय परंपरा में निहित लोकतंत्र अक्षुण्ण रहे। वे आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर संविधान हत्या दिवस के मौके पर राजभवन के दरबार हाल में लोकतंत्र सेनानियों के सम्मान समारोह में बोल रहे थे।

**देश पर थोपा गया आपातकाल**

इस मौके पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, विधान परिषद की उपसभापति डॉ. नीलम गोरे, कौशल्य विकास मंत्री मंगल प्रभात लोढा, सांस्कृतिक कार्यमंत्री आशीष शेलार, आदिवासी विकास मंत्री अशोक उइके उपस्थित थे। राज्यपाल ने आपातकाल को हर भारतीय के दिल में दर्द बताते हुए कहा कि देश पर आपातकाल थोपा गया था। इस दौरान देश विरोधी गतिविधियां चलाई गईं। आपातकाल का विरोध करने वाले को जेल में डाल दिया गया। उस दौरान नागरिकों को असहनीय अत्याचार सहना पड़ा। राज्यपाल ने कहा कि हमारे विचारों, कार्यों और भविष्य की योजनाओं में राष्ट्र सर्वप्रथम होना चाहिए। हमें अपने लिए नहीं, बल्कि राष्ट्र के लिए जीना चाहिए। दूसरों के लिए जीना चाहिए, यही भारतीय लोकतंत्र का मंत्र है।

### लोकतंत्र को कोई खत्म नहीं कर सकता: फडणवीस

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र पर हमला करने का एक प्रयास था। हालांकि, लोकतंत्र सेनानियों ने बड़ी लड़ाई लड़ी और इस प्रयास को विफल कर दिया। इसके लिए सेनानियों को बहुत संघर्ष करना पड़ा। सरकार इन लोकतंत्र सेनानियों को सम्मान और कृतज्ञता के साथ मानदेय देकर उनका कर्ज चुकाने का प्रयास कर रही है। हर भारतीय के मन में मजबूत लोकतंत्र के बीज बोए गए हैं इसलिए आपातकाल ने सेनानियों का किसी भी तरह का मानसिक पतन नहीं किया। उन्होंने कहा कि आपातकाल संविधान की हत्या का पाप बन गया। 42वां संविधान संशोधन संविधान की आत्मा को ही खत्म करने का प्रयास था। मौलिक अधिकारों को समाप्त कर दिया गया और मार्गदर्शक सिद्धांतों को महत्व दिया गया।

# कमाई करने के लिए मनपा ने अपने दो भूखंड बेचे

### वर्ली अस्फाल्ट प्लांट और क्राफर्ड मार्केट की जमीन से इकट्ठा किए 1,248 करोड़

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

मनपा प्रशासन ने अपने प्रोजेक्ट पूरा करने और अपनी कमाई बढ़ने के लिए अपने भूखंड बेचने की शुरुआत कर दी है। मनपा ने दोनों भूखंड बेचकर 1,248 करोड़ कमाई की है। मनपा प्रशासन इस समय लगभग पौने दो लाख करोड़ के प्रोजेक्ट कर रही है। मनपा के पास प्रोजेक्ट पूरा करने के लिए पैसे नहीं हो पा रहे हैं। मनपा इसी के चलते अब अपने भूखंड बेचने की शुरुआत कर दी है। मनपा ने वर्ली अस्फाल्ट प्लांट, क्रॉफर्ड मार्केट की शिवाजी मंडई और मलबार हिल का एक भूखंड बेचने के लिए निविदा निकली थी। मलबार हिल का भूखंड बेस्ट



के लिए आरक्षित होने के कारण मनपा ने मलबार हिल का भूखंड बेचने से रोक दिया। मनपा ने इसके इसके बाद वर्ली और क्राफर्ड मार्केट की जमीन बेचने का निर्णय लिया। मनपा को इस भूखंड को बेचने के लिए आठ महीने का समय लगा। मनपा ने वर्ली स्थित डामर प्रकल्प (अस्फाल्ट प्लांट) की जमीन 879 करोड़ रुपए में नीलाम हुई, जबकि क्रॉफर्ड मार्केट के पास पलटन रोड पर स्थित जमीन 369 करोड़ रुपए में बिकी की। मनपा उपायुक्त संजोग कबरे ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और सेंट्रल रेलवे ने जमीन खरीदने में रुचि दिखाई थी, लेकिन उन्होंने नीलामी में हिस्सा नहीं लिया। क्राफर्ड मार्केट प्लाट का कुछ हिस्सा मध्य रेलवे ने ब्रिज बनाने के लिए मांगा था। उन्होंने बताया कि नीलामी प्रक्रिया सभी नियमों का पालन करते हुए पूरी की गई। इसमें सार्वजनिक विज्ञापन और निविदा आमंत्रण शामिल था। पलटन रोड की जमीन को 369 करोड़ रुपए में 'आवा डेवेलपर्स एलएलपी' ने खरीदा, जबकि वर्ली अस्फाल्ट प्लांट की जमीन 'इंडिवारा डेवेलपर्स' ने 879 करोड़ रुपए में हासिल की।

# राज्यसभा के डिप्टी स्पीकर हरिवंश का सम्मान

**मुंबई।** जाने-माने कलमकार, पत्रकार और वर्तमान में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश का मुंबई आगमन पर ताजमहल होटल में सम्मान किया गया। उल्लेखनीय है कि हरिवंश टाइम्स ऑफ इंडिया की पत्रिका 'धर्मयुग' में उपसंपादक रहे हैं। उनके सम्मान की रुपरेखा उनके कई वर्ष बाद 'धर्मयुग' में ही उपसंपादक रहे अभिलाष अवस्थी ने बनायी। हरिवंश के सम्मान समारोह में दीनदयाल मुरारका अपने ट्रस्ट के तमाम मित्रों के साथ उपस्थित रहे और पुष्पगुच्छ,नारियल से उनका सम्मान किया। कोठारी फिल्म्स के चेयरमैन गनपत कोठारी ने एक अभिमंत्रित स्मृति चिन्ह उन्हें भेंट किया। गजेन्द्र राजस्थानी, और आसरा फाउंडेशन के आशीष पाल समेत कई सामाजिक- सांस्कृतिक - साहित्यिक संस्थाओं के लोगों



ने शॉल और पुष्पगुच्छ से हरिवंश का स्वागत किया। हरिवंश और अभिलाष अवस्थी ने ' धर्मयुग' और उसके संपादक डॉ धर्मवीर भारती के संस्मरणों को साझा किया। अभिलाष अवस्थी ने अपना बहुचर्चित उपन्यास पीपल पर घोंसले नहीं होते। उन्हें समर्पित किया। दीनदयाल मुरारका ने अपनी किताबें उन्हें भेंट कीं। गनपत कोठारी ने हरिवंश जी के प्रति आभार प्रदर्शित किया।

# विवा ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

आर्थिक अपराध शाखा ने 30 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के मामले में विवा ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर मेहुल ठाकुर और दीपक ठाकुर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। जानकारी के अनुसार ये दोनों बहुजन विकास आघाड़ी के नेता हितेंद्र ठाकुर के रिश्तेदार हैं। यह मामला एन.एम. जोशी मार्ग पुलिस स्टेशन में भारतीय दंड संहिता की धारा 406 (विश्वासघात), 420 (धोखाधड़ी), 465, 467 (जालसाजी) और 34 (साझे इरादे से अपराध) के तहत दर्ज किया गया है। शिकायत पोद्दार ग्रुप के एमडी रोहिताश्व पोद्दार ने दर्ज कराई है। उनके अनुसार, वर्ष 2012 में पोद्दार




और मेहुल ठाकुर ने मिलकर विवा पोद्दार हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड नामक एक संयुक्त कंपनी बनाई थी। ठाकुर ने पोद्दार को निवेश पर तीन गुना लाभ दिलाने का वादा किया था। इसी भरोसे पर वसई और विरार में 75 एकड़ जमीन खरीदने के लिए 56 करोड़ रुपए के सौदे की योजना बनाई गई। इस सौदे के लिए पोद्दार ने नई कंपनी में 30 करोड़ रुपए का निवेश किया। लेकिन आरोप है कि मेहुल ठाकुर ने फर्जी बोर्ड प्रस्ताव तैयार कर खुद को कंपनी का एकमात्र अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता घोषित कर लिया और पूरी राशि विवा होल्डिंग्स नामक अन्य कंपनी में स्थानांतरित कर दी। जब पोद्दार ने इस पर आपत्ति जताई,तो उन्हें धमकाया गया और पैसे लौटाने से इनकार कर दिया गया। गौरतलब है कि इससे पहले भी 2021 में मेहुल ठाकुर को प्रवर्तन निदेशालय ने एक अन्य मामले में गिरफ्तार किया था, जिसमें उन्हें 2023 में जमानत मिली थी। फिलहाल इस नए मामले की जांच आर्थिक अपराध शाखा कर रही है।

# पत्रकार विजय सिंह 'कौशिक' को बाबूराव विष्णू पराडकर पुरस्कार

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

महाराष्ट्र सरकार के सूचना व जनसंपर्क निदेशालय की ओर से प्रदान किए जाने पत्रकारिता पुरस्कारों की घोषणा कर दी गई है। वरिष्ठ पत्रकार व 'दैनिक भास्कर' मुंबई के स्थानीय संपादक विजय सिंह 'कौशिक' को राज्य स्तरीय बाबूराव विष्णू पराडकर पुरस्कार (हिंदी) वर्ष 2021 के लिए चुना गया है। मंगलवार को राज्य के सूचना और जनसंपर्क विभाग की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है। सिंह को इसके पहले वर्ष 2015 व 2016 में भी राज्य स्तरीय बाबूराव विष्णू पराडकर पुरस्कार तत्कालीन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के हाथों प्रदान किया गया था। अब फिर उन्हें



जल्द ही मुंबई में आयोजित होने वाले भव्य समारोह में मुख्यमंत्री के हाथों यह पुरस्कार दिया जाएगा। उन्हें पुरस्कार के रूप में 51 हजार रुपए, मानचिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

# 'मैं अपने देश की एकता के लिए प्राण दे दूंगा, लेकिन समझौता नहीं करूंगा'

## बांद्रा में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान को दी श्रद्धांजलि

**मुंबई।** जम्मू कश्मीर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुनीलकुमार शर्मा ने कहा कि जम्मू कश्मीर के हालात तेज़ी से सुधरे हैं। धारा 370 व 35 ए के हटने के बाद लोग देश की मुख्य धारा में आये हैं। अलगाववादी शक्तियों ने घुटने टेकें हैं, यह डॉ. मुखर्जी के विचारों की जीत है। वे रविवार को मुंबई में हुए एक समारोह में अपने सत्कार का उत्तर दे रहे थे।

मुंबई भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष अमरजीत मिश्र की संस्था दीप कमल फाउंडेशन द्वारा आयोजित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस के 17वें आयोजन पर एक भावनात्मक, प्रेरणास्पद और देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई , जो लंबे समय तक दर्शकों के मन में अमिट छाप छोड़ गई। मुंबई की सांस्कृतिक और राष्ट्रभक्ति की भूमि ने एक बार फिर उस संकल्प को श्रद्धांजलि दी, जिसने जम्मू-कश्मीर को अखंड भारत का हिस्सा बनाए रखने की नींव रखी थी।

कार्यक्रम में जम्मू-कश्मीर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष




सुनिलकुमार शर्मा को डॉ. मुखर्जी स्मृति सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान उन्हें उनके अथक राष्ट्रसेवा, विचारशील नेतृत्व और जम्मू-कश्मीर में भारतीय संविधान की भावना को आगे बढ़ाने हेतु प्रदान किया गया। अपने उद्बोधन में शर्मा ने कहा, 'डॉ. मुखर्जी का बलिदान केवल एक व्यक्ति का त्याग नहीं, बल्कि भारत के स्वाभिमान और संप्रभुता की रक्षा के लिए था। हम उनके संकल्प को नमन करते हैं।' कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा एक भावनात्मक और सारगर्भित नाटक, जो डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन, संघर्ष और बलिदान को मंच पर जीवंत कर गया। कलाकारों ने जब डॉ. मुखर्जी का अंतिम संवाद बोला ,"मैं अपने देश की एकता के लिए प्राण दूंगा, लेकिन समझौता नहीं करूंगा" तो पूरे हॉल में सन्नाटा और उसके बाद एक लंबा, गूंजता हुआ देशभक्ति से भरा तालियों का तूफान छा गया। इस कार्यक्रम की गरिमा और गहराई को और भी बढ़ाया महाराष्ट्र सरकार के सांस्कृतिक कार्य व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री आशीष शेलार की उपस्थिति ने,उन्होंने कहा, "मुंबई की यह मिट्टी केवल व्यापार की ही नहीं, बल्कि विचारों की भी राजधानी है। जब विचार राष्ट्रहित के होते हैं, तो बलिदान स्मरणीय बनते हैं।" मुंबई भाजपा के उपाध्यक्ष अमरजीत मिश्र ने कहा कि लगातार 17 वर्षों से यह आयोजन राष्ट्र भक्ति की भावना, गरिमा और निष्ठा के भाव के साथ किया जा रहा है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान हमारे लिए केवल इतिहास नहीं, बल्कि प्रेरणा का स्रोत है। आयोजन में पूर्व विधायक सुनील राणे, ज़िलाध्यक्ष शलाका सालवी, वीरेंद्र म्हात्रे, ज्ञानमूर्ति शर्मा आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।


**OFFICE OF THE ENGINEER IN CHIEF**
**PUBLIC WORKS DEPARTMENT, NAVA RAIPUR, ATAL NAGAR**
**(CENTRAL TENDER CELL) E-Procurement Tender Notice**
**Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

**Tenders are invited for the Following works:-**

| S. NO. | System Tender No./ Date | Name of Work | PAC Amount (Rupees in lacs) |
|---|---|---|---|
| 1 | 170109 First Call 16.06.2025 | CONSTRUCTION OF ADDITIONAL ROOM AT GOVT. MAHARSHI VED VYAS P.G. COLLEGE, BHAKHARA, I/C. ELECTRIFICATION WORK. DISTT. DHAMTARI(DHAMTARI DN.). | 205.88 |
| 2 | 170155 First Call 17.06.2025 | Construction of Bansula to Kapisda Road Length 3.00 Km. | 326.35 |
| 3 | 170156 First Call 17.06.2025 | 1. CONSTRUCTION OF TAPKARA BUS STAND TO GHUMRA APPROACH ROAD LENGTH 1.82 KM, DISTT.- JASHPUR (Work code-W29054) 2. CONSTRUCTION OF GADAKATA-DULDULA ROAD KM 10/4 (L) TO ROAD LENGTH 1.68 KM, DISTT. W29050) 3. GRAM RAJOUTI APPROACH JASHPUR (Work code -CONSTRUCTION OF PATRATOLI CHOWK (KERASAI) TO GORIYAGHAT APPROACH ROAD LENGTH 1.60 KM, DISTT. JASHPUR (Work code - W29073). | 501.47 |
| 4 | 170165 First Call 17.06.2025 | CONSTRUCTION OF GRAM PANCHAYT MUDABAHLA IN KARRAJOR VIA BARPARA DHANUPARA TO KADRO ROAD WITH CULVERT LENGTH 5.30 KM DISTT- JASHPUR (C.G.) (Work code -W27904). | 615.91 |
| 5 | 170222 (Fourth Call) 18.06.2025 | RECONSTRUCTION WORK OF HIGH LEVEL BRIDGE ON RAIGARH BY PASS GOVERDHANPUR-RAMPUR ROAD ACROSS KELO RIVER. | 235.75 |
| 6 | 170223 (6th Call) 18.06.2023 | CONSTRUCTION OF (BALANCE WORK) KUENAR VIA. ERAMNAR TO TOYNAR ROAD FROM KM 1 TO 11/6, LENGTH = 10.50KM (CGRIDCL WORK) BLOCK -BIJAPUR DISTT. BIJAPUR (C.G.). | 640.13 |
| 7 | 170224 (Second Call) 18.06.2025 | CONSTRUCTION OF HETHGHICHA TO CHATABAR ROAD, LENGTH 3.65 KM, DISTT-JASHPUR (Work code - W27882). | 433.08 |
| 8 | 170225 (Second Call) 18.06.2025 | Construction of 06 Nos. Barrack (Factory Barrack (G.F./F.F./& II F. High Cell Barrack) i/c Electrification work at Central Jail Jagdalpur (Balance Work). (Work code W23863). | 241.19 |
| 9 | 170265 Second Call 19.06.2025 | Construction of Lalpur Kala to Dhobhaghatti Bridge Road Length 1.20 km. | 213.40 |
| 10 | 170271 First Call 19.06.2025 | CONSTRUCTION OF GOVT. NARAYAN RAO MEGHAWALE GIRLS COLLEGE HOSTEL BUILDING I/C.ELECTRIFICATION WORK AT DISTT. DHAMTARI (DHAMTARI DN.).. | 269.37 |

Last Date of Tender Downloading S.No. 05 To S.No. 06 date 30.06.2025, S.No. 07 To S.No. 09 date 07.07.2025, S.No. 10 date 11.07.2025. Other Tenders Date are Schedule as date 08.07.2025, For more details on the tender and bidding process please visit the above mentioned portal.

**Sd/-**
**Chief Engineer**
**(Central Tender Cell)**
**Office Of Engineer In Chief**
**P.W.D. Nava Raipur Atal Nagar**

**G-252601784/9**


# प्रभाकर चंद्रशेखर शुक्ल को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया

**मुंबई।** श्री रामलीला उत्सव समिति पार्क साईट की वार्षिक सभा 22 जून रविवार को रेखा अपार्टमेंट अमृतनगर घाटकोपर वेस्ट मुंबई में रखी गई,जिसमें समिति के पूर्व अध्यक्ष स्व.चंद्रशेखर शुक्ल और विमान हादसे में मारे गए दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई। तत्पश्चात प्रभाकर चंद्रशेखर शुक्ल को समिति का पुनः दूसरी बार सर्वसम्मति



से निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया तथा समिति के अन्य पदाधिकारी यथावत बने रहने का जोरदार समर्थन हुआ। और गत वर्ष का आय व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। नव नियुक्त अध्यक्ष प्रभाकर शुक्ल का समिति के रामबिलास पाठक,दिवाकर मिश्र, श्रीनाथ पांडेय, आदेश मिश्र,दलजीत पांडेय,सर्वदेव पांडेय,विमलेश मिश्र,रत्नेश शुक्ल,बृजेश शुक्ल,दिनेश सिंह,अरविंद शुक्ल,राजन सिंह,अनिल सिंह,शुभम सिंह,ब्रह्मदेव दुबे,राजेश सिंह,अवधेश तिवारी,रामतीरथ शर्मा,मोहन श्रीवास्तव,संदीप दुबे, नीरज शुक्ला, राजीव पांडेय,शैलेन्द्र गुप्ता,प्रेम तिवारी,तपस्वी चौरसिया, रमापति यादव,राजेश पांडेय,सुधाकर मिश्र संजय मिश्रा सहित उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया।


**सिडको**
शहर बनाए, शहर बसाए

**बोली आमंत्रण सूचना**

**तीन वर्षों की अवधि हेतु तारघर रेलवे स्टेशन पर प्रदान किए गए विद्युत अधिष्ठापनों का संचालन और अनुरक्षण (2रा बुलावा)**

सिडको ऑफ महाराष्ट्र लिमिटेड की ओर से निम्ननिर्दिष्ट कार्य हेतु सिडको लि. के साथ श्रेणी ए अंतर्गत पंजीकृत अथवा केंद्र सरकार के साथ अथवा महाराष्ट्र राज्य सरकार तथा उसके उपक्रमों के साथ विद्युत पंजीकरण की समुचित श्रेणी में पंजीकृत अनुभवी संभावित बोलीकर्ताओं, समान प्रकार के कार्य निष्पादित किए हों और जो समस्त अनिवार्य पात्रता मापदंडों की पूर्ति करते हों, ऐसे लाइसेंसधारक विद्युत ठेकेदारों से ई–निविदा प्रक्रिया के जरिए ऑनलाइन आइटम दर प्रतिशत निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं :

**1. कार्य का नाम : तीन वर्षों की अवधि हेतु तारघर रेलवे स्टेशन पर प्रदान किए गए विद्युत अधिष्ठापनों का संचालन और अनुरक्षण (2रा बुलावा).** **2. सी. ए. क्र.** : 04/सिडको/ईई (इलेक्ट–एचएसजी) /आरपी)/2025–26. **3. अनुमानित लागत** : ₹ 41,86,080.00 (जीएसटी छोड़कर) . **4. ईएमडी** : ₹ 41,900.00. **5. पंजीकरण श्रेणी** : ए (विद्युत). **6. समापन अवधि** : 1095 (एक हजार पंचानबे) दिवस (मानसून सहित). **7. निविदा प्रक्रिया शुल्क** : ₹ 1,180/– (रुपए एक हजार एक सौ अस्सी मात्र) (अप्रतिदेय) (18%जीएसटी सहित) (1000/– बोली लागत + 900% – 18% जीएसटी हेतु)

बोली कार्यक्रम के साथ बोली दस्तावेज वेबसाइट **https://mahatenders.gov.in** पर दि. 27.06.2025 को 17.01 बजे से उपलब्ध होंगे.

**अधीक्षक अभियंता**
**(इलेक्ट–प्रोजे.)**

CIN - U99999 MH 1970 SGC-014574
www.cidco.maharashtra.gov.in
सिडको/जनसंपर्क/१३१/२०२५–२६


# उल्हासनगर मनपा मुख्यालय इमारत निर्माण के लिये 50 करोड़ की मंजूरी

**उल्हासनगर।** तत्कालीन मनपा आयुक्त विकास ढाकने ने शहर विकास के साथ उल्हासनगर मनपा की नगरपालिका कार्यकाल में बनाई गई मनपा मुख्यालय की इमारत को बनाने को लेकर इमारत प्रोजेक्ट के साथ शासन को प्रस्ताव भेजा था। उनका ट्रांसफर होने के बाद नई इमारत बनाने का मामला ठंडे बस्ते में चला गया था,उन्होंने जून 2025 से मनपा मुख्यालय के इमारत को बनाने की पहल शुरू की थी। वही उनके अधूरे कार्य को कल्याण लोकसभा सांसद श्रीकांत एकनाथ शिंदे ने पहल कर पूरा करने में लग गये हैं। सांसद श्रीकांत शिंदे के प्रयास से उल्हासनगर महापालिका मुख्यालय की प्रशासनिक इमारत के पुनर्निर्माण का रास्ता




साफ हो गया है। सांसद डॉ. शिंदे के लगातार प्रयासों के बाद, राज्य के नगर विकास विभाग ने उल्हासनगर महापालिका की प्रशासनिक इमारत के लिए पहले चरण में 50 करोड़ का फंड मंजूर किया है। यह फंड महापालिका क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए विशेष प्रावधान के तहत स्वीकृत किया गया है, यह फंड का पहला चरण है, और भविष्य में भी अतिरिक्त फंड उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे उल्हासनगर महापालिका की नई प्रशासनिक इमारत का निर्माण संभव हो सकेगा,उल्हासनगर शहर को छोटे और बड़े उद्योगों का गढ़ माना जाता है, यह ठाणे जिले का एक बड़ा थोक और खुदरा बाजार है, जहाँ प्रतिदिन हजारों व्यापारी और ग्राहक आते-जाते रहते हैं।

# परे द्वारा दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का उकाई सोनगढ़ स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन संख्या 09079/09080 और ट्रेन संख्या 09081/09082 उधना-मिरज आषाढ़ी एकादशी स्पेशल को उकाई सोनगढ़ स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया जाएगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इन ट्रेनों का विवरण इस प्रकार है। 1.04 जुलाई को उधना स्टेशन से प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 09079 उधना – मिरज स्पेशल को उकाई सोनगढ़ स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है। यह ट्रेन 12.45 बजे उकाई सोनगढ़ स्टेशन पहुंचेगी और 12.47 बजे प्रस्थान करेगी।



इसी तरह, 05 जुलाई, 2025 को मिरज स्टेशन से प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 09080 मिरज–उधना स्पेशल को उकाई सोनगढ़ स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है। यह ट्रेन उकाई सोनगढ़ स्टेशन पर 02.30 बजे पहुंचेगी और 02.32 बजे प्रस्थान करेगी।

2.05 जुलाई को उधना से प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 09081 उधना – मिरज स्पेशल को उकाई सोनगढ़ स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है। यह ट्रेन 12.45 बजे उकाई सोनगढ़ स्टेशन पर पहुंचेगी और 12.47 बजे प्रस्थान करेगी। इसी तरह, 06 जुलाई, 2025 को मिरज स्टेशन से प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 09082 मिरज–उधना स्पेशल को उकाई सोनगढ़ स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है। यह ट्रेन उकाई सोनगढ़ स्टेशन पर 02.30 बजे पहुंचेगी और 02.32 बजे प्रस्थान करेगी। ट्रेनों से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# महाराष्ट्र आईएसआई मॉड्यूल का प्रमुख साकिब नाचन की हालत नाजुक

**मुंबई।** वर्ष 2023 में आईएसआईएस से संबंधों के आरोप में गिरफ्तार किए गए साकिब नाचन की तबीयत बिगड़ गई है। एनआईए सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, साकिब को ब्रेन हैमरेज हुआ है और वर्तमान में उसे दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। एनआईए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पुष्टि की कि साकिब का इलाज जारी है और उस पर लगातार चिकित्सकों की निगरानी बनी हुई है। उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए, मुंबई से सटे ठाणे जिले के पड़घा गांव जो साकिब का पैतृक निवास है, वहां सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। बोरीवली गांव क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

# उपचुनाव के परिणामों के सियासी मायने

बिहार विधान सभा चुनावों से ठीक पहले देश के चार प्रमुख राज्यों-पंजाब,गुजरात,पश्चिम बंगाल व केरल के 5 सीटों पर हुए उपचुनाव के आए परिणामों में जहां आप व टीएमसी को खुशी मिली है, वहीं कांग्रेस-भाजपा को सुकून के साथ साथ रणनीतिक झटका भी लगा है, लेकिन माकपा को करारी मात मिली है। उपचुनाव परिणाम इस बात की चुगली करते हैं कि जहां आप को उम्मीदों के विपरीत पंजाब और गुजरात में एक-एक सीट पर जबर्दस्त पुनः वापसी जीत मिली है,वहीं केरल में कांग्रेस को एक सीट नई मिलने से वहां उसकी स्थिति मजबूत हुई है। इधर,पश्चिम बंगाल में टीएमसी को भी एक जीती हुई सीट पुनः मिलने से जहां उसका सियासी दबदबा बरकरार है,वहीं गुजरात में भाजपा को महज एक सीट पर जीत मिली जो उसकी जीती हुई सीट है लेकिन केंद्र व राज्य में भाजपा की सत्ता होने के बावजूद वह यहां की दूसरी सीट आप से झटक नहीं सकी जिससे उसका कब्जा बरकरार रहा है। इससे साफ है कि गुजरात में कांग्रेस की जगह आप भी भाजपा की मुख्य प्रतिद्वंद्वी बन सकती है। देखा जाए तो केरल के नीलांबुर सीट को छोड़कर अन्य तीन राज्यों में कोई भी पार्टी एक-दूसरे से सीट नहीं छीन सकी है। कहने का तातपर्य यह कि जिसका पहले विधायक था,उसी के प्रत्याशी जीते हैं। गौरतलब है कि इन सभी राज्यों में अगले साल विधानसभा चुनाव होंगे। पंजाब के लुधियाना वेस्ट से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार संजीव अरोड़ा ने तमाम समीकरणों को दरकिनार करते हुए 10,637 वोटों से जीत दर्ज की है। वहीं, केरल में कांग्रेस ने लेफ्ट से नीलांबुर सीट छीन ली जो उसके बढ़ते वर्चस्व का तकाजा है। पश्चिम बंगाल की कालीगंज सीट से तृणमूल कांग्रेस की अलिफा अहमद ने कब्जा किया है। वहीं, भाजपा के खाते में गुजरात की कडी सीट आई जहां से पार्टी के उम्मीदवार राजेंद्र कुमार चावड़ा उर्फ राजूभाई जीत गए हालांकि, सूबाई सत्ता में रहने के बावजूद भाजपा राज्य की दूसरी सीट विसावदर को नहीं हथिया पाई क्योंकि यहां पर आप के गोपाल इटालिया ने कब्जा किया। इस प्रकार इस उपचुनाव में जहां आप का स्कोर दो रहा, वहीं बीजेपी, कांग्रेस और टीएमसी का स्कोर एक-एक रहा। यह आप के लिए सुकून की बात है जिसका सियासी ग्राफ दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद तेजी से गिरता जा रहा है। केरल में कांग्रेस की उम्मीद बढ़ने से सीपीएम को झटका लगा है। यह ठीक है कि कांग्रेस पंजाब और गुजरात के एक-एक सीट पर दूसरे स्थान पर रही जबकि बीजेपी पश्चिम बंगाल और गुजरात की विसावदर में दूसरे स्थान पर रही। वहीं,केरल में नीलांबुर सीट गंवाने वाली सीपीएम भी दूसरे स्थान पर यानी रनर अप रही। लिहाजा इस उपचुनाव के नतीजों ने जहां कांग्रेस को गुजरात में झटका दिया,वहीं केरल और पंजाब में कुछ उम्मीद लेकर आई है। बता दें कि केरल के नीलांबुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस उम्मीदवार आर्यदान शौकत ने सीपीएम के एम स्वराज को लगभग 10,000 वोटों से हराया। यह क्षेत्र उसी वायनाड लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है, जहां से प्रियंका गांधी सांसद हैं। लिहाजा उनके लिए भी यह सुकून की बात है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ने इस उपचुनाव को मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के नौ साल के शासन के खिलाफ जनादेश के रूप में पेश किया था। चूंकि साल 2026 में केरल में विधानसभा चुनाव होने हैं, इसलिए यह रिजल्ट सीएम पिनाराई विजयन के लिए खतरे की घंटी की तरह है। आपको पता होगा कि अगले साल पश्चिम बंगाल, गुजरात, केरल और तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव होंगे। लिहाजा इससे पहले हुए इस उपचुनाव में आम आदमी पार्टी ने राहत की सांस ली है क्योंकि आप ने पंजाब और गुजरात में पिछले चुनाव में जीती गई दोनों सीटों पर कब्जा बरकरार रखने में कामयाबी पाई है जबकि उपचुनाव से पहले लुधियाना वेस्ट विधानसभा सीट को विपक्ष ने आप के लिए बड़ी चुनौती खड़ी कर दी थी लेकिन कड़े मुकाबले में आप के संजीव अरोड़ा कांग्रेस के भारतभूषण आशु को हराया हालांकि आप की इस जीत में बीजेपी का योगदान रहा जिसके उम्मीदवार जीवन गुप्ता को 20323 वोट मिले। वहीं, इस जीत के बाद अरविंद केजरीवाल के राज्यसभा में जाने का रास्ता साफ हो गया है जो दिल्ली विधानसभा चुनाव में हार के बाद से गायब थे हालांकि उन्होंने घोषणा की है कि वो राज्यसभा नहीं जाएंगे। इसलिए समझा जा रहा है कि दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को वह राज्यसभा भेज सकते हैं। केजरीवाल ने कहा है कि इस बात का अंतिम फैसला पीएसी ही करेगी। वहीं, पश्चिम बंगाल की कालीगंज विधानसभा सीट तृणमूल कांग्रेस के खाते में गई है, जहां पर बीजेपी के आशीष घोष टीएमसी कैंडिडेट अलीफा अहमद से करीब 50 हजार वोटों से हार गए। इस सीट पर कांग्रेस ने मुस्लिम कैंडिडेट कबीलुद्दीन शेख को उतारा था लेकिन उन्हें 28251 वोट मिले और वह तीसरे पायदान पर रहे। इससे साफ है कि इस चुनाव में भी मुस्लिम वोटरों ने टीएमसी को लिए वोट किया। लिहाजा अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले इस रिजल्ट को वोटिंग पैटर्न का ट्रेलर माना जा रहा है। जानकार बताते हैं कि यदि यह पैटर्न दोहराया गया तो मुस्लिम वोट टीएमसी के खाते में रहेगा और चुनाव में उसका मुख्य मुकाबला बीजेपी से होगा। इस प्रकार से बंगाल में कमजोर हो रही कांग्रेस के लिए यह परिणाम खतरे की घंटी है। वहीं, गुजरात में बीजेपी ने एक सीट जीती, जबकि दूसरे पर दूसरे स्थान पर यानी रनर अप रही। यहां आप विधायक गोपाल इटालिया की जीत से भाजपा की टेंशन बढ़ सकती है, क्योंकि वह राज्य में पार्टी के प्रभारी हैं। यह जीत आम आदमी पार्टी के कैडर का हौसला भी बुलंद कर सकती है। इससे साफ है कि गुजरात में नुकसान कांग्रेस को हुआ है, जहां राहुल गांधी नए सिरे से पार्टी को संवारने में जुटे हैं। वहीं इस चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी सिर्फ कडी विधानसभा सीट पर मुकाबले में आए, लेकिन 39452 वोटों के भारी अंतर से हार गए।


कटाक्ष | सुरेश मिश्र

*किरकेट में हम पिट गए, जीते भाला फेंक*
*इस पर भी कुछ लोग अब, रहे रोटियां सेंक*
*रहे रोटियां सेंक, ट्रंप लग जायं किनारे*
*नहीं फेंकने में मुकाबला अपना प्यारे*
*कह सुरेश हम बतियां फेंकें जैसे जेट में*
*बोलर झोलर निकले पिट गै हम किरकेट में*

# क्या भारत सिंधु जल समझौता रद्द करने वाला है

इस समझौते को निलंबित करने से पाकिस्तान बहुत परेशान है, इसलिए उसके नेताओं के बयान आ रहे हैं कि अगर भारत ने पाकिस्तान की नदियों का पानी रोका तो पाकिस्तान युद्ध के लिए मजबूर हो जायेगा। भारत सरकार ने पाकिस्तान को स्पष्ट रूप से बता दिया है कि जब तक पाकिस्तान की तरफ से आतंकवाद पर लगाम नहीं लगाई जाती, तब तक इस समझौते पर कोई बात नहीं होगी।

बार-बार मोदी सरकार की तरफ से यह बयान आता रहता है कि ऑपरेशन सिंदूर जारी है, सिर्फ उसे रोका गया है। सवाल यह है कि बार-बार मोदी सरकार के मंत्री और नेता ऐसा बयान क्यों दे रहे हैं। इसकी वजह यह है कि सिंधु जल समझौता निलंबित करना भी ऑपरेशन सिंदूर का हिस्सा है और ये लगातार जारी है। इस समझौते को निलंबित करने से पाकिस्तान बहुत परेशान है इसलिए उसके नेताओं के बयान आ रहे हैं कि अगर भारत ने पाकिस्तान की नदियों का पानी रोका तो पाकिस्तान युद्ध के लिए मजबूर हो जायेगा। भारत सरकार ने पाकिस्तान को स्पष्ट रूप से बता दिया है कि जब तक पाकिस्तान की तरफ से आतंकवाद पर लगाम नहीं लगाई जाती, तब तक इस समझौते पर कोई बात नहीं होगी। पाकिस्तान सिंधु जल समझौते को बहाल करने के लिए विभिन्न देशों से गुहार लगा रहा है लेकिन भारत इस मुद्दे पर किसी की सुनने को तैयार नहीं है। अमेरिका और चीन भी इस मुद्दे पर पाकिस्तान के किसी काम नहीं आ रहे हैं । शनिवार को गृहमंत्री अमित शाह ने बयान दिया है कि भारत सिंधु जल समझौते का निलंबन अब वापिस नहीं लेगा । उन्होंने इशारा कर दिया है कि भारत इस समझौते को हमेशा के लिए रद्द करने जा रहा है। इससे पूरा पाकिस्तान बौखला गया है। पाकिस्तान के नेता बिलावल भुट्टो ने बयान दिया है कि अगर भारत पाकिस्तान को पानी नहीं देता है तो पाकिस्तान भारत से जंग करेगा और तीन नहीं बल्कि छह नदियों का पानी हासिल कर लेगा। सिंधु जल समझौता विश्व बैंक की मध्यस्थता से भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु नदी और उसकी सहायक नदियों के पानी के बंटवारे को लेकर किया गया था । 19 सितम्बर 1960 को कराची में प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूब खान ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किये थे। इस समझौते के तहत सिंधु नदी और उसकी पांच सहायक नदियों सतलुज, ब्यास, रावी, झेलम और चिनाब के पानी को लेकर दोनों देशों ने एक व्यवस्था तैयार की थी । इस समझौते के तहत दोनों देशों ने आपसी सहयोग और सूचना का आदान-प्रदान करने की बात कही थी । इस समझौते के अनुसार सतलुज, ब्यास और रावी का पानी भारत को आवंटित कर दिया गया था और पाकिस्तान को सिंधु, झेलम और चिनाब नदी का 80 प्रतिशत पानी आवंटित किया गया था । देखा जाये तो यह समझौता पूरी तरह से पाकिस्तान के पक्ष में था और भारत को इसका बड़ा नुकसान हुआ। वास्तव में भारत को जिन नदियों का पानी दिया गया उनका पाकिस्तान से कोई सम्बन्ध नहीं था । भारत में ही बहने वाली नदियों का पानी भारत को इस्तेमाल करने के लिए किसी समझौते की जरूरत नहीं थी । जो नदियां भारत की थी, उनका इस्तेमाल तो भारत को ही करना था । समझौता मुख्य रूप से सिंधु, झेलम और चिनाब नदी को लेकर किया गया था । सवाल यह है कि जिन नदियों पर भारत-पाकिस्तान का सांझा अधिकार था, वहां भारत के अधिकार की अनदेखी करते हुए तत्कालीन नेहरू सरकार ने 80 प्रतिशत पानी को पाकिस्तान के हवाले क्यों कर दिया । जब यह समझौता किया गया तो भारत में इसका जबरदस्त विरोध हुआ था लेकिन नेहरू जी ने किसी की नहीं सुनी । वास्तव में नेहरू जी चाहते थे कि पड़ोसी देश होने के कारण



पाकिस्तान के साथ बेहतर संबंध बने रहे, इसलिए उन्होंने यह समझौता किया । वो शायद सोच रहे थे कि पाकिस्तान को फायदा पहुंचा कर उसे खुश कर देंगे और वो भारत के साथ बेहतर संबंध रखेगा । यही सोच उनकी चीन को लेकर भी थी. उसे उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद की स्थायी सीट थाली में सजाकर दे दी थी । जब अमेरिका द्वारा यह सीट भारत को देने की पेशकश की गई तो उन्होंने चीन को इसके लिए ज्यादा योग्य माना और उसके लिए सिफारिश कर दी । आज भारत इस सीट को पाने के लिए गली-गली भटक रहा है । चीन को खुश करने के लिए ही नेहरू जी ने उसे तिब्बत पर कब्जा करने दिया ताकि वो खुश रहे लेकिन उस चीन ने भारत पर आक्रमण करके भारत की जमीन पर भी कब्जा कर लिया । ऐसे ही सिंधु जल समझौते के तहत भारत ने सांझी नदियों का 80 प्रतिशत पानी पाकिस्तान को दे दिया । हैरानी की बात यह है कि भारत ने अपने हिस्से का 20 प्रतिशत पानी भी पाकिस्तान की तरफ जाने दिया । इसके बावजूद पाकिस्तान ने समझौता होने के बाद भारत पर तीन बार युद्ध थोप दिया है । इसके अलावा पाकिस्तान पिछले 45 सालों से भारत को आतंकवाद की आग में जला रहा है । पंजाब में ऐसी आग लगाई कि वो भारत से अलग होते-होते बचा । पाकिस्तान की लगाई आग में जम्मू-कश्मीर अभी तक जल रहा है । इसके अलावा पाकिस्तान भारत के शत्रु राष्ट्रों के साथ मिलकर नई-नई साजिशें करता रहता है । हम अपनी तरफ से इस समझौते का पूरा पालन करते आ रहे हैं लेकिन पाकिस्तान ने इस समझौते का कभी पालन नहीं किया । इस समझौते का आधार ही यही था कि दोनों देश आपस में प्रेम पूर्वक रहेंगे । पाकिस्तान ने इन नदियों के पानी पर अपना पूरा हक मान लिया है इसलिए उसे लगता है कि वो कुछ भी करता रहे, भारत इस समझौते से पीछे हटने वाला नहीं है । इसकी वजह शायद यह है कि तीन युद्धों के अलावा उसके द्वारा फैलाये जा रहे आतंकवाद को अनदेखा करते हुए हम इस समझौते का पालन पूरी ईमानदारी से करते आ रहे हैं । एक सच यह भी है कि इतना पुराना समझौता दो देशों के बीच नहीं टिकता. 65 साल बाद इस समझौते पर दोबारा विचार करने की जरूरत तो वैसे भी महसूस की जा रही थी। मोदी सरकार पाकिस्तान को इस बारे में कई बार सूचित कर चुकी है। 2014 के बाद मोदी सरकार के सत्ता में आने से माहौल बदल गया है । 2016 में उरी में आतंकवादी हमले के बाद ही मोदी जी ने पाकिस्तान को चेतावनी दे दी थी कि अगर पाकिस्तान नहीं संभला तो इस समझौते पर भारत सरकार पुनर्विचार कर सकती है । मोदी सरकार अच्छी तरह जानती थी कि इस समझौते का ज्यादा दिनों तक पालन करना संभव नहीं है, इसलिए इन नदियों का पानी भारत लाने की तैयारी 2016 के बाद से ही शुरू कर दी गई थी । 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले एक दिन बाद भारत सरकार ने इस समझौते को निलंबित करने का ऐलान कर दिया था और अभी तक उस पर कायम है। पाकिस्तान को लगा कि भारत के पास पानी रोकने की कोई व्यवस्था नहीं है इसलिए वो चुप रहा। अब उसे धीरे-धीरे पता चल गया है कि भारत इस समझौते को रद्द करके उसे बर्बाद करने की पूरी तैयारी कर चुका है।

**- राजेश कुमार पासी**

# सेवा की सरिता बना शहीदों का रक्त

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखाओं में गीत गाया जाता है 'सेवा है यज्ञकुण्ड, समिधा सम हम जलें', परन्तु मोगा का यह सेवा यज्ञकुण्ड कोई सामान्य नहीं बल्कि इसमें शहीद स्वयंसेवकों का खून भी हवन का घृत बन समाज में सेवा व बलिदान की अलख जला रहा है। आतंकियों के हाथों शहीद हुए स्वयंसेवकों के कई परिजन व संघ के स्वयंसेवक इस स्थान पर सेवा के अनेक प्रकल्प चला रहे हैं जिसको समाज का भी अप्रतिम सहयोग व स्नेह मिल रहा है। मोगा पीडित्त सहायता समिति के अध्यक्ष श्री अनिल बांसल हैं जिनके पिता श्री गजानन्द जी भी निहत्थे ही आतंकियों से लोहा लेते हुए शहीद हुए। इसके अतिरिक्त सचिव की जिम्मेवारी रामपाल गुप्ता व कोषाध्यक्ष की जिम्मेवारी हितेष गुप्ता जी सम्भाले हुए हैं। समिति के पूर्व अध्यक्ष राजेश पुरी जिनके पिता वेदप्रकाश पुरी भी शहीदों की सूची में शामिल हैं, ने बताया कि शहीदों का रक्त सेवा रूपी ज्योति में तेल सरीखा काम कर रहा है। शहीदों का स्वप्न को साकार करने व उनके दृष्टिकोण को मूर्त रूप प्रदान करने के लिए शहीदी पार्क पर सेवा के अनेक काम शुरू किए गए हैं। डॉ. राजेश पुरी ने बताया कि शहीदी स्मारक में संघ कार्यालय भी चल रहा है जो हमारे लिए प्रेरणापुंज है। समिति की ओर से यहां फिजियोथैरेपी केंद्र चलाया जा रहा है,जहां पर मात्र 70/- रुपए लेकर मरीजों का इलाज किया जाता है। केंद्र में संचालन के लिए एक फिजियोथैरेपिस्ट व एक सहायक की सहायता ली जा रही है। औसतन प्रतिदिन 8 से 10 लोग इस सेवा का लाभ उठा रहे हैं। शहीदी स्मारक में एक सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया है। दो मंजिला इस भवन में नीचे आयोजन के लिए और ऊपर खाने-पीने का सामान बनाने के लिए स्थान दिया गया है। इस सामुदायिक भवन में केवल सामाजिक, सांस्कृतिक व धार्मिक आयोजनों को ही अनुमति दी जाती है। इसके लिए नाम मात्र शुल्क लिया जाता है। स्मारक में एक वाचनालय की स्थापना की गई है। यहां पर दैनिक समाचारपत्रों के साथ-साथ अनेक पत्रिकाएं पढने




के लिए रखी जाती हैं। इसके अतिरिक्त सद्साहित्य भी पढने के लिए उपलब्ध करवाया जाता है। प्रतिदिन भारी संख्या में लोग यहां आते हैं। इस तरह यह वाचनालय सामाजिक चेतना का केंद्र बन रहा है। डॉ. राजेश पुरी ने बताया कि शहीदी पार्क में आने वालों व आसपास के लोगों के लिए दो वाटर कूलर स्थापित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त भी समय-समय पर समाज सेवा के अनेक प्रकल्प यहां चलाए जाते हैं। ज्ञात रहे कि पंजाब के मोगा शहर के इतिहास में 25 जून, 1989 को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा पर आतंकियों ने हमला कर 25 स्वयंसेवकों व नागरिकों को शहीद कर दिया था। सुबह के समय चहल-पहल के दौरान हुई इस घटना के बाद एक दम हर तरफ मातम पसर गया,जिसने आंखों से यह मंजर देखा, वह उसे आज तक नहीं भुला सका। डॉ. राजेश पुरी बताते हैं कि आतंकवादियों ने संघ का ध्वज उतारने के लिए कहा था पर स्वयंसेवकों ने ऐसा करने से साफ मना कर दिया और उनको रोकने का यत्न किया था पर किसी की बात न सुनते हुए आतंकवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करनी शुरू कर दी थी जिसमें 25 कीमती जानें गई थीं। इस घटना ने न केवल पंजाब में हिंदू-सिख एकता को नवजीवन दिया बल्कि आतंकवाद पर भी गहरी चोट की क्योंकि घटना के अगले ही दिन उस जगह दोबारा शाखा लगी जिससे आतंकियों के हौसले पस्त हो गए और हिंदू-सिख एकता जीत गई। 25 जून,1989 को शहीदी पार्क में भारी संख्या में शहर निवासी सैर के लिए आये थे। रोजाना की तरह उस दिन भी जहां शहरी पार्क में सैर का आनंद ले रहे थे, वहीं दूसरी तरफ संघ स्वयंसेवकों की शाखा भी लगी हुई थी। इस दिन शहर की सभी शाखाएं नेहरू पार्क में एक जगह पर लगी थीं और संघ का एकत्रीकरण था। सुबह 6 बजे संघ का कार्यक्रम शुरू हुआ तो अचानक 6.25 पर सभा को संबोधित कर रहे स्वयंसेवकों पर आतंकवादियों ने आकर हमला कर दिया। गोलियों की बरसात रुकने के बाद हर तरफ खून का तालाब दिखाई दे रहा था। घायल स्वयंसेवक तड़प रहे थे। गोलियां लगने के कारण कई स्वयंसेवकों के शरीर भी बेजान हो गये और कईयों ने अस्पताल में जाकर अंतिम सांस ली। इस गोली कांड के दौरान जहां 25 लोग शहीद हो गए, वहीं शाखा में शामिल लोगों के साथ आसपास के 31 के करीब लोग घायल भी हो गए। इस गोली कांड ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया लेकिन फिर भी संघ के स्वयंसेवकों ने हिम्मत नहीं छोड़ी और अगले ही दिन 26 जून, 1989 को फिर से शाखा लगाई। बाद में नेहरू पार्क का नाम बदल कर शहीदी पार्क कर दिया गया जो आज देशभक्तों के लिए तीर्थस्थान बना हुआ है।

**जो शहीद हुए :** इस गोली कांड में शहीद होने वालों में सर्वश्री लेखराज धवन,बाबू राम, भगवान दास, शिव दयाल,मदन गोयल,मदन मोहन, भगवान सिंह, गजानंद, अमन कुमार, ओमप्रकाश, सतीश कुमार, केसो राम, प्रभजोत सिंह, नीरज, मुनीश चौहान, जगदीश भगत, वेद प्रकाश पुरी, ओम प्रकाश और छिंदर कौर (पति-पत्नी), डिंपल, भगवान दास, पंडित दुर्गा दत्त, प्रह्लाद राय, जगतार राय सिंह, कुलवंत सिंह शामिल हैं। गोली कांड में प्रेम भूषण, राम लाल आहूजा, राम प्रकाश कांसल, बलवीर कोहली, राज कुमार, संजीव सिंगल, दीना नाथ, हंस राज, गुरबख्श राय गोयल, डॉ. विजय सिंगल, अमृत लाल बांसल, कृष्ण देव अग्रवाल, अजय गुप्ता, विनोद धमीजा, भजन सिंह, विद्या भूषण नागेश्वर राव, पवन गर्ग, गगन बेरी, राम प्रकाश, सतपाल सिंह कालड़ा, करमचंद और कुछ अन्य स्वयंसेवक घायल हुए थे।

**- राकेश सैन**

# तीसरे विश्वयुद्ध का दौर

सृष्टि का हर एक जीव शांति से रहना चाहता है,लेकिन व्यक्ति या देश की जब इच्छा शक्ति बढ़नी शुरू होती है और वह अधिक ताकतवर बनना चाहता है तो फिर वह अशांत होकर इधर-उधर हाथ पैर मारने शुरू करता है। वह स्वयं तो अशांत होता ही है,साथ में अन्य व्यवस्थाओं को भी अशांत कर देता है। उसके द्वारा चारों तरफ फैलायी अशांति विकास का मार्ग कम,विनाश का मार्ग अधिक खोलती चली जाती है जो सभी के लिए खतरा है। बीते वर्षों में लोगों ने वैश्विक महामारी कोरोना को झेला और कितने ही अपनो को खो दिया। अब विश्व तीसरे विश्व युद्ध के पायदान पर खड़ा है। यूरोप का इतिहास जब हम पढ़ते हैं तो पाते हैं कि यूरोपीय देशों ने आपस में लड़कर एक दूसरे देश से ताकतवर होने का परिचय अपने हर एक कालखंड में दिया है। फिर धीरे-धीरे उन्होंने एशिया के देशों की ओर अपना जाल फैलाया। व्यापार के नाम पर देशों को गुलाम बनाया और फिर यहां भी अपना अत्याचार फैलाया। जो भी आवाज उनके विरुद्ध उठती,उन्होंने उसे मौत के घाट उतार दिया। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम एक दो-वर्ष नहीं चला बल्कि सौ वर्षों से अधिक चला। कितने ही देशभक्तों ने देश को स्वतंत्र कराने के लिए अपने प्राणों की बाजी लगा दी। नर-नारी-नौजवान सभी ने हंसते-हसंते अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया। एक-एक स्वतंत्रता सैनानी पर कितना ही लिखा-पढ़ा और बताया जा सकता है। आज भी हमारे ह्रदयों में सभी स्वतंत्रता सैनानियों का योगदान जीवित हैं। विचार करें तो प्रथम विश्व युद्ध एशियाई देशों ने नहीं किया। इसके पीछे भी यही यूरोपीय देश रहे। अपने को सर्वसत्ता दिखाने के चलते लोगों को मारते रहे, उन्हें गुलाम बनाते रहे। कितने ही देशों पर अपना अधिकार जमा लिया। वहां की जनता को कुछ भी नहीं समझा। लोगों से जानवर की तरह काम करवाया। इन ताकतवर देशों के पास फिर थोड़ा धन इक्ट्ठा हुआ तो दूसरा विश्व युद्ध कर दिया। दूसरे विश्वयुद्ध की बात करें तो अमेरिका ने परमाणु बम बरसाकर जापान देश के दो शहरों में रह रहे लोगों को मौत की नींद सुला दिया। परमाणु हमले के चलते जापान की उस भूमि पर कितने लोग मरे इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है। आज भी उन शहरों की स्थिति सामान्य नहीं है। मानवीय नरसंहार का इतना घिनौना चेहरा कैसे कोई भूल सकता है? ताकतवर कभी भी, कहीं भी, अपनी ताकत दिखा सकता है। सभी देश उस शक्तिशाली देश से रिश्ता खराब ना हो जाए, इसलिए मौन धारण करके देखते रहते हैं। विश्व मानवता का यह चेहरा भी बड़ा विचित्र है। दो विश्व युद्धों में दुनिया ने कितना बड़ा नरसंहार देखा और झेला है। इतिहास के इस कटु सत्य को सभी जानते और समझते हैं। फिर भी पड़ोसी देश एक दूसरे देश पर हमलावर हुए रहते हैं। उनकी जमीन और जीवन पर अपना अधिकार दिखाने की कोशिश करते रहते हैं। लड़ते तो दो देश हैं, फिर धीरे-धीरे उसमें विश्व की शक्तियां अपने आप शामिल हो जाती है।

**- डॉ. नीरज भारद्वाज**

आज का कार्टून

साभार




# उत्तराखंड के अनजाने पर्यटन स्थल

यदि पहाड़ों का सौन्दर्य देखने की ललक हो तो उत्तराखंड चले आएं। इससे बेहतर जगह आपको शायद ही अन्यत्र मिले। उत्तराखंड ऐसा अकेला राज्य है जहां चार धामों में से दो धाम बद्रीनाथ व केदारनाथ अवर्णनीय सुंदरता व पुण्य तथा धर्म के साथ मौजूद हैं। इनके अलावा भी यमुनोत्री, गंगोत्री,लंका,गऊमुख,तपोवन, नंदनवन,रक्तवन,हर्षिल,मंसूरी,हरिद्वार,ऋषिकेश जैसे एक से बढ़कर एक धार्मिक व पर्यटन स्थलों से भरा पड़ा है। इसके अलावा भी राजाजी नेशनल पार्क व जिमकार्बेट नेशनल पार्क जैसे प्राकृतिक सौन्दर्य से भरपूर वन क्षेत्र तो हैं ही नदियों के रूप में गंगा,यमुना,भागीरथी, जाह्नवी, नीलगंगा, बाणगंगा जैसी छोटी नदियां उत्तराखंड की सुंदरता को चार चांद लगाती हैं। घूमने फिरने, रहने व खाने पीने के लिहाज से उत्तराखंड में इतना कुछ है कि मन तरसता ही रह जाता है बार बार आकर भी । हरिद्वार एवं ऋषिकेश भले ही भीड़ भरे हों मगर पवित्र गंगा के दर्शन सारी थकान हर लेते हैं। यहां लक्ष्मण झूला, रामझूला, गीता भवन, मुनि की रेती ,शिव मंदिर देखने के साथ साथ आप बोटिंग, राफ्टिंग, केनॉइंग, क्यांकिंग जैसे वाटर गेम्स का आनंद भी भरपूर मात्रा में ले सकते हैं। ट्रेकिंग पसंद है तो गीता भवन के पास से महज 20 -22 किमी की दूरी पर ही बसे नीलकण्ठ धाम हो आइए पर ध्यान रहे कि यहां बारिश अक्सर होती रहती है और जुलाई व अगस्त यानी कि श्रावण के महिने में यहां कांवड़ की वजह से भारी भरकम भीड़,भी रहती है लेकिन यहां भिखारियों व बहरूपियों तथा कोढ़ियों जैसा मेकअप किये बैठे मांगने वालों से तो हरिद्वार व ऋषिकेश से भी ज्यादा सावधान रहना होगा वरना तो आप अपनी जेब खाली ही समझें। यदि गंगोत्री धाम की यात्रा पर निकलेंगे तो समझिये कि कि आप धरती पर ही स्वर्ग का आनंद ले रहे हैं । हरिद्वार पार करके व ऋषिकेश से थोड़ा पहले ही आप नरेन्द्रनगर होते हुए न्यू टिहरी टाउन से गुजरेंगे तो वहां आपको एक साथ ही खंडन और मंडन का नज़ारा देखने को मिल जाएगा । टिहरी डैम के बनने के क्रम में पुराना टिहरी इस डैम में डूब गया है और उसके स्थान पर ही न्यू टिहरी टाउन अस्तित्व में आया है । आज भी बांध का जल अगर ठहरा हुआ और साफ हो तो पुराने टिहरी के अवशेष उसमें नजर आ जाते हैं । इस ऐतिहासिक कस्बे में आज भी इतिहास और वर्तमान की झलक देखी जा सकती है । टिहरी से उत्तरकाशी की तरफ जाकर एक स्थान पर आप फिर से ''इधर जाऊं या उधर जाऊं'' की पशोपेश में पड़ सकते है क्योंकि यह वह जगह है जहां से एक रास्ता यमुनोत्री तो दूसरा गंगोत्री की तरफ़ जाता है. अब यह आप पर है कि आप कहां पहले जाएं और कहां बाद में परंतु देखने योग्य दोनों ही स्थान हैं। चलिए सबसे पहले आप को भी गंगोत्री के ही रास्ते पर लिये चलते हैं । उत्तरकाशी से गंगोत्री के लिये सीधी बस सेवा उपलब्ध है पर यदि प्राकृतिक सौंदर्य का जी भर कर आनंद लेना है तो एक गाइड लीजिए और पहाड़ी पगडंडी पकड़ लें, ट्रेकिंग का भी मजा आएगा और प्रकृति की सुंदरता का भी रसपान करते चलेंगें । हां, इतना जान लीजियगा कि थकान भी खूब होगी सो अपनी क्षमता के अनुसार ही विकल्प चुनें। उत्तरकाशी से गंगोत्री के रास्ते पर आठ दस किमी की दूरी पर ही है लंका नाम का सुंदर सा और मनोरम छटा वाला रमणीय स्थान ! जी हां, आप चौंक गए होंगे भारत में लंका का नाम सुनकर परंतु यह रामायण कालीन रावण की लंका नहीं है पर है बहुत ही सुंदर, शायद उसकी सोने की लंका से भी ज्यादा मनोरम और शांति देने वाली लंका के पास ही भैरोंघाटी का प्राचीन व एतिहासिक मंदिर है । यह लंका से एक छोटे से पुल से जुड़ा हुआ है कहा जाता है कि इस पुल का निर्माण टिहरी के महाराजा ने कराया था क्योंकि इससे पहले यहां मौजूद एक झूला पुल से गुजरते हुए उनकी रानी का गर्भपात हो गया था। लंका से भैरोंघाटी पगडंडी से जाएंगे तो काफी दूर लगेगा पर पहाड़ों के बीच से शार्टकट भी है बशर्ते कि आप में खड़ी चढ़ाई चढ़ने की हिम्मत हो। यहां से गंगोत्री 25 किमी है रास्ते में आप पटांगना पावर हाउस,पांडव गुफा, रुद्र गंगा , व भागीरथी के संगम का भी दर्शन कर लेंगे। द्रौपदी कुंड व उत्तरागर्भगृह भी आप को महाभारतकालीन पांडवों के संघर्षों की याद दिला देगा।

**- डॉ. घनश्याम बादल**

# सड़क हादसे में मृत युवक के परिजनों ने किया हंगामा

## आवेदन लेने में देरी से थे नाराज, पुलिस के लाठीचार्ज में 5 लोग घायल

**बेतिया।** बेतिया में सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत के बाद बुधवार को सिरिसिया थाना पहुंचे परिजन और ग्रामीणों पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। बताया जा रहा है कि आवेदन लेने में हो रही देरी को लेकर परिजन आक्रोशित हो उठे थे। भीड़ के उग्र होने पर पुलिस ने बल प्रयोग किया, जिससे कई लोग घायल हो गए हैं। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल है। पुलिस और ग्रामीणों के बीच पथराव की भी सूचना है। पुलिस की लाठी से चूहड़ी निवासी विनोद बैठा गंभीर रूप से घायल हो गए हैं ।



### जांच के बाद होगी कार्रवाई

इस मामले में एसडीपीओ सदर-2 रजनीश कुमार प्रियदर्शी और यातायात डीएसपी रंजन कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों के आवेदन पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### आवेदन नहीं लेने का लगाया आरोप

मृत युवक दीपू राम के पिता नंदू राम ने बताया कि शनिवार को दीपू राम बाइक से घर लौट रहा था, तभी आजाद चौक पर दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। घायलावस्था में उसे जीएमसीएच लाया गया और फिर गोरखपुर रेफर किया गया, जहां मंगलवार शाम उसकी मौत हो गई। बुधवार सुबह परिजन थाना में आवेदन लेकर पहुंचे, लेकिन उन्हें बताया गया कि संबंधित अधिकारी सो रहे हैं। आवेदन नहीं लिया गया और परिजन वापस लौट गए।

# पटना में फिर ठांय-ठांय



महानगर नेटवर्क

पटना

राजधानी पटना में एक बार फिर पुलिस और अपराधियों के बीच एनकाउंटर हुआ है। गंगा नदी के किनारे स्थित जेपी गंगा पथ पर बिहार पुलिस की एसटीएफ और अपराधियों के बीच बुधवार दोपहर बाद मुठभेड़ हुई। इसमें मोहम्मद राजा नाम के अपराधी को पैर में गोली लगी है। आरोपी दो हत्याकांड में वांटेड था। पुलिस ने उसे इलाज के लिए पीएमसीएच में भर्ती कराया है। बता दें कि बिहार में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा लगातार अपराधियों की धरपकड़ की जा रही है। इस दौरान कई अपराधियों के बीच पुलिस की मुठभेड़ हो चुकी है। पटना में ही बीते कुछ दिनों के भीतर कई एनकाउंटर हुए।

# बिहार में चुनाव छठ के बाद!

## 22 साल बाद वोटर लिस्ट के गहन पुनरीक्षण में जुटा आयोग

महानगर नेटवर्क

पटना

भारत निर्वाचन आयोग बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारियों में जुटा हुआ है। 22 साल बाद राज्य में वोटर लिस्ट का गहन पुनरीक्षण किया जा रहा है। इसके लिए चुनाव आयोग की ओर से हाल ही में कैलेंडर जारी किया गया। इससे संकेत लगाए जा रहे हैं कि इस साल होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव दिवाली और छठ पूजा महापर्व के बाद कराए जा सकते हैं।

चुनाव आयोग के कैलेंडर के अनुसार सबसे पहले वोटर लिस्ट के अंदर मतदाताओं के नामों को जोड़ा और हटाया जाएगा। इसके लिए बीएलओ या चुनाव आयोग के कर्मी घर-घर जाकर सर्वे करेंगे। वे सभी वैध मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। फिर उस आधार पर वोटर लिस्ट को अपडेट किया जाएगा। यह काम आखिरी बार साल 2004 के लोकसभा चुनाव से पहले किया गया था।




पिछले दिनों जारी हुए चुनाव आयोग के कैलेंडर के अनुसार मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधित किए जाने के आवेदन लेने का काम बुधवार 25 जून से शुरू कर दिया गया है। यह कार्य लगभग एक महीने तक चलेगा। 26 जुलाई तक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) वोटर लिस्ट को संशोधित करेंगे। इन आवेदनों के आधार पर राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से 1 अगस्त को मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशित किया जाएगा। फिर अगले एक महीने यानी 1 सितंबर 2025 तक इस पर दावा-आपत्तियां मांगी जाएंगी। अगर किसी को संशोधित मतदाता सूची में दी गई जानकारी पर आपत्ति है, तो उसमें सुधार के लिए आवेदन कर सकेंगे। यह काम भी महीने भर तक चलेगा। आखिर में दावा-आपत्तियों का निबटारा करने के बाद 30 सितंबर को फाइनल वोटर लिस्ट प्रकाशित कर दी जाएगी।

### अक्टूबर के पहले सप्ताह में घोषित हो सकता है चुनाव

सितंबर 2025 तक बिहार में वोटर लिस्ट का काम पूरा कर लिया जाएगा। मतदाता सूची फाइनल होने के बाद अक्टूबर महीने के पहले सप्ताह में बिहार विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा की जा सकती है। चुनाव कार्यक्रम घोषित होते ही राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी। पूर्व में सितंबर महीने में ही चुनाव कार्यक्रम की घोषणा होने की संभावना जताई जा रही थी, लेकिन मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण होने के चलते इसमें थोड़ा ज्यादा समय लग सकता है।

# 'अगर हम पार्टी को 25 से 30 सीटें मिली तो...'

## जीतनराम मांझी ने खोल दिए अपने पत्ते



महानगर नेटवर्क

सिकंदरा (जमुई)

केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने जमुई के सिंकदरा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष कहते हैं कि पेंशन योजना के लिए मेरी मांग 2500 रुपए थी। तेजस्वी यादव ने सरकार में रहते हुए कभी विधानसभा में पेंशन बढ़ाने की बात नहीं की। सिर्फ थेथरई बतियाते हैं।

दरअसल, वे मंगलवार को सिकंदरा के राधिका विवाह भवन में हम पार्टी के विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मांझी ने कहा कि हम पार्टी किसी जात की नहीं, गरीबों की पार्टी है। तेजस्वी यादव के दामाद वाले बयान पर पलटवार करते हुए मांझी ने लालू परिवार के राजनीतिक इतिहास को भी गिनाया। कहा, लालू-राबड़ी सरकार में लालू के साले साधु और सुभाष को एमएलए और एमएलसी बनाया गया। तेजस्वी पढ़े-लिखे नहीं हैं, फिर भी उपमुख्यमंत्री बने। तेज प्रताप, मीसा भारती और सिंगापुर में रहने वाली बेटी को भी राजनीति में उतारा गया। उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में हम पार्टी को अगर 25 से 30 सीटें मिलेंगी, तो सभी को आवास योजना का लाभ मिलेगा। इसके अलावा, पेंशन योजना की राशि 1100 से बढ़ाकर 2100 रुपये कर दी जाएगी। पढ़ाई के लिए लड़के-लड़कियों को अलग से आर्थिक सहायता दी जाएगी। मांझी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वजह से भारत की आर्थिक स्थिति 11वें स्थान से चौथे स्थान पर पहुंची है। मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान में घुसकर दुश्मनों को करारा जवाब दिया।

इससे पूर्व, केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी व बिहार सरकार के लघु जलसंसाधन मंत्री संतोष कुमार सुमन ने दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पारंपरिक परिधान में आदिवासी लड़कियों ने ढोल-बाजे के साथ उनका स्वागत किया।

# कार ने ठेले में मारी टक्कर पांच फीट नीचे गिरी

महानगर नेटवर्क

भागलपुर

नवगछिया में बुधवार की सुबह 80 की स्पीड में जा रही कार संतुलन खोकर 5 फीट गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में एक युवती घायल हुई है। खगड़िया की तरफ से तेज रफ्तार में आ रही कार बेकाबू हो गई। सबसे पहले उसने फुटपाथ पर लगे आम के ठेले में टक्कर मारी। टक्कर लगने के बाद वह सड़क किनारे 5 फीट गहरी खाई में जा गिरी।



### आम लेने के लिए गए थे नागरिक

अशरफ अली ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि रोज की तरह वह ठेले से आम बेचने के लिए निकले थे। इसी दौरान बुधवार को चकरामी गांव के पास वह आम का ठेला लगाए थे और बगीचे से आम लेने के लिए गए थे। कार ने ठेले में टक्कर मार दी।

हादसा नवगछिया के भवानीपुर थाना क्षेत्र के चकरामी गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-31 पर हुआ। एक्सीडेंट में कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि आम का ठेला भी क्षतिग्रस्त हुआ है। लगभग 30 हजार से अधिक का नुकसान हुआ है। हादसे में आम बेचने वाली एक युवती भी घायल हुई है, जिसे स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घायल की पहचान अशरफ अली की बेटी रेशमा खातून उर्फ दिलशाना के तौर पर हुई है।

# बेतिया में बाइक गैरेज में शॉर्ट सर्किट

**बेतिया।** भंगहा थाना क्षेत्र अंतर्गत भंगहा बाजार में मंगलवार की देर रात एक बड़ी अगलगी की घटना सामने आई है। यहां एक बाइक गैरेज में अचानक आग लग गई, जिससे पूरा गैरेज और उसमें रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। आग लगने का कारण बिजली के शॉर्ट सर्किट को बताया जा रहा है। इस घटना में करीब 10 लाख रुपए से अधिक की संपत्ति का नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार, गैरेज मालिक गौरीशंकर गुप्ता उर्फ पप्पु, जो मैनाटाड़ थाना क्षेत्र के रमपुरवा गांव का रहने वाला है, रोज की तरह मंगलवार शाम को अपनी दुकान बंद कर घर चला गया था। देर रात करीब एक बजे उसे किसी ने मोबाइल पर सूचना दी कि उसकी दुकान में आग लग गई है।

# बिहार में गंगा की लहरों पर चलेगी वाटर मेट्रो

## छह पड़ाव के साथ रूट तैयार

## किराया भी कम

महानगर नेटवर्क

पटना

पटना में 15 अगस्त से रेल मेट्रो की शुरुआत होने जा रही है। इसी के साथ ही केंद्र और राज्य सरकार ने गंगा में वाटर मेट्रो शुरू करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। पिछले दिनों कोच्चि मेट्रो रेल लिमिटेड के तीन सदस्यीय दल ने पटना पहुंच कर गंगा में वाटर मेट्रो शुरू करने के लिए कई जगहों पर अध्ययन किया था। इसके बाद मेट्रो के लिए प्रस्तावित रूट की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। छपरा के पहलेजा घाट से लेकर वैशाली के बिदुपुर तक छह विभिन्न बंदरगाहों से होते हुए वाटर मेट्रो लगभग 50 किमी दूरी तय करेगा। यह जानकारी भारतीय अंतरदेशीय जलमार्ग प्राधिकरण पटना के निदेशक अरविंद कुमार ने दी। निदेशक ने बताया कि कोच्चि मेट्रो रेल लिमिटेड के विशेषज्ञों का दल जुलाई में पटना दूसरी बार पहुंचेगा। इस वर्ष के दिसंबर तक वाटर मेट्रो के लिए जलमार्ग एवं व्यवस्था से जुड़े अध्ययन की अंतिम रिपोर्ट प्राप्त हो जाएगी।



# बिहार में अब तेजस्वी की पार्टी के नेता की पिटाई

## डायन होने का आरोप लगा मां को भी डंडे से धुना

**पटना।** बिहार में अब तेजस्वी यादव की पार्टी के एक नेता की जमकर पिटाई की गई है। वारदात खगड़िया जिले की है। दबंगों ने यहां राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रखंड अध्यक्ष की मां को भी पीटा है। जिले में चौथम थाना क्षेत्र के करुआ गांव में मंगलवार को डायन का आरोप लगाकर दबंगों ने राजद प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद इकबाल अली की मां मनीना खातून को मारपीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया। अपनी मां को बचाने आए राजद प्रखंड अध्यक्ष को भी मारपीट कर घायल कर दिया गया। दोनों घायल मां और बेटे का इलाज चौथम सीएचसी में किया गया।



इधर मामले को लेकर पीड़िता मनीना खातून ने चौथम थाना में आवेदन देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। थाना में दिए आवेदन में पीड़िता ने कहा कि मंगलवार की सुबह वह अपने खेत में लगे झिंगा तोड़ रही थी।

# पटना में 15 साल की लड़की से गैंगरेप

## चार स्कूली छात्र गिरफ्तार

महानगर नेटवर्क

पटना

पटना में गैंगरेप का एक चौंका देने वाला मामला सामने आया है। पीड़िता की उम्र महज 15 साल बताई जा रही है। कुछ मीडिया रिपोर्ट में यह भी कहा जा रहा है कि 15 साल की पीड़ित लड़की गर्भवती भी है। इस सनसनीखेज मामले को लेकर मीडिया रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि 4 लड़कों पर लड़की से गैंगरेप का आरोप लगा है और इस संबंध में पटना के कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज करवाई गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, सभी आरोपी भी नाबालिग हैं और चारों स्कूली छात्र हैं। पुलिस ने चारों आरोपियों पकड़ भी लिया है।



मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, Instagram पर इस लड़की की जान-पहचान एक लड़के से हुई थी। धीरे-धीरे इंस्टाग्राम पर इनके बीच बातचीत शुरू हुई थी। बताया जा रहा है कि जिस लड़के से लड़की की दोस्ती इंस्टाग्राम पर हुई थी उसने अपने अन्य दोस्तों से लड़की को मिलवाया था। रिपोर्ट के मुताबिक, करीब एक महीने पहले लड़की अपने बॉयफ्रेंड से मिलने दीपनगर गई थी। कहा जा रहा है कि यहां लड़के ने लड़की के साथ शारीरिक संबंध बनाए थे।

अब लड़की का आरोप है कि इसके बाद मंगलवार को लड़का उसे लेकर बाइपास के पास स्थित एक होटल में लेकर गया था। लड़की का कहना है कि यहां उसके प्रेमी और उसके दोस्तों ने मिलकर उसके साथ गैंगरेप किया है। इस मामले में कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस हरकत में आई है। बहरहाल इस मामले में पुलिस लड़की के आरोपों को लेकर अभी जांच-पड़ताल कर रही है।

व्यापार

# जियो फ्यूल स्टेशन पर मिलेगी अडाणी की CNG

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

अब रिलायंस के फ्यूल स्टेशनों पर अडाणी की कंपनी के CNG बिकेंगे। इसके लिए रिलायंस बीपी मोबिलिटी और अडाणी टोटल गैस ने पार्टनरशिप की है। फिलहाल जियो के कुछ पेट्रोल पंप पर अडाणी का CNG मिलेगा।

इस साझेदारी के तहत कुछ चुनिंदा ATGL फ्यूल आउटलेट जियो बीपी के पेट्रोल और डीजल बेचेंगे और कुछ चुनिंदा जियो-बीपी फ्यूल स्टेशनों पर ATGL की CNG मिलेगी। अडाणी टोटल गैस ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में ये जानकारी बुधवार, 25 जून को दी है।




जियो-बीपी के चेयरमैन सार्थक बेहुरिया ने कहा, 'Jio BP हमेशा बेहतर कस्टमर एक्सपीरियंस देने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। इस पार्टनरशिप के जरिए दोनों कंपनियां मिलकर देश का ग्रोथ करेंगी।' अडाणी टोटल गैस लिमिटेड के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और CEO सुरेश पी मंगलानी ने कहा, 'हमारा टारगेट है कि अपने आउटलेट पर हाई क्वालिटी फ्यूल उपलब्ध कराएं। यह साझेदारी हमें एक-दूसरे के इंफ्रास्ट्रक्टर का उपयोग करते हुए बेहतर कस्टमर एक्सपीरियंस प्रोवाइड करना है।'

### रिलायंस इंडस्ट्रीज और ब्रिटिश पेट्रोलियम की साझेदारी

जियो-BP रिलायंस इंडस्ट्रीज और ब्रिटिश पेट्रोलियम की पार्टनरशिप में बनी है। इसे 2019 में लॉन्च किया गया था, बाद में जियो से ब्रांडिंग की गई। जियो-BP का भारत में करीब 1500 फ्यूल स्टेशन हैं। कंपनी अगले कुछ साल में इसे 5500 स्टेशनों तक ले पर काम कर रही है। यह भारत के सबसे बड़े प्राइवेट फ्यूल रिटेल नेटवर्क में से एक है। जियो-BP के मोबिलिटी स्टेशनों पर पेट्रोल-डीजल के साथ-साथ EV चार्जिंग, बैटरी स्वैपिंग, और वाइल्ड बीन कैफे जैसी सुविधाएं मिलती हैं।

# सेंसेक्स 700 अंक चढ़कर 82,756 पर बंद



**मुंबई।** हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन आज, यानी बुधवार, 25 जून को सेंसेक्स 700 अंक चढ़कर 82,756 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 200 अंक की तेजी है, ये 25,245 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 26 में तेजी रही। टाइटन, महिंद्रा और इंफोसिस सहित कुल 16 शेयरों में 1-3.75% की तेजी रही। BEL में 1% की गिरावट रही। निफ्टी के 50 में से 42 शेयरों में तेजी रही। NSE के सभी सेक्टर्स चढ़कर बंद हुए। ऑटो, IT, मीडिया और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 2% तक की तेजी रही। एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 0.39% नीचे 38,942 के स्तर पर और कोरिया का कोस्पी 0.15% चढ़कर 3,108 पर बंद हुआ।

# डेबिट-कार्ड से निकाल सकेंगे PF का पैसा

- श्रम-मंत्री बोले इसके लिए PF अकाउंट को बैंक खाते से जोड़ रहे
- जुलाई से मिल सकती है सुविधा

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

कर्मचारियों को जल्द ही ATM और UPI से सीधे PF का पैसा निकाल सकेंगे। केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मंडाविया ने मंगलवार को बताया कि इसके लिए कर्मचारियों के PF अकाउंट्स को उनके बैंक खातों से जोड़ा जा रका है। हालांकि EPFO और केंद्र सरकार ने पैसा निकालने की प्रोसेस को लेकर अभी कुछ नहीं बताया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार सरकार अगले महीने, यानी जुलाई से ये नई सुविधा शुरू कर सकती है। नई सुविधा के तहत एक तय रकम ही निकाली जा सकेगी। इससे ये होगा कि कर्मचारी इमरजेंसी के लिए पैसे तो निकाल सकेगा, लेकिन रिटायरमेंट के बाद भी पर्याप्त राशि अकाउंट में सुनिश्चित रहेगी।




### PF अकाउंट से 72 घंटे में निकाल सकेंगे 5 लाख

अब PF अकाउंट से इमरजेंसी या जरूरत के समय 72 घंटे में 5 लाख तक निकाल सकेंगे। पहले ये लिमिट 1 लाख थी। केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने 24 जून को इसकी जानकारी दी।

### सॉफ्टवेयर पूरा प्रोसेस करेगा, अधिकारियों की जरूरत नहीं होगी

ऑटो सेटलमेंट में PF विड्रॉल क्लेम को सिस्टम द्वारा अपने आप प्रोसेस किया जाता है। इसमें अफसरों के हस्तक्षेप की जरूरत बहुत कम या बिल्कुल नहीं होगी।

अगर आपका UAN (यूनिवर्सल अकाउंट नंबर) आधार, पैन और बैंक खाते से लिंक है, और KYC पूरी तरह से अपडेटेड है, तो सिस्टम आपके क्लेम की जांच करता है।

यह प्रक्रिया तेज होती है क्योंकि यह पूरी तरह से ऑनलाइन और IT सिस्टम पर आधारित होती है। ऑटो सेटलमेंट में क्लेम 3-4 दिन में प्रोसेस हो जाता है। EPFO ने कुछ खास तरह के क्लेम (जैसे मेडिकल, शिक्षा, शादी, या मकान बनाने/खरीदने के लिए) के लिए ऑटो सेटलमेंट की सुविधा शुरू की है।

# एसबीआई म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया एसबीआई निफ्टी 200 मोमेंटम 30 इंडेक्स फंड

**मुंबई।** देश के सबसे बड़े फंड हाउस एसबीआई म्यूचुअल फंड ने "एसबीआई निफ्टी 200 मोमेंटम 30 इंडेक्स फंड' लॉन्च किया है। यह एक ओपन-एंडेड स्कीम है। यह "निफ्टी 200 मोमेंटम 30 इंडेक्स' को ट्रैक और रेप्लिकेट करती है। इसका उद्देश्य इस सूचकांक में शामिल प्र तिभूति के कुल रिटर्न के अनुरूप रिटर्न प्रदान करना है। हालांकि, इसकी कोई गारंटी नहीं है। फंड अपने कुल फंड का कम से कम 95% और अधिकतम 100% हिस्सा "निफ्टी 200 मोमेंटम 30 इंडेक्स' के शेयरों में निवेश करेगा। अधिकतम 5% हिस्सा सरकारी प्रतिभूतियों (जैसे जी-सेक्स, एसडीएल, ट्रेजरी बिल्स), ट्राइ-पार्टी रेपो और




लिक्विड म्यूचुअल फंड यूनिट्स में निवेश करेगा। एनएफओ की अवधि के दौरान न्यूनतम आवेदन राशि 5,000 रुपए रखी गई है।

इस अतिरिक्त निवेश के लिए न्यूनतम राशि 1,000 रुपए है जो 1 के गुणक में होगी। निवेशक दैनिक, साप्ताहिक, मासिक, तिमाही, छमाही और वार्षिक एसआईपी के ज़रिए भी निवेश कर सकते हैं। इस फंड के फंड मैनेजर विरल छडवा हैं।

# सीएलआर फैसिलिटी को 15 मिलियन डॉलर का निवेश मिला

**मुंबई।** भारत की अग्रणी इंटीग्रेटेड फैसिलिटी मैनेजमेंट सेवा प्रदाता सीएलआर फैसिलिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (सीएलआर) ने ब्रिटिश इंटरनेशनल इन्वेस्टमेंट ( बीआईआई) के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। बीआईआई, जो कि यूनाइटेड किंगडम की विकास वित्तीय संस्था और प्रभावशाली निवेशक है, ने सीएलआर में 15 मिलियन डॉलर (लगभग 125 करोड़ रुपये) के निवेश का वचन दिया है। यह निवेश सीएलआर की विकास यात्रा के अगले चरण को गति देगा। सीएलआर वर्तमान में 20,000 ब्लू-कॉलर कर्मचारियों को रोजगार देता है और देशभर के कॉरपोरेट ग्राहकों को सफाई, इंजीनियरिंग, यांत्रिक रखरखाव और उत्पादन सहायता जैसी सेवाएं प्रदान करता है। बीआईआई का यह निवेश कंपनी को भारत में अपने परिचालन का विस्तार करने, कम आय वाले तबकों और महिलाओं के लिए बेहतर रोजगार अवसर उपलब्ध कराने और स्थायी व्यावसायिक प्रथाओं को अपनाने में मदद करेगा। कंपनी ने आने वाले पांच से सात वर्षों में अपनी टीम को बढ़ाकर 50,000 तक करने का लक्ष्य तय किया है, जिसमें महिलाओं और वंचित समुदायों की भागीदारी बढ़ेगी। इस निवेश का एक हिस्सा टियर-2 शहरों में प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने में लगाया जाएगा।

# ठाणे के पार, लग्ज़री रियल एस्टेट बन रहा है नया 'सोना'

**मुंबई।** दशकों तक भारत में सोना सुरक्षा और स्थिरता का प्रतीक रहा है। लेकिन अब बढ़ती महंगाई, अस्थिर वैश्विक बाजार और भौतिक सोने पर कम ब्याज दरों ने निवेशकों को वैकल्पिक विकल्पों की ओर देखने को मजबूर किया है। आज मुंबई महानगर क्षेत्र के अच्छी तरह से जुड़े उपनगरों, विशेष रूप से ठाणे के पार के इलाकों में लग्ज़री रियल एस्टेट तेजी से लोकप्रिय हो रहा है – इसका कारण है नियमित किराया आय, पूंजी में वृद्धि और पोर्टफोलियो में विविधता की संभावना। उक्त बात थारवानी रियल्टी के निदेशक अभिषेक थारवानी ने कही। कल्याण, अंबरनाथ और बदलापूर जैसे क्षेत्रों में मेट्रो विस्तार, स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स और सड़कों के चौड़ीकरण जैसे बुनियादी ढांचे में परिवर्तनकारी विकास हो रहे हैं, जो रियल एस्टेट के मूल्यों में जबरदस्त वृद्धि ला रहे हैं। मुंबई के पश्चिमी उपनगरों की तुलना में कहीं कम कीमतों से शुरुआत करने वाले ये क्षेत्र प्रति वर्ग फुट अधिक मूल्य प्रदान करते हैं।

# होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया ने बेंगलुरु में अपना पहला ईवी कॉन्सेप्ट स्टोर किया उद्घाटित

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए, होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया (HMSI) ने भारत में अपना पहला ईवी कॉन्सेप्ट स्टोर बेंगलुरु के मल्लेश्वरम स्थित मंत्री स्क्वायर मॉल में उद्घाटित किया। यह अनोखा स्टोर ग्राहकों को होंडा की मोबिलिटी, तकनीक और नवाचार की दुनिया का अनुभव देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसी मौके पर HMSI ने ACTIVA e: के लिए नया BaaS Lite प्लान भी पेश किया, जिसमें ग्राहक सिर्फ 678 प्रति माह देकर ईवी की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। यह नया स्टोर होंडा की तकनीकी प्रगति और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की दिशा में कदमों की झलक देता है। स्टोर का मुख्य आकर्षण एक बड़ा एलईडी डिस्प्ले है, जो इंटरैक्टिव कंटेंट, ब्रांड स्टोरीटेलिंग और प्रोडक्ट हाइलाइट्स के माध्यम से आगंतुकों को आकर्षित करता है। इसके साथ ही एक इतिहास दीवार भी मौजूद है, जो होंडा की वर्षों की यात्रा और उपलब्धियों को दर्शाती है।



**महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड** के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 501, ओमेगा हाउस, हीरानंदानी गार्डन्स, पवई, मुंबई-400076 से प्रकाशित एवं **डांगट मीडिया प्रा.लि.**, 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित। ● फोन नंबरः 022-25705039 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

# किसानों की आय बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण कदम

## योगी सरकार और NDDB ने साइन किया एमओयू

महानगर संवाददाता

लखनऊ

यूपी के दुग्ध क्षेत्र को आत्मनिर्भर, तकनीकी रूप से सशक्त और किसानों के लिए लाभकारी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) और राज्य सरकार ने समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। बुधवार को जारी सरकारी बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में राज्य सहकारी डेयरी फेडरेशन (पीसीडीएफ) द्वारा संचालित तीन डेयरी संयंत्र (कानपुर, गोरखपुर और कन्नौज) तथा अंबेडकर नगर स्थित एक पशु आहार निर्माणशाला के संचालन के लिये राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया गया।

बयान के अनुसार, एनडीडीबी को संचालन सौंपे जाने से इन इकाइयों में तकनीकी दक्षता, पारदर्शिता और व्यावसायिकता के नए मानक स्थापित होंगे। साथ ही प्रदेश के दुग्ध उत्पादकों को समयबद्ध भुगतान, बेहतर मूल्य और स्थायी विपणन की सुविधा प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने इस अवसर पर कहा कि प्रदेश सरकार दुग्ध उत्पादकों की आय बढ़ाने, पशुधन आधारित ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने और उपभोक्ताओं को गुणवत्तायुक्त उत्पाद उपलब्ध कराने के लिये पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि एनडीडीबी जैसे दक्ष एवं अनुभवी संस्थान को संचालन सौंपे जाने से इन इकाइयों में तकनीकी कुशलता, व्यावसायिक पारदर्शिता बढ़ेगी जिससे किसानों को प्रत्यक्ष लाभ सुनिश्चित होगा।





उन्होंने यह भी कहा कि कृषि और पशुपालन क्षेत्र की अपार संभावनाओं के बावजूद पूर्ववर्ती सरकारों की उदासीनता और नीति विहीनता के कारण यह क्षेत्र उपेक्षित रहा, जिससे पशुपालकों के भीतर निराशा व्याप्त हो गई थी और प्रदेश का बहुमूल्य पशुधन भी धीरे-धीरे कम होता गया।

### दुग्ध विकास के क्षेत्र में महिला सशक्तीकरण को मिला नया आयाम

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्रदेश की पशुधन संपदा और दुग्ध उत्पादन की विशाल क्षमता को अगर नियोजित और वैज्ञानिक तरीके से विकसित किया जाए तो उत्तर प्रदेश न सिर्फ देश का अग्रणी दुग्ध उत्पादक राज्य बन सकता है बल्कि वैश्विक डेयरी मानचित्र पर भी अपनी अलग पहचान स्थापित कर सकता है। एनडीडीबी के साथ यह एमओयू उसी दिशा में एक ठोस, दूरदर्शी और व्यावहारिक कदम है। आदित्यनाथ ने कहा कि दुग्ध विकास के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश में महिला सशक्तीकरण को नया आयाम मिला है। झांसी की बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी सहित आगरा व गोरखपुर आदि जिलों में दुग्ध विकास में महिलाओं की भूमिका को रेखांकित करते हुए उन्होंने इसमें सहयोग के लिए एनडीडीबी की भूमिका की सराहना की।

# CM तक पहुंचा भाजपा विधायक समर्थकों और एसडीएम का मामला

महानगर संवाददाता

बांदा

उत्तर प्रदेश के जिले में रविवार देर रात एसडीएम नरैनी अमित शुक्ला ने सदर सीट से भाजपा विधायक प्रकाश द्विवेदी के करीबी माने जा रहे लोगों के दो ओवरलोडेड ट्रकों को सीज कर दिया, जिससे बवाल मच गया। आरोप है कि इसी कार्रवाई से नाराज होकर विधायक समर्थकों ने एसडीएम के काफिले पर हमला कर दिया। इस दौरान एसडीएम की गाड़ी पलटाने की कोशिश की गई उनसे अभद्रता की गई और उनके चालक के साथ मारपीट की गई। एसडीएम के चालक ने चार नामजद समेत 25- 30 अज्ञात लोगों के खिलाफ गिरवां थाने में मुकदमा दर्ज करा दिया। घटना के समय भाजपा विधायक प्रकाश द्विवेदी की उपस्थिति पाये जाने पर विपक्ष ने मामले को तूल दे दिया। सोमवार को यह मामला सोशल मीडिया में सुर्खियां बटोरता रहा। जिससे मामले का संज्ञान मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा भी लिया गया है।

### मचा घमासान, विपक्ष ने भी ली चुटकी



दर्ज कराए गए मुकदमे के अनुसार, विधायक के लगभग 25-30 समर्थक आधा दर्जन से अधिक चारपहिया वाहनों में घटनास्थल पर पहुंचे थे और उन्होंने सीज किए गए ट्रकों को छोड़े जाने का दबाव बनाया। जब एसडीएम ने नियम के अनुसार कार्रवाई करने से इनकार किया तो स्थिति हिंसक हो गई। घटना के वक्त भाजपा विधायक प्रकाश द्विवेदी की मौके पर उपस्थिति की भी चर्चा है, लेकिन एफआईआर में न तो उनकी चर्चा है और न ही उनका नाम दर्ज है। एसडीएम के चालक की शिकायत पर दर्ज प्राथमिकी में चार लोगों को नामजद किया गया है। मामला जब सोशल मीडिया पर वायरल हुआ और राजनीतिक तापमान चढ़ने लगा तो विधायक प्रकाश द्विवेदी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपनी स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने आरोपों को सिरे से नकारते हुए कहा कि एसडीएम के साथ कोई अभद्रता नहीं की गई, बल्कि वे अवैध वसूली का विरोध कर रहे थे। विधायक ने आरोप लगाया कि नरैनी क्षेत्र में प्रति ट्रक आठ हजार रुपये की अवैध वसूली हो रही है, जिसके खिलाफ उन्होंने आवाज उठाई है।

मामला जब मुख्यमंत्री कार्यालय तक पहुंचा तो शासन-प्रशासन में हड़कंप मच गया। मंडलायुक्त अजीत कुमार ने जिलाधिकारी जे. रीभा से पूरे घटनाक्रम की रिपोर्ट तलब की है।

# बारिश के चलते कच्चे मकान की गिरी दीवार मलबे में दबा परिवार... महिला की मौत



**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश में कौशांबी के बुधवार की सुबह अचानक एक कच्चा मकान भरभरा कर गिर गया। जिसके मलबे में दबकर एक विवाहिता की मौत हो गई। परिवार के अन्य सदस्य बाल-बाल बच गए। परिजनों की चीख पुकार पर पहुंचे ग्रामीणों की मदद से महिला के शव को बाहर निकाला गया। घटना की सूचना पर नायब तहसीलदार के साथ राजस्व निरीक्षण व लेखपाल पहुंचे। वही पश्चिम शरीरा कोतवाली पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाई शुरू कर दी है। बता दें जिले के मंझनपुर तहसील क्षेत्र के रामाधीन का पूरा गांव निवासी इन्द्रपाल जो परिवार सहित कच्चा खपरैला नुमा माकान में अपना गुजर बसर करता है। एक सप्ताह से हो रही बारिश के कारण कच्चे मकान की दीवारों में आई सीलन के कारण बुधवार की सुबह-सुबह अचानक एक मकान की दीवार भरभरा कर गिर गई। कमरे में सो रही पत्नी शुमिया देवी (49) दीवार के मलबे में दब गई। जबकी परिवार के अन्य सदस्य बाल बाल बच गए। घटना को लेकर परिजनों की चीख पुकार सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने आनन-फानन मलबे में दबी महिला को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी, जिससे कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची नायब तहसीलदार मधु जैन सहित अन्य राजस्व कर्मियों ने घटना का अवलोकन कर रिपोर्ट एसडीएम को भेजा।

# 'मानव अब दानव हो गया...'

## बच्चियों के साथ घटनाओं को लेकर बोलीं महिला आयोग की सदस्य रेणु गौड़

महानगर संवाददाता

हाथरस

उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले की सदर तहसील में राज्य महिला आयोग की सदस्य रेणु गौड़ द्वारा महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सदर तहसील के सभागार कक्ष में महिला आयोग की सदस्या रेणु गौड़ ने पीड़ित महिलाओं की समस्या सुनी। इस दौरान उन्होंने कहा कि बच्चियों और महिलाओं के उत्पीड़न के मामलों में मानव अब दानव का रूप ले चुका है। 10 से 13 वर्ष तक की मासूम बच्चियों को भी नहीं छोड़ जा रहा है। महिलाओं



का उत्पीड़न हमेशा से होता आया है, महिला किसी का उत्पीड़न नहीं कर सकती। अब भी तमाम इसी घटनाएं सामने आई है।जिसमें महिलाएं उत्पीड़न का शिकार हो रही है। बता दें, कोतवाली हाथरस गेट स्थित सदर तहसील के सभागार कक्ष में राज्य महिला आयोग की सदस्या ने फरियादियों की फरियाद सुनी। वही राज्य महिला आयोग की सदस्या रेणु गौड़ ने बताया कि घरेलू हिंसा, संपति विवाद, मासूम बच्चियों के साथ घटनाओं के मामले सामने आते है। आयोग कई मामलों में दोनों पक्षों को सुनकर समस्याओं का समाधान करता है। किशोरियों के अपरहण के मामले ज्यादातर सामने आते है। जिसमें नाबालिग किशोरियों का बहला फुसलाकर ले जाना कहते है कि यह अपनी मर्जी से आई है। इतना बड़ा बच्चा क्या अपना भला बुरा सोच सकता है। राज्य महिला आयोग की सदस्य ने हाल की कुछ गंभीर घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि एक मामले में एक व्यक्ति ने गर्भवती महिला की गला दबाकर हत्या कर दी। फिरोजाबाद में एक बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या की घटना सामने आई। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं में आयोग पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर पीड़िताओं को न्याय दिलाने का काम करता है। महिला जन सुनवाई कार्यक्रम में पुलिस अधिकारी सहित कई विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# शुभांशु शुक्ला की शुरु हुई स्पेस यात्रा...

## मां की आंखों में आंसू, पिता गौरवान्वित



**लखनऊ।** एक तस्वीर उस पूरी कहानी को बयां कर देती है, जिन्हें आप शब्दों में बयां नहीं कर सकते। शुभांशु शुक्ला के अंतरिक्ष का सफर शुरू हो चुका है। एक्सिओम-4 मिशन ने अमेरिका के फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से जैसे ही उड़ान भरी, भारत के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने इतिहास रच दिया। 41 साल बाद एक बार फिर कोई भारतीय अंतरिक्ष की यात्रा पर गया है। अपने बेटे की अंतरिक्ष यात्रा को देखने पहुंचे शुभांशु के माता-पिता की आंखों में गर्व और सफलता की पूरी कहानी पढ़ी जा सकती थी। अंतरिक्ष यात्री के तौर पर शुभांशु शुक्ला ने अपना नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज करा लिया है।

### मां की आंखों में दिखे आंसू

लखनऊ के सीएमएस स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शुभांशु शुक्ला का परिवार एक्सिओम-4 मिशन की उड़ान का गवाह बना। फाल्कन 9 रॉकेट पर एक नए स्पेसएक्स ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट पर सवार होकर फ्लोरिडा के अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से उड़ान की उलटी गिनती जैसे ही शुरू हुई, शुभांशु की मां हाथ जोड़कर प्रार्थना करती नजर आईं। उनकी आंखों में आंसू थे। बेटा अंतरिक्ष में अकेला जो जा रहा था। वहीं, शुभांशु के पिता की आंखें इस ऐतिहासिक उड़ान को देखकर गर्व से भरी दिख रही थी।

### बहन हुईं अधिक भावुक

शुभांशु शुक्ला की बहन इस मौके पर अधिक भावुक हो रही थीं। उन्होंने कहा कि अभी एक्साइटमेंट की कोई लिमिट नहीं है। उन्होंने बताया कि आज सुबह मिशन पर जाने से पहले शुभांशु ने हम लोगों से बात की है। शुभांशु शुक्ला ने अन्य परिवार वालों ने कहा कि हमारे लिए बहुत खुशी का पल है। इतनी दूर हमसे पहली बार जा रहा है। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कि शुभांशु सभी मिशन पूरा करके सुरक्षित घर वापसी करें। वहीं, शुभांशु की माताजी ने बताया कि हमने सुबह को लड्डू गोपाल को दही-चीनी खिलाया। वीडियो कॉल के जरिए अपने बेटे को भी दही-चीनी खिलाया है। शुभांशु के अगले 14 दिन अंतरिक्षम में अच्छे से बीतेंगे, इस बात की पूरी उम्मीद है। हमें किसी प्रकार का कोई डर नहीं है।

### शुभांशु कर रहे संचालन

मिशन का संचालन भारत के IAF ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला कर रहे हैं। क्रू कंपनी के फाल्कन 9 रॉकेट पर एक नए स्पेसएक्स ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट पर सवार होकर अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) की यात्रा कर रहा है। इस मिशन का नेतृत्व अमेरिका की कमांडर पैगी व्हिटसन कर रही हैं, जिसमें भारत के IAF ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला मिशन पायलट हैं। हंगरी के अंतरिक्ष यात्री टिबोर कपू और पोलैंड के स्लावोज उज्नान्स्की-विस्नीव्स्की मिशन विशेषज्ञ हैं।

# सुहागरात पर धरा रह गया दूध का गिलास

# बेडरूम में दूल्हे के घुसते ही दुल्हन ने निकाल लिया चाकू

महानगर संवाददाता

प्रयागराज

सुहागरात को लेकर दूल्हा और दुल्हन तरह-तरह के सपने संजोकर बैठते हैं, लेकिन कुछ मामलों में ये सपने केवल सपने बनकर ही रह जाते हैं। ऐसा ही एक मामला यूपी के प्रयागराज जिले से सामने आया है। यहां एक युवक शादी करके अपनी दुल्हन को घर ले आया, लेकिन दुल्हन के दिमाग में अलग ही खिचड़ी पक रही थी। बेडरूम में दूल्हे के लिए दूध का गिलास तो पहुंचा चुका था, लेकिन वह केवल धरा रह गया। जैसे ही दूल्हा बेडरूम में घुसा तो बेड पर बैठी दुल्हन ने चेहरा फेर लिया। दूल्हा जब दुल्हन के नजदीक आया तो दुल्हन ने चाकू निकाल लिया। दुल्हन के हाथ में चाकू देखकर दूल्हे



के अरमान धरे के धरे गए। दुल्हन दूल्हे को धमकाने लगी अगर पास आए तो टुकड़े-टुकड़े कर दूंगी। मामला लगभग एक महीने पुराना है। अब जब परिवार की ओर से थाने में तहरीर दी गई तो इसकी जानकारी हुई। पुलिस ने अभी मुकदमा दर्ज नहीं किया है। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों में शादी में दिए गए सामान की वापसी का विवाद चल रहा है। तहरीर में जो आरोप लगाए गए हैं, उसकी जांच की जा रही है।

नैनी क्षेत्र के एक युवक की 29 अप्रैल को करछना क्षेत्र की एक युवती से शादी हुई थी। शादी के तीन दिन बाद जब दूल्हे ने अपनी पत्नी की करतूत घरवालों को बताई तो उनके होश उड़ गए। उसका आरोप है कि सुहागरात में पत्नी चाकू लेकर बैठी थी। जब वह कमरे में पहुंचा तो पत्नी चाकू दिखाते हुए छूने पर 35 टुकड़े करने की धमकी दी। उसने एक अन्य युवक से प्रेम संबंध होने और उसी के साथ रहने की बात कही। लोकलाज से वह चुप रहा, लेकिन यह सिलसिला तीन-चार दिन तक चलता रहा। इसके बाद उसने परिजनों को जानकारी दी तो कन्या पक्ष को बुलाया गया।

# DGP ने दिया संगठित अपराध पर कार्रवाई और महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देने के निर्देश

महानगर संवाददाता

सुलतानपुर

उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने मंगलवार रात सुलतानपुर का दौरा किया। पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय सभागार में आईजी अयोध्या प्रवीण कुमार, डीएम कुमार हर्ष और एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने उनका स्वागत किया। उसके बाद DGP राजीव कृष्ण ने मीटिंग कर DM कुमार हर्ष व SP कुंवर अनुपम सिंह को कानून व्यवस्था को लेकर ज़रूरी दिशा निर्देश दिए।

डीजीपी ने जनपद के सभी राजपत्रित अधिकारियों से मुलाकात की। उन्होंने रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने की बात कही। उन्होंने अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस



की नीति पर जोर दिया। संगठित अपराध और माफियाओं पर कड़ी कार्रवाई के आदेश दिए। महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को प्राथमिकता देने को कहा।

डीजीपी ने जनता की शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर बल दिया। कानून तोड़ने वालों के प्रति कोई सहानुभूति न दिखाने के निर्देश दिए। साइबर अपराधों से निपटने के लिए उन्नत तकनीक के इस्तेमाल पर जोर दिया। स्मार्ट पुलिसिंग के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग की बात कही।

# अब यूपी में मुगल शासन नहीं आएगा

## अखिलेश सीजनल हिंदू; सपा प्रमुख पर बरसे संगीत सोम

महानगर संवाददाता

मेरठ

यूपी के मेरठ में भाजपा नेता व पूर्व विधायक संगीत सोम सपा प्रमुख पर जमकर बरसे हैं। उन्होंने कहा कि यूपी में अब मुगल शासन नहीं आएगा। पीडीए पाकिस्तान डेवलमेंट अथॉरिटी है। अखिलेश यादव को सीजनल हिंदू बताते हुए संगीत सोम ने कहा कि अगर उन्हें हिंदू बनना है तो परमानेंट हिंदू बनें। मंगलवार को जिले के सराधना में चल रहे बूढ़ा बाबू मेले में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के फायर ब्रांड नेता संगीत सोम पहुंचे। इस दौरान पूर्व विधायक



ने विपक्ष पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि वे भूल गए हैं कि अब उत्तर प्रदेश में वह सरकार नहीं है, जो आतंकियों को छोड़ दिया करती थी। अब वह सरकार नहीं है, जो तुष्टिकरण की राजनीति करती थी। अब वह सरकार भी नहीं है, जो सिर्फ एक वर्ग विशेष के लिए काम करती थी। आज की सरकार 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' के सिद्धांत पर काम कर रही है।

संगीत सोम ने आगे कहा, 'ताज्जुब होता है कि अखिलेश यादव कहते हैं कि पीडीए के लोग सावन के पहले सोमवार को बाबा विश्वनाथ पर जलाभिषेक करेंगे। अखिलेश यादव जी, सीज़नल हिंदू मत बनिए। अगर हिंदू बनना है तो परमानेंट बनिए लेकिन आप बन नहीं सकते। मैं पहले भी कहता रहा हूं कि आप उत्तर प्रदेश में मुगल शासन के आखिरी शासक थे। अब यूपी में न तो मुगलों का शासन लौटेगा और न ही आप शासक बन सकेंगे।'

### प्रेमिका से मिलने पहुंचा था प्रेमी

# लड़की की मां के साथ आए गांववाले, जबरन करा दी शादी

कुशीनगर। यूपी के कुशीनगर में एक युवती की मां और गांववालों के द्वारा प्रेमी-प्रेमिका की जबरन शादी करा देने का मामला चर्चा में है। घटना का कथित वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। हालांकि 'लाइव हिन्दुस्तान' वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। युवक के परिवारवालों की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। आरोप है कि एक मंदिर पर जब एक युवक और युवती मिल रहे थे तभी युवती की मां के साथ आए गांववालों ने उन्हें घेर लिया



और युवक से जबरन युवती की मांग भरवा दी। मामला कुशीनगर के हाटा कोतवाली क्षेत्र के माता मंझरिया देवी स्थान परिसर का है। युवक से जबरन युवती की मांग में सिन्दूर डलवाने का वीडियो मंगलवार से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो की इलाके में काफी चर्चा है। लोगों का कहना है कि हाटा कोतवाली के सुकरौली कस्बा निवासी एक युवक का हाटा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी 20 साल की युवती से पिछले तीन वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था।

# ई-रिक्शा पर महिला ने बच्चे को दिया जन्म

## हॉस्पिटल स्टाफ नदारद, मरीज भगवान भरोसे

महानगर संवाददाता

बुलंदशहर

उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही का एक मामला सामने आया है। जिला महिला चिकित्सालय में एक गर्भवती महिला को लेकर उसके परिजन पहुंचे। महिला की हालत गंभीर बता कर उसे प्राइवेट किसी चिकित्सक में ले जाने के अस्पताल परिषद में महिला की डिलीवरी हो गई। इसके बाद अस्पताल में हड़कंप मच गया। जच्चा-बच्चा को अस्पताल में भर्ती कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार बुलंदशहर क्षेत्र के महिला अन्नपूर्णा पत्नी कुशल पाल निवासी गांव सदरपुर मंगलवार की देर रात जिला महिला



चिकित्सालय में डिलीवरी के लिए पहुंची, परिजनों ने आरोप लगाया कि ड्यूटी पर तैनात महिला डॉक्टर ने मरीज को किसी प्राइवेट चिकित्सालय ले जाने के लिए कह दिया और अपना पल्ला झाड़ लिया। परिजनों द्वारा जब मरीज को वहीं भर्ती कर इलाज करने का अनुरोध किया गया, तो डॉक्टर पर अभद्रता करने का आरोप परिजनों द्वारा लगाया गया है, इसके बाद परिजन गर्भवती महिला को जैसे ही चिकित्सालय से लेकर बाहर निकल ही रहे थे कि महिला चिकित्सालय परिसर में ही ई-रिक्शा में बिठाते टाइम ही महिला की डिलीवरी हो गई और बच्चे को जन्म दे दिया। इसके बाद आनन फानन में महिला को ड्यूटी पर तैनात स्टाफ ने अस्पताल में भर्ती कराया।

वहीं इस मामले में महिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. अजय पटेल का कहना है कि स्टाफ और डॉक्टरों की लापरवाही सामने आई है। जांच की जा रही है जो भी दोषी होगा उसपर कार्रवाई की जाएगी।

# हमीरपुर में बदमाशों की दहशत

- असलहे के बल पर सीमेंट फैक्ट्री में घुसे
- गेट तोड़कर ट्रक उड़ा ले गए

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में एक सीमेंट फैक्ट्री में अवैध असलहे से लैश बदमाशों ने धावा बोलकर गेट तोड़ डाला। सुरक्षा कर्मियों पर असलहा तानकर फैक्ट्री के अंदर से ट्रक लेकर भाग गए। घटना से फैक्ट्री में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस ने ट्रक लेकर भागे दबंगों की तलाश शुरू कर दी है।

यह सनसनीखेज वारदात हमीरपुर जिले के सुमेरपुर कस्बे के औद्योगिक नगरी में संचालित जेके सीमेंट फैक्ट्री में हुई। जिसे लेकर फैक्ट्री के प्रबंधन दहशत में है। पिछले दिनों जेके सीमेंट फैक्ट्री में एक ट्रक सीमेंट लादने आया था। फैक्ट्री के अंदर दाखिल होते ही ट्रक की सुरक्षा कर्मियों ने जांच की तो पाया कि ट्रक के चेचिस नंबर के साथ नंबर प्लेट फर्जी है। मामला संदिग्ध देख फैक्ट्री के सुरक्षा कर्मियों ने इस ट्रक को फैक्ट्री के अंदर यार्ड में खड़ा करा दिया। इसकी जानकारी जैसे ही ट्रक मालिक को हुई तो उसने फोन कर फैक्ट्री कर्मियों को ट्रक छोड़ने की धमकी दी। धमकी का कोई असर न होने पर ट्रक मालिक ने अपने तमाम अवैध असलहे से लैस बदमाशों के साथ फैक्ट्री में धावा बोल दिया। फैक्ट्री का मेन गेट तोड़कर सुरक्षा कर्मियों के सीने पर अवैध असलहे लगा दिए। इसके बाद फैक्ट्री के अंदर यार्ड में खड़ा ट्रक दबंग लोग ले गए।



# बेल के बाद 28 दिनों तक जेल में रखा

## SC ने UP सरकार को फटकारा
## देना होगा 5 लाख का मुआवजा

महानगर संवाददाता

गाजियाबाद

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को उत्तर प्रदेश सरकार को कड़ी फटकार लगाते हुए गाजियाबाद जेल में एक कैदी को जमानत के बावजूद 28 दिन तक जेल में रखने के लिए 5 लाख रुपये का अंतरिम मुआवजा देने का आदेश दिया है। अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि इस देरी की न्यायिक जांच की जाए और अगर किसी अधिकारी की लापरवाही सामने आती है तो यह मुआवजा उनसे वसूला जाए।

न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन और न्यायमूर्ति एनके सिंह की पीठ ने कहा, "व्यक्तिगत स्वतंत्रता को बेकार की तकनीकी त्रुटियों और अप्रासंगिक भूलों की वजह से नहीं छीना जा सकता है। जब जमानत आदेश में अपराध और अभियुक्त की पहचान स्पष्ट हो तो फिर ऐसा क्यों किया गया?" पीठ ने यह भी कहा कि कोई उपधारा न होना क्या इतना बड़ा कारण है कि जेल में कैदी को बंद रखा जाए? उन्होंने इसे कर्तव्य में गंभीर चूक करार दिया।

इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 29 अप्रैल को जमानत मंजूर की थी और रिहाई का आदेश 27 मई को जारी हुआ, लेकिन कैदी को 24 जून को रिहा किया गया। यानी पूरे 28 दिन बाद। वजह के बारे में कहा गया कि जमानत आदेश में एक उपधारा का उल्लेख नहीं था। कोर्ट ने कहा कि जब सभी अधिकारियों को अपराध, धाराएं और आरोपी की पहचान स्पष्ट थी तो उस एक तकनीकी त्रुटि को आधार बनाकर रिहाई में देरी बहाना और लापरवाही की निशानी है। सुनवाई के दौरान गाजियाबाद जेल अधीक्षक कोर्ट में स्वयं उपस्थित हुए, जबकि यूपी डीआईजी (जेल) ने वर्चुअल उपस्थिति दर्ज कराई। डीआईजी ने कोर्ट को आश्वस्त किया कि जेल अधिकारियों को संवेदनशील बनाने के लिए कदम उठाए जाएंगे और ऐसी घटनाएं दोबारा नहीं होंगी। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि केवल विभागीय जांच से बात नहीं बनेगी। इसलिए गाजियाबाद के प्रधान जिला न्यायाधीश को जांच सौंपते हुए निर्देश दिया कि वे यह पता लगाएं कि रिहाई में देरी के कारण क्या थे? क्या यह उपधारा का न होना था या कोई और गंभीर कारण है? क्या इसमें किसी अधिकारी की घोर लापरवाही या दुर्भावना दिखती थी?



# चूहे ने मचाया हमसफर एक्सप्रेस में हड़कंप, AC कोच में शॉर्ट सर्किट

**कानपुर।** चूहों की कारस्तानी कई बार लोगों को दहशत में डाल देते हैं। नया मामला एक ट्रेन का है। जहां दिल्ली से कटिहार जा रही हमसफर एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 15706 कानपुर का पनकी धाम स्टेशन क्रास किया तो एक एसी कोच के इलेक्ट्रिक पैनल में चूहे की वजह से शॉर्ट सर्किट हो गया। इससे पूरे कोच में धुआं भर गया। जिससे फायर अलार्म के साथ ही सायरन बजने लगा। इससे यात्री दहशत में आ गए। चलती ट्रेन में दो इलेक्ट्रीशियनों ने पैनल से मरा चूहा निकाला और यात्रियों को बताया यह रोज की दिक्कत है, सभी सुरक्षित हैं और आग जैसी कोई बात नहीं है।



भारत की वीआईपी ट्रेनों में शुमार हमसफर दिल्ली जंक्शन से शाम करीब 4:45 पर छूटी। ट्रेन रात करीब 9:10 बजे के आसपास पनकी धाम स्टेशन से आगे ही बढ़ी थी कि बी-8 कोच में धुआं भर गया। इसके तुरंत बाद सायरन के साथ ही फायर अलार्म बजने लगा। अलार्म बोगी में आग लगने के लिए यात्रियों को अलर्ट कर रहा था। पूरे कोच धुआं और दुर्गंध भरने से महिलाएं, बच्चे और बड़े सभी छटपटाने लगे। ट्रेन में तैनात सुरक्षा जवानों ने इलेक्ट्रीशियन को सूचित किया।

# हिमाचल में कुल्लू के बाद अब धर्मशाला में भारी बारिश से तबाही



महानगर नेटवर्क

शिमला

हिमाचल प्रदेश में मानसूनी बारिश से भारी तबाही मची है। कुल्लू में बादल फटने की घटना के बाद अब कांगड़ा से बड़ी तबाही की खबर सामने आई है। कांगड़ा जिला मुख्यालय धर्मशाला के समीप खनियारा में मणुणी खड्ड में अचानक आई बाढ़ से बड़ा हादसा हो गया। इंदिरा प्रियदर्शनी हाइड्रो प्रोजेक्ट के पास अस्थायी शेड में रह रहे मजदूर तेज बहाव की चपेट में आ गए। अनुमान है कि 15 से 20 मजदूर बाढ़ में बह गए। अब तक दो मजदूरों के शव बरामद कर लिए गए हैं, जिनकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा ने इस हादसे की पुष्टि करते हुए इसे अत्यंत दुखद और हृदय विदारक बताया। उन्होंने कहा कि सभी मजदूर खड्ड किनारे बने शेड में रह रहे थे, जब मणुणी खड्ड में अचानक सैलाब आया जिससे इलाका जलमग्न हो गया। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति और पीड़ित परिवारों को संबल देने की ईश्वर से प्रार्थना की।

### पहले ही की गई थी मलबा डंप करने की शिकायत

स्थानीय पंचायत द्वारा पहले ही प्रोजेक्ट कंपनी के खिलाफ मणुणी खड्ड में भारी मलबा डंप करने की शिकायत की गई थी, लेकिन कंपनी की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

**SDRF ने संभाला मोर्चा**

घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन ने राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया है। SDRF और स्थानीय पुलिस की टीमें मौके पर मौजूद हैं। एक शव लूंटा क्षेत्र से बरामद किया गया है, जबकि दूसरा शव नगुणी के पास खड्ड किनारे स्थानीय लोगों द्वारा पाया गया है। बताया जा रहा है कि बहने वाले सभी मजदूर प्रवासी थे, जो हाइड्रो प्रोजेक्ट के निर्माण में लगे थे।

## 15 से 20 के बहने की आशंका

**दो डेड बॉडी बरामद**

धर्मशाला के एसडीएम मोहित रत्न ने बताया कि बहने वालों की संख्या और नुकसान का आकलन किया जा रहा है। कांगड़ा की एसएसपी शालिनी अग्निहोत्री ने कहा कि अब तक दो शव बरामद किए गए हैं और राहत कार्य जारी है।

**भारी बारिश का दौर जारी**

मौसम विभाग के अनुसार बीते 24 घंटों में पालमपुर में सबसे अधिक 150 मिमी बारिश दर्ज की गई है। इसके अलावा जोगिंदरनगर में 110 मिमी, नाहन और बैजनाथ में 90 मिमी, रेणुका में 80, पांवटा में 60, और गोहर में 50 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई है।

**1 जुलाई तक मौसम रहेगा खराब**

मौसम विभाग ने 26 जून को कांगड़ा, मंडी, शिमला और सोलन में भारी बारिश की चेतावनी दी है, जबकि चंबा, सिरमौर और शिमला सहित पांच जिलों में फ्लैश फ्लड का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

# थरूर पर खड़गे बोले- कुछ लोगों के लिए मोदी फर्स्ट

### शशि का जवाब- पंख आपके, आसमान किसी का नहीं



महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली/मॉस्को

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दिल्ली में बुधवार को शशि थरूर को लेकर कहा कि मैं अंग्रेजी नहीं पढ़ सकता, लेकिन उनकी (थरूर की) लैंग्वेज बहुत अच्छी है। इसलिए हमने उन्हें पार्टी की वर्किंग कमेटी का मेंबर बनाया है। मैं यह कहना चाहता हूं कि पूरे विपक्ष ने मिलकर कहा कि हम आर्मी के साथ हैं। हमारे लिए देश पहले है, लेकिन कुछ लोगों के लिए मोदी फर्स्ट हैं।

खड़गे के बयान के कुछ ही मिनट बाद शशि थरूर ने 'X' पर लिखा- उड़ने की इजाजत मत मांगो। पंख तुम्हारे अपने हैं और आसमान किसी एक का नहीं है।

दरअसल सोमवार को द हिंदू में पब्लिश एक आर्टिकल में थरूर ने लिखा था कि मोदी की ऊर्जा, गतिशीलता और जुड़ने की इच्छा वैश्विक मंच पर भारत के लिए प्रमुख संपत्ति बनी हुई है, लेकिन उन्हें और ज्यादा सपोर्ट मिलना चाहिए।

इस आर्टिकल को थरूर का कांग्रेस पार्टी को नाराज करने और उसकी लीडरशिप के साथ उनके संबंधों में बढ़ती दरार के रूप में देखा गया। हालांकि कांग्रेस ने थरूर के बयान से यह कहकर किनारा कर लिया कि यह उनकी निजी राय सकती है, पूरी पार्टी की नहीं।

शशि थरूर ने कहा था-ऑपरेशन सिंदूर के बारे में उनका आर्टिकल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पार्टी BJP में शामिल होने का संकेत नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय एकता, हित और भारत के लिए खड़े होने का बयान है।


महाराष्ट्र शासन
सार्वजनिक बांधकाम विभाग
**कार्यकारी अभियंता, सार्वजनिक बांधकाम विभाग, अमळनेर**
दुरध्वनी क्रमांक ०२५८७-२२४११२
e-mail: amalner.ee@mahapwd.gov.in

**ई-निविदा सुचना क्रमांक ०९ सन २०२५-२०२६ शुध्दीपत्रक क्र.१**

कार्यकारी अभियंता, सार्वजनिक बांधकाम विभाग, अमळनेर हे कुठलेही सक्षम कंत्राटदार जे निवीदेतील अटी व शर्ती पुर्ण करतील अशा कंत्राटदारांकडून खालील कामांकरीता ब-२ नमुन्यातील निवीदा ई-निवीदा प्रणालीव्दारे (ऑनलाईन) मागवीत आहेत. निवीदा कागदपत्रे महाराष्ट्र शासनाचे संकेतस्थळ **http://mahatenders.gov.in** येथून डाऊनलोड करण्यात यावी. कोणतीही किंवा सर्व निवीदा स्विकारण्याचा अथवा नाकारण्याचा अधिकार अधिक्षक अभियंता / कार्यकारी अभियंता, यांनी राखून ठेवलेला आहे. तसेच अट असलेली कोणतीही निवीदा स्विकारली जाणार नाही.

वरील निविदा सुचनेत एकूण **०१ (एक)** काम असून त्यात रस्ते कामे समाविष्ठ असून कामांच्या निविदांची संपूर्ण माहिती दिनांक **२६/०६/२०२५ ते ०५/०७/२०२५ रोजी संध्याकाळी १७.०० वाजेपर्यंत** डाऊन लोडींगसाठी http://mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर उपलब्ध करुन देण्यात आलेली आहे.

सदरची विस्तृत निविदा सुचना http://mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर व सार्वजनिक बांधकाम विभागाच्या www.mahapwd.gov.in या संकेतस्थळावर उपलब्ध आहे. तसेच कार्यकारी अभियंता, सार्वजनिक बांधकाम विभाग, अमळनेर यांचे कार्यालयातील नोटीस बोर्डावर उपलब्ध आहे.

**सही/-**
**कार्यकारी अभियंता**
**सार्वजनिक बांधकाम विभाग अमळनेर**

**DGIPR/2025-26/C1353**



[illegible]
१) [illegible] २) [illegible]
३) [illegible] ४) [illegible]
५) [illegible]
[illegible] ४२१ [illegible]
[illegible] ४/[illegible]/२५ [illegible]
[illegible]/-
[illegible]


# 'बुलडोजर न्याय का पैटर्न परेशान करने वाला'

**हाईकोर्ट ने कहा–** तहसीलदार की सैलरी से काटे जाएं 2 लाख रुपये



महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली


ओडिशा हाईकोर्ट ने बुलडोजर एक्शन के एक मामले में बेहद सख्त रुख दिखाया है। अदालत ने राज्य सरकार से कहा कि वह दस लाख रुपये का मुआवजा दे और इसमें से 2 लाख रुपये तहसीलदार की सैलरी से काटे जाने का आदेश दिया। अदालत ने कहा कि बुलडोजर न्याय का पैटर्न बेहद परेशान करने वाला है। बताना होगा कि बुलडोजर की कार्रवाई को लेकर सुप्रीम कोर्ट भी सख्त दिशा-निर्देश लागू कर चुका है। यह मामला ओडिशा में एक गोष्ठीगृह/सामुदायिक केंद्र के निर्माण का है। गोष्ठीगृह/सामुदायिक केंद्र ऐसी जमीन पर था जो गोचर (चारागाह भूमि) के रूप में क्लासीफाइड थी और यह Odisha Prevention of Land Encroachment Act, 1972 (OPLE Act) के अंतर्गत आती है। 1985 से यहां गोष्ठीगृह/सामुदायिक केंद्र किसी न किसी रूप में था और 1999 में सुपर साइक्लोन आने के बाद इसकी मरम्मत भी की गई थी।

**इस मामले में आखिर क्या आरोप हैं?**

आरोप यह है कि यह जमीन गोचर के रूप में क्लासीफाइड है, लेकिन अधिकारियों ने कभी भी इस बात पर आपत्ति नहीं जताई कि यहां पर गोष्ठीगृह/सामुदायिक केंद्र बनाया गया है। जबकि गांव के लोग इस जमीन (जहां पर गोष्ठीगृह/सामुदायिक केंद्र बना) के बदले में कुछ जमीन लेने-देने के लिए भी तैयार थे। जुलाई, 2024 में OPLE Act के जरिए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई और नोटिस जारी किया गया। याचिकाकर्ताओं ने इसे हाईकोर्ट में चुनौती दी। हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ताओं से कहा कि वे OPLE Act की धारा 8 ए के तहत अपनी याचिका दायर करें।

# अब पुतिन पर ट्रंप की नजरें टेढ़ीं, बोले– खत्म करो जंग

### वरना दुश्मन को सौंप देंगे अचूक सुरक्षा कवच



महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

नीदरलैंड्स के हेग शहर में आयोजित नाटो समिट में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर बड़ी घोषणा की। ट्रंप ने बुधवार को यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की के साथ उच्चस्तरीय बैठक के बाद कहा कि अमेरिका यूक्रेन को और पैट्रियट मिसाइल सिस्टम देने पर गंभीरता से विचार कर रहा है। उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को भी कड़ा संदेश दिया कि अब पुतिन को जंग खत्म करनी होगी और वे जल्द ही उनसे बात करेंगे। ज़ेलेंस्की से मुलाकात के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में ट्रंप ने संकेत दिया कि अमेरिका यूक्रेन को अतिरिक्त Patriot एयर डिफेंस सिस्टम उपलब्ध करा सकता है। उन्होंने कहा, ऱ्ये मिसाइलें बहुत मुश्किल से मिलती हैं, लेकिन हम देख रहे हैं कि क्या इनमें से कुछ यूक्रेन को उपलब्ध कराई जा सकती हैं। पैट्रियट मिसाइल बैटरियां एक आधुनिक वायु रक्षा प्रणाली हैं, जिन्हें अमेरिका ने विकसित किया है। इनका मुख्य उद्देश्य दुश्मन के मिसाइल, ड्रोन या लड़ाकू विमान को हवा में ही मार गिराना होता है। यह सिस्टम कई हिस्सों से मिलकर बना होता है-जैसे कि रडार जो दुश्मन की गतिविधि को पहचानता है, कंट्रोल सिस्टम जो मिसाइल चलाने का आदेश देता है और लॉन्चर जो मिसाइल दागता है।

जब कोई दुश्मन मिसाइल या विमान सीमा के पास आता है, तो यह सिस्टम उसे तुरंत ट्रैक करता है और जवाबी मिसाइल छोड़कर उसे हवा में ही खत्म कर देता है।

# पूर्व जज समेत 972 लोग थे PFI का टारगेट



**नई दिल्ली।** प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (PFI) ने करीब 972 लोगों को निशाना बनाने के लिए एक सूची बनाई थी, जिसमें केरल के एक पूर्व जिला न्यायाधीश का नाम भी है। यह खुलासा राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) द्वारा यहां एक अदालत में जमा किए गए दस्तावेजों से हुआ है। एनआईए के इन दस्तावेजों के अनुसार पीएफआई ने अपनी गुप्त 'रिपोर्टर्स विंग' के माध्यम से अन्य समुदायों के लोगों के पद, नाम, आयु, तस्वीर समेत व्यक्तिगत जानकारी जमा की। एनआईए ने दावा किया कि पीएफआई की तीन इकाई हैं जिनमें 'रिपोर्टर्स विंग', 'फिजिकल एंड आर्म्स ट्रेनिंग विंग/पीई' और 'सर्विस विंग/हिट टीम्स' हैं।

# लॉरेंस बिश्नोई का इंटरव्यू लेने जेल कैसे पहुंचा रिपोर्टर?



**नई दिल्ली।** जेल के अंदर कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का इंटरव्यू लेने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सख्त नाराजगी जताते हुए पंजाब पुलिस के पूर्व पुलिस अधीक्षक (DSP) गुरशेर सिंह संधू की याचिका ना सिर्फ खारिज कर दी बल्कि नाराजगी जताते हुए पूछा कि जेल के अंदर रिपोर्टर कैसे पहुंचा। संधू ने अपनी याचिका में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 41ए के तहत नोटिस जारी करने को चुनौती दी थी। जस्टिस केवी विश्वनाथन और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की खंडपीठ ने कहा कि संधू की रिट याचिका, जिसमें इसी तरह की घटना से उत्पन्न कार्यवाही को रद्द करने की मांग की गई है, पहले से ही पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में लंबित है और 3 जुलाई को उस पर सुनवाई होनी है। पीठ ने संधू की अर्जी वापस लिया हुआ मानकर खारिज करते हुए उनसे पूछा कि रिपोर्टर को लॉरेंस बिश्नोई का इंटरव्यू लेने के लिए जेल में कैसे पहुंचाया। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि बिश्नोई के साक्षात्कार से एक रात पहले संधू ही प्रभारी थे। संधू ने दलील दी थी कि एफआईआर में आरोपी के तौर पर नाम न होने के बावजूद उन्हें दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 41ए के तहत तलब किया जा रहा है।


**CHANGE OF NAME**

I, Mrs. Renu Anju Bernard Toppo, D/o Bernard Toppo residing at Building H, Flat No. 603, Maheshwari Nagar, Kondivita Road, MIDC, Andheri (East), Mumbai 400093 hereby declare that my full name is Mrs. Renu Anju Bernard Toppo instead of Mrs. Renu Anju Toppo. I request the concerned authorities to kindly make the necessary corrections in official records.


# चोरी के आरोपी को पुलिस ने गाड़ी के बोनट पर बैठाकर घुमाया

- जूतों की माला पहनाई



महानगर नेटवर्क

जम्मू

जम्मू के बख्शीनगर थाने की पुलिस ने मंगलवार को चोरी के एक आरोपी को अपनी गाड़ी के बोनट पर बैठाकर परेड करवाई। उसे जूतों की माला भी पहनाई गई। आरोपी को लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा था। इस पूरे घटनाक्रम में बड़ी संख्या में लोग पुलिस की गाड़ी के साथ चलते रहे। आरोपी इश्फाक कश्मीर का निवासी बताया जा रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। बोनट पर बैठाये गए चोरी के आरोपी के हाथ बंधे हुए थे, उसे जूतों की माला पहनाया और लोग अपने मोबाइल से वीडियो बनाते रहे। पुलिस अपनी गाड़ी में लगे लाउडस्पीकर से आरोपी के बारे में अनाउंसमेंट भी कर रही थी। पुलिस की इस कार्रवाई पर वाहवाही के साथ सवाल भी उठ रहे हैं। इस पूरी घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद जम्मू के एसएसपी जोगेंद्र सिंह ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। जम्मू उत्तरी क्षेत्र के एसडीपीओ एक सप्ताह के भीतर जांच कर रिपोर्ट देंगे। इस मामले में कुछ पुलिसकर्मियों के खिलाफ अनुशासन भंग करने की कार्रवाई हो सकती है। मामला कुछ यूं है कि चिनैनी निवासी सुरेंद्र सिंह मंगलवार की सुबह जीएमसी जम्मू में अपने पिता की जांच करवाने के लिए पहुंचा था। वहां उसने एक युवक को पहचान लिया, जिसने छह जून को जेब से लगभग 40 हजार रुपये चुरा लिए थे। पीड़ित सुरेंद्र ने जब उसे रोकने की कोशिश तो आरोपी ने ब्लेड से हमला कर घायल कर किया और फिर भागने लगा। इसके बाद पीड़ित व आस-पास के लोगों ने उसका पीछा किया और रेशमघर में दबोच लिया। इस बीच वहां गश्त कर रही पुलिस भी पहुंच गई और आरोपी को अपनी हिरासत में ले लिया। सुरेंद्र सिंह ने बताया कि गत छह जून को आरोपी जेब से रुपये चुराने के बाद वहां से भाग निकला। उस दिन यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में दर्ज हुई थी, जिसमें चोरी की पुष्टि हो गई थी। बख्शीनगर पुलिस के अनुसार मामले की जांच की जा रही है कि कहीं क्षेत्र में ऐसा कोई गिरोह तो सक्रिय नहीं है।

# टीच फॉर इंडिया ने 2026 फेलोशिप के लिए शुरू किए आवेदन

TEACHFORINDIA

**नई दिल्ली।** टीच फॉर इंडिया, जो कि शिक्षा में समानता के लिए काम करने वाला एक गैर-लाभकारी संगठन है, उसने अपने 2026 फेलोशिप कार्यक्रम के लिए आवेदन शुरू किए। इस फेलोशिप में चुने गए लोगों को बच्चों की ज़िंदगी बदलने का मौका मिलेगा और साथ ही वह भावनात्मक समर्पण के साथ भविष्य के दिग्गजों को तैयार कर सकेंगे। 2026 फेलोशिप के लिए आवेदन एक जुलाई 2025 से शुरू होंगे। टीच फॉर इंडिया फेलोशिप दो साल का पूरे समय और भुगतान वाला कार्यक्रम है, जो ज़िंदगी बदलने वाला अनुभव देता है। इसमें अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़े श्रेष्ठ लोगों को चुना जाता है। अब तक देशभर के 500 से ज्यादा कॉलेजों और यूनिवर्सिटीज और साथ ही 300 कंपनियों से फेलोज इस प्रोग्राम में जुड़ चुके हैं। इसकी चयन प्रक्रिया बहुत कठिन होती है, जिसमें देश के सबसे होनहार और उज्ज्वल युवा दिग्गजों को चुना जाता है। चुने गए फेलोज दो साल तक पूरी तरह से इंग्लिश-मीडियम सरकारी स्कूलों या कम फीस वाले प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाने का काम करते हैं।


**पनवेल महानगरपालिका**
**शहर अभियंता विभाग**
**ई-निविदा सुचना**

निविदा सुचना क्र. पमपा/बांधकाम/२३२३/प्र.क्र. २३/२१६७/२०२५ — दिनांक: २५/०६/२०२५

**आयुक्त, पनवेल महानगरपालिका खालील नमूद कामाकरीता सार्वजनिक बांधकाम विभाग, केंद्रीय सार्वजनिक बांधकाम विभाग, महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण, सिडको इत्यादी शासकीय / निम शासकीय (Central Government / State Government/ Government under taking) विभागात खालील कामासाठी नोंदणीकृत पात्र अनुभवी ठेकेदाराकडून बी-१ शतमान पध्दतीनुसार ई-निविदा मागवित आहेत.**

| अ. क्र. | निविदा क्र. | कामाचे नाव | निविदा रक्कम ₹ (Without GST) |
|---|---|---|---|
| १. | PMC/CE/४३/२०२५-२६ | पनवेल महानगरपालिका हद्दीतील नवीन पनवेल (पश्चिम) येथील सेक्टर-१८, भुखंड क्र.८अ + ८ब येथे माता व बालसंगोपन केंद्र उभारणे. | ₹ १५४,१६,२३,८९४/- |

या कामाच्या ई- निविदे बाबतची माहिती शासनाच्या 'http://mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर दि.३०/०६/२०२५ रोजी प्रसिध्द करण्यात येईल. संबंधित निविदाधारकांनी याची नोंद घ्यावी.

**सही/-**
**(गणेश शेटे)**
**अतिरिक्त आयुक्त-I**
**पनवेल महानगरपालिका**



**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**निविदा सूचना**

| | | | |
|---|---|---|---|
| विभाग | | : | ठोस कचरा प्रबंधन |
| अनुभाग | | : | उप मुख्य अभियंता (ठोस कचरा प्रबंधन) योजना |
| निविदा आईडी क्रमांक | | : | 2025_एमसीजीएम_1193435_1 |
| विषय | | : | गणेश उत्सव 2025 के दौरान विभिन्न वार्डों में डंपर सेवाएं किराए पर लेने हेतु. |
| बोली आरंभ तिथि व समय | | : | 26.06.2025 को प्रातः 11.00 बजे से |
| बोली समाप्ति तिथि व समय | | : | 02.07.2025 को सायं 16.00 बजे तक |
| वेबसाइट | | : | https://mahatenders.gov.in |
| संपर्क व्यक्ति : | | | |
| ए | नाम | : | श्री संजय मोहिते, ए.ई. (एसडब्ल्यूएम) योजना |
| बी | कार्यालय दूरभाष | : | 022 – 23844450 |
| सी | मोबाइल क्रमांक | : | 9833536088 |
| डी | ई-मेल आईडी | : | ee1swm.pl@mcgm.gov.in |

हस्ता./-
पीआरओ/798/विज्ञा. /2025-26 — कार्यकारी अभियंता (एसडब्ल्यूएम) योजना

बुखार है ? जल्दी करें, अपने डॉक्टर से मिलकर सही और सम्पूर्ण उपचार करायें



**जलसंपदा विभाग, शासन निर्णय क्रमांक निविदा/०४१७/प्र. क्र.२४७/मोप्र-१ दिनांक १८/१०/२०२३.**

**महाराष्ट्र शासन**
**कार्यकारी अभियंता,**
**द्वार निर्मिती विभाग अ, यांत्रिकी भवन, दुसरा मजला, दापोडी, पुणे ४११ ०१२.**
**ई-मेल: eegmd.punewrd@maharashtra.gov.in दुरध्वनी क्रमांकः- (०२०)-२७१४४०३०.**

**निविदा सूचना क्रमांक ४ सन २०२५-२०२६.**

महाराष्ट्र राज्याच्या राज्यपालांच्या वतीने कार्यकारी अभियंता, द्वार निर्मिती विभाग अ, दापोडी, पुणे-१२, जलसंपदा विभाग, महाराष्ट्र शासन हे सक्षम निविदाकारांकडून खालील कामाकरीता ई-निविदा प्रणाल द्वारे (ऑनलाईन) निविदा मागवित आहे.

निविदा कागदपत्रे शासनाचे संकेतस्थळ www.wrd.Maharashtra.gov.in येथून डाऊनलोड करण्यांत याव त, सविस्तर निविदा सूचना व ई-निविदेबाबत सर्व माहिती शासनाच्या संकेतस्थळावर व विभागीय कार्यालयाच्या सूचना फलकावर उपलब्ध आहे. निविदा स्विकाण्याचा अथवा नाकारण्याचा अधिकार कार्यकारी अभियंता, द्वार निर्मिती विभाग अ, दापोडी, पुणे-१२ यांनी राखून ठेवला आहे. अट असलेली निविदा स्विकारली जाणार नाही. सदर निविदा सूचनेमध्ये काही बदल होत असल्यास www.wrd.Maharashtra.gov.in या संकेतस्थळावर कळविण्यात येईल.

| अ.क्र. | कामाचे नांव | जिल्हा | निविदेची किंमत रुपये |
|---|---|---|---|
| ०१. | उप अभियंता उच्चालक निर्मिती उपविभाग क्र.२ दापोडी पुणे-१२ या उपविभागीय कार्यालयातील दुरूस्ती कामे करणे बाबत. | पुणे | रु. ४,६०,२९८.०० |

**ई-निविदा उपलब्ध कालावधी :- दिनांक २६/०६/२०२५ ते दिनांक ४/०७/२०२५.**
**ई-निविदा उघडण्याचा दिनांक :- दिनांक ०७/०७/२०२५**

**महाराष्ट्र शासन, जलसंपदा विभाग, शासन निर्णय क्रमांक संकिर्ण/१२१७/प्र.क्र.१९४/१७)/यांत्रिकी दिनांक ०५/०७/२०१८ आणि शासन परिपत्रक क्रमांकः संकीर्ण ०५२३/(प्र.क्र.२५/२०२३)/ यांत्रिकी दिनांक १४/१०/२०२४. शासन निर्णय निविदा ४१७/प्र. क्र.२४७/१७ दि. १८/१०/२०२३ अन्वये करारनाम्यात अनुक्रमे पश्चात अर्हता निकष व इतर सर्व अटी लागू राहतील.**

**खालील संकेतस्थळावर ई-निविदा बाबत सर्व माहिती उपलब्ध आहे.** http://mahatenders.gov.in. (सदर निविदासूचनेमध्ये काही बदल होत असल्यास सदर वेबसाईटवर कळविण्यात येईल.) **निविदा सादर करणारे कंत्राटदार जलसंपदा विभागातील यात्रिकी संघटनेकडे पंजीकृत असणे आवश्यक नाही.**

जावक क्र./द्वा.नि.वि.अ/लेखा-२/निविदा/१३०४/ सन २०२५.
कार्यकारी अभियंता, द्वार निर्मिती विभाग अ, दापोडी, पुणे-१२, यांचे कार्यालय. दिनांकः - १७/०६/२०२५

**सही/-**
**कार्यकारी अभियंता.**
**द्वार निर्मिती विभाग अ, दापोडी, पुणे-१२**

**जिमाका/पुणे/जाहिरात/१९१/२०२५**

# शक्ति की आराधना का पर्व है गुप्त नवरात्रि

इस वर्ष 26 जून 2025 को आषाढ़ के दिन गुप्त नवरात्रि का प्रारम्भ होगा। प्रात:काल समय नवरात्रि का पूजन आरंभ होगा। नवरात्रि का त्यौहार माता दुर्गा को समर्पित है। इस दौरान शक्ति के विभिन्न स्वरूपों की पूजा होती है। इस शक्ति उपासना में अनेकों पौराणिकों का पालन होता है। इस में जप-तप का पालन किया जाता है।

नवरात्रि वर्ष में चार बार आते हैं, जिनमें से दो इस प्रकार हैं जो बहुत विस्तार से मनाए जाते हैं। जो चैत्र मास के दौरान मनाया जाता है।

दूसरी नवरात्रि शारदीय नवरात्रि के रूप में मनाई जाती है। यह दोनों बहुत ही व्यापक स्तर के लोगों द्वारा मनाए जाते हैं। अन्य 2 नवरात्रि गुप्त रूप से मनाई जाती हैं। यह गुप्त नवरात्रि माघ माह और आषाढ़ मास में मनाई जाती है। ऐसे में ये दो समय में मनाए जाते हैं जिनमें गुप्त नवरात्रि के रूप में मनाए जाते हैं।



## कलश स्थापना

*ज्योतिष गुरू पंडित अतुल शास्त्री बताते हैं कि 26 जून को कलश स्थापना होगी और 4 जुलाई को नवरात्रि समाप्त होंगे। गुप्त नवरात्रि के इस मौके पर 10 महाविद्याओं की पूजा की जाती है। इस बार आषाढ़ गुप्त नवरात्रि पर ध्रुव योग और सर्वार्थ सिद्धि योग रहेगा। ध्रुव योग 26 जून को शुरू होगा और अगले दिन 27 जून को सुबह 5 .37 मिनट तक रहेगा।*

*इस बार गुप्त नवरात्रि पर कलश स्थापना के लिए एक घंटा 32 मिनट का समय मिल रहा है। आपको बता दें कि गुप्त नवरात्रि की प्रतिपदा तिथि के दिन कलश स्थापना होती है। आषाढ़ मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा 25 जून को शाम को 4 बजे से लग रही है और 26 जून को दोपहर 1.24 बजे तक लगेगी। उदया तिथि के अनुसार प्रतिपदा 26 को रहेगी, इसलिए गुप्त नवरात्रि 26 जून से शुरू होगें। कलश स्थापना के लिए अभीजीत मुहुर्त सुबह 10 .58 मिनट से 11 . .53 मिनट तक रहेगा।*

*ज्योतिष गुरू पंडित अतुल शास्त्री ने बताया कि इन गुप्त नवरात्रि में सिद्धियों की प्राप्ति होती है। इन गुप्त नवरात्रि के दिन दुर्गासप्तशती का पाठ करना चाहिए और दुर्गा के सभी रूपों का स्मरण करना चाहिए। नवरात्रि के दिन प्रात :काल समय उठ कर माता का स्मरण करना चाहिए और माता के साथ घी का दीपक भी जलाना चाहिए एवं माता का पूजन आरंभ करना चाहिए। नवरात्रि का पर्व शक्ति की आराधना का पर्व है। सृष्टि में विद्यमान प्रकृति ही वह शक्ति है जो जीवन के संचालन में अपना योगदान संस्थान है।*

## नवरात्रि के 9 दिनों का विशेष महत्व

प्रकृति का सानिध्य संरक्षक पुरुष के जीवन को भी नया चरण एवं स्वरूप को मिलता है और इसी क्रम में आने वाले नवरात्रि के 9 दिनों का अपना एक विशेष महत्व होता है। गुप्त नवरात्रि की एक चरणबद्ध प्रक्रिया होती है, जिसमें शक्ति का हर रंग प्रकट होता है। इस शक्ति पूजन में देवी काली, देवी तारा, देवी ललिता, देवी मां भुवनेश्वरी, देवी त्रिपुर भैरवी, देवी छिन्नमस्तिका, देवी मां धूमावती, देवी बगलामुखी, देवी मातंगी, देवी कमला।

ये समग्र शक्तियाँ तंत्र साधना में प्रमुख रूप से पूजी जाती हैं। गुप्त नवरात्र में दस महाविद्याओं की पूजा की प्रमुखता दी जाती है। ये शक्ति के दश रूप हैं। हर एक फॉर्म आपके लिए संपूर्ण होता है। जो सृजन के संचालन और उसमें शामिल गुप्त रहस्यों को समाए होता है।

महाविद्या संपूर्ण द्योतक की शिक्षा है। इनमें से एक संकटों का नाश होता है। इन दस महाविद्याओं को तंत्र साधना में बहुत ही दृढ़ संकल्पित माना गया है।

## गुप्त नवरात्रि पूजा में सिद्धियों को प्राप्त करना

गुप्त नवरात्रि पूजा में सिद्धियों को प्राप्त करने के लिए साधक को देह को शुद्ध करना होता है। मंत्रों के जाप के दौरान यह शुद्धिकरण संपत्ति होती है। जिस स्थान पर पूजा आरंभ की जाती है उसी स्थान पर नियमित रूप से साधना करनी चाहिए। जगह को बार-बार बदलना नहीं चाहिए। एक स्थान पर आसन पर शेष पूजा करणी कलश और जो आसन स्वयं के उपयोग के लिए है उसे किसी अन्य का उपयोग नहीं करना चाहिए। प्रत्येक दिन की सिद्धि में एक ही स्वरूप को पूर्ण एकाग्रता और तन्मयता का साथ देना चाहिए।

काली तारा महाविद्या षोडशी भुवी।
भैरवी छिन्नमस्ता च विद्या धूमावति तथा।
बगला सिद्ध विद्या च मातंगी कमलात्मिका
एता दशमहाविद्या : सिद्धविद्या प्रकीर्तिता : ॥



– पंडित अतुल शास्त्री



# किचन बनवाते समय रखें वास्तु का ध्यान

घर बनवाते वक्त हम सारे लेटेस्ट डिजाइन, कलर और डेकॉर का पता लगा लेते हैं। वहीं कुछ लोग वास्तु का ध्यान रखकर बेडरूम से लेकर लिविंग एरिया और पूजा घर को काफी हद तक ठीक दिशा में बनवाने की भी कोशिश भी करते हैं। इस दौरान लोग सबसे ज्यादा घर के जिस कोने को नरजअंदाज करते हैं वो किचन होता है। बता दें कि वास्तु शास्त्र के कुछ टिप्स ना सिर्फ आपके किचन को पॉजिटव वाइब्स से भर देंगे बल्कि आपकी जिंदगी में भी कई बदलाव आने लग जाएंगे। तो चलिए जानते हैं कि आखिर किचन को बनवाते समय या इसके बाद हमें किन-किन बातों का सबसे ज्यादा ख्याल रखना चाहिए?

### स्टोव और गैस बर्नर की दिशा

जब भी आप स्टोव या फिर गैस बर्नर को किचन में रखें तो इस बात का ध्यान रखें कि कभी ये मुख्य दरवाजे के ठीक सामने ना हो। साथ ही इसे दीवार से कुछ इंच की दूरी पर ही रखिएगा।

### इस ओर हो किचन का दरवाजा

किचन बनवाते वक्त आपको इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखना है कि आखिर इसका एंट्रेस किस ओर हो। वास्तु शास्त्र के अनुसार किचन का मुख्य दरवाजा किसी कोने में नहीं होना चाहिए। अगर दरवाजे की दिशा पूर्व, उत्तर या फिर पश्चिम की ओर है तो बहुत ही बढ़िया है।

### खाना बनाते ही करें ये काम

आप किचन में कुछ भी पका रहे हैं। उसे खाने से पहले एक छोटा सा हिस्सा अग्नि देवता के नाम करके अलग निकाल दें। इससे आपके घर में हमेशा बरकत आएगी। साथ ही आप हमेशा खुश और संपन्न रहेंगे।

### सोने से पहले जरूर कर लें ये काम

डिनर के बाद किचन को पूरी तरह से साफ कर लें। वहीं इस्तेमाल किए गए बर्तनों को कल धोने के लिए ना रखें। इन बर्तनों को सोने से पहले जरूर साफ कर लें।

# स्किन का मानसून में हेल्दी रखने के उपाय

मौसम में बदलाव का असर त्वचा पर भी होता है। गर्मी के बाद बरसात होने से तापमान में थोड़ी गिरावट हो जाती है, लेकिन ये आद्र मौसम होता है, जिसमें नमी होती है और साथ में गर्माहट की वजह से बारिश रुकने के बाद उमस होने लगती है। ऐसे मौसम में लोगों को सांस लेने में समस्या, बहुत जल्दी थकान हो जाना जैसी दिक्कतें होती हैं तो वहीं इस दौरान स्किन एलर्जी भी होने की संभावना काफी बढ़ जाती है। मानसून में त्वचा ज्यादा ऑयली और चिपचिपी होने की वजह से पिंपल, एक्ने, ब्लैक हेड्स होने लगती हैं। इन सारी समस्याओं से बचाव के लिए जरूरी है कि आप स्किन क्लीनिंग और हाइजीन का खास ध्यान रखें।

### नीम है कमाल का इनग्रेडिएंट्

फल से लेकर पत्तियों और छाल तक नीम का पेड़ औषधीय गुणों से भरपूर है और मानसून में स्किन प्रॉब्लम से बचाव के लिए तो ये रामबाण से कम काम नहीं करता है। अगर फोड़े-फुंसी हो जाएं तो इसकी पत्तियों का लेप लगा सकते हैं साथ ही पत्तियों को उबालकर उसके पानी से नहाने से भी स्किन एलर्जी से बचाव होता है। इसके अलावा बरसात के दौरान होने वाले एक्ने और पिंपल्स से निजात दिलाने के लिए तो नीम दवा का काम करती है।



### एलोवेरा का यूज करें

ज्यादातर घरों में आसानी से मिल जाने वाला एलोवेरा स्किन के लिए वरदान से कम नहीं माना जाता है। इसके हाइड्रेटिंग और एंटीबैक्टीरियल गुण बरसात में आपकी त्वचा को हील करने के साथ ही एलर्जी से बचाने में भी कारगर रहते हैं। एलोवेरा को नेचुरल चीजों से बनने वाले ज्यादातर फेस पैक में मिलाकर आसानी से यूज किया जा सकता है या फिर इसे सीधे भी फेस पर अप्लाई कर सकते हैं, लेकिन स्किन सेंसेटिव हो तो डॉक्टर से सलाह लें।





### खीरा करें स्किन केयर में शामिल

बारिश के मौसम में स्किन को हेल्दी रखना हो तो खीरा को अपने स्किन केयर रूटीन में शामिल करें। ये उमस से डल हुई स्किन में नई जान डालने का काम करता है। इसे एलोवेरा, मुल्तानी मिट्टी, आदि में मिलाकर लगा सकते हैं, जिससे फायदे और भी बढ़ जाते हैं। खीरा अंडर आई डार्क सर्कल को कम करने में भी कारगर रहता है। टैनिंग हो तो खीरा के रस में टमाटर का रस या फिर तीन से चार बूंद नींबू का रस मिलाकर लगाना चाहिए।

बारिश के मौसम में ऑयली स्किन वालों के लिए बेसन का इस्तेमाल करना बढ़िया रहता है।



# पुदीने के स्टोर करने के कुछ उपयोगी टिप्स

कई बार लोग हफ्ते भर के लिए पुदीना खरीद लाते हैं, लेकिन दो-तीन दिन में ही उसकी पत्तियां काली पड़ने लगती हैं और इस्तेमाल के लायक नहीं रह जातीं। कई बार तो दो दिन में ही इसकी पत्तियां काली पड़ने लगती हैं और उसका इस्तेमाल करना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में बार-बार बाजार जाना या खराब पुदीने को फेंकना दोनों ही झंझट वाला काम है। अगर आप चाहते हैं कि पुदीना लंबे समय तक ताजा बना रहे और हर बार चटनी या ड्रिंक के लिए नया पुदीना न लाना पड़े, तो आपको इसे सही तरीके से स्टोर करना आना चाहिए।



**1. पेपर टॉवल में लपेटकर फ्रिज में रखें**

अगर आप पुदीने को कुछ दिनों के लिए ताजा रखना चाहते हैं, तो इसे अच्छी तरह धोकर सुखा लें और फिर एक पेपर टॉवल या सूती कपड़े में लपेटकर एक एयरटाइट डिब्बे में रख दें। ऐसा करने से पुदीने में मॉइस्चर के कॉन्टेक्ट में कम आएगा, जिससे पत्तियां जल्दी खराब नहीं होतीं। 5-7 दिन तक पुदीना फ्रेश रह सकता है।

**2. पानी में डंठल सहित रखें**

पुदीने को फूलों की तरह एक गिलास या कटोरी में पानी डालकर उसमें डंठल सहित रखें। ऊपर से एक पॉलीथिन या जिप बैग से ढंक दें और फ्रिज में रख दें। इस तरीके से रखने से पुदीने की जड़ें सूखती नहीं हैं और ये 8-10 दिनों तक हरा और ताजा बना रहता है।

**3. पुदीने की चटनी बनाकर फ्रीज करें**

अगर आपके पास ज्यादा पुदीना है, तो उसे पीसकर चटनी बना लें और आइस क्यूब ट्रे में डालकर फ्रीजर में जमा दें, जब भी जरूरत हो, एक या दो क्यूब निकालकर इस्तेमाल करें। ये चटनी 1 से 2 महीने तक भी खराब नहीं होती और खाने में इस्तेमाल करने पर बिल्कुल फ्रेश जैसी लगती है।

# बच्चों की सही परवरिश करना बेहद ही चैलेंजिंग काम

बच्चों की सही परवरिश करना बेहद ही चैलेंजिंग काम है। कई बार तो जानें-अनजाने में ही कुछ ऐसी भूल हो जाती हैं, जो बच्चे की लाइफ पर बड़ा गहरा और नेगेटिव असर डाल सकती हैं। अब उदाहरण के लिए देखें तो आपका बच्चा स्कूल में,घर पर या पड़ोस में रोजाना कई लोगों के कॉन्टैक्ट में आता है। कई लोगों से बच्चे की बातचीत भी होती है और कईयों से तो गहरा बॉन्ड भी बन जाता है। लेकिन कई बार इनमें कुछ ऐसे लोग बच्चे से टकरा जाते हैं, जो उसके बिहेवियर, कॉन्फिडेंस और यहां तक कि वैल्यूज को भी डैमेज कर सकते हैं। बच्चों को सबसे ज्यादा खतरा इन्हीं आसपास वाले लोगों से होता है। इसलिए जिम्मेदार पैरेंट्स होने के नाते आपको यह जानना जरूरी है कि किन लोगों से आपको अपने बच्चे को दूर रखना चाहिए।

### जो हर बात पर बच्चे को दिखाएं नीचा

कई बार घर पर आपके कुछ ऐसे दोस्त या रिलेटिव्स आते होंगे, जो बच्चे को नीचा दिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ते होंगे। ये टॉक्सिक लोग हमेशा बच्चे में कमियां ढूंढने में लगे रहते हैं। 'अरे इतने कम नंबर लाए', 'तुम्हें अभी तक ये भी करना नहीं आता', 'हमारा लड़का तो पढ़ाई में तुमसे बहुत तेज है'। ऐसे बातें करने वाले लोगों से बच्चों को हमेशा दूर रखना चाहिए। ये बातें बच्चों के कॉन्फिडेंस को खत्म करती हैं और वो खुद को ही नेगेटिव तरीके से देखने लगते हैं।

### जो बच्चों से बनें ओवर फ्रेंडली

बच्चों को हमेशा ऐसे बड़े लोगों से दूरी बनाने को कहें जो उनसे ओवर फ्रेंडली होते हों। उनके साथ सीक्रेट बातें करते हों और मम्मी-पापा से कुछ भी बताने को मना करते हों। इसके साथ ही फिजिकल टच में भी बच्चों को सही बाउंड्री बताने की जरूरत है। अक्सर मामलों में बच्चों के शोषण की शुरुआत यहीं से होती है, जब कोई बड़ा आदमी पैरेंट्स की परमिशन के बिना बच्चों के साथ ज्यादा क्लॉज होना शुरू कर देता है। इसलिए बच्चों को पहले से ही हेल्दी बाउंड्री मेंटेन करना सिखाएं और उनसे कहें कि ऐसा कुछ भी महसूस होने पर वो तुरंत आपसे शेयर करें।

### जिनकी भाषा और व्यवहार गलत हो

छोटे बच्चे अपने आपसास की चीजों को बड़ी जल्दी कैच करते हैं। इसलिए उन्हें ऐसे लोगों के कॉन्टैक्ट में बिल्कुल ना रहने दें जिनकी भाषा अभद्र हो और व्यवहार भी। जो लोग बात-बात पर गंदी गलियां देते हों, मार-पीट करते हों या हद से ज्यादा गुस्सा करते हों; ऐसे लोगों के आसपास भी बच्चों ना भटकने दें। क्योंकि बच्चा जब ये सब देखता है तो उसे लगता है ये करना ठीक है, और फिर वो भी यही सेम बिहेवियर अपना लेता है।


### बहुत नेगेटिव सोच रखने वाले लोग

कुछ लोगों की सोच बड़ी नेगेटिव होती है। उन्हें हर बात में सिर्फ कमियां ही झलकती हैं और कोई नया काम करने से पहले ही वो उल्टा-सीधा सोचना शुरू कर देते हैं। ऐसे नेगेटिव लोगों से भी बच्चों को हमेशा दूर रखना चाहिए। 'अरे ये काम बहुत मुश्किल है, तुमसे नहीं होगा' या 'तुम रहने दो तुम्हारे बस की बात नहीं'; ऐसी बातें बोलकर ये बच्चे का कॉन्फिडेंस भी गिरा देते हैं और बच्चा भी फिर उनकी तरह नेगेटिव सोचना शुरू कर देता है। इसलिए हमेशा पॉजिटिव एटीट्यूड रखने वाले लोगों के साथ ही बच्चों को मिलवाना चाहिए।



# बारिश के मौसम के मजे को दोगुना कर देगी चाय

मानसून का मौसम तो चाय पीने के लिए बेस्ट रहता है। बारिश की फुहारें गिर रही हो और गरमा गरम चाय मिल जाए तो मौसम और भी ज्यादा सुहाना लगने लगता है। भारत में हर राज्य से लेकर शहर और कस्बे में भी कोई न कोई यूनिक स्वाद आपको मिल जाएगा। इसी तरह से हमारे यहां अलग-अलग स्वाद वाली चाय की रेसिपीज भी पॉपुलर हैं।



### तंदूरी चाय

मसाला चाय के बाद बात कर लेते हैं तंदूरी चाय की। जिसका सौंधा-सौंधा स्वाद मन को भी तृप्त कर देता है। कुल्हड़ में चाय पीना तो सभी को पसंद होता है, लेकिन तंदूरी चाय को तो तैयार ही मिट्टी के बर्तनों में किया जाता है। चाय को तैयार करने के बाद तेज आंच में पकते हुए बर्तनों में इसे उड़ेला जाता है, जिससे इसे एक अलग ही खुशबू और फ्लेवर मिलता है।



### ईरानी चाय

आपने भी शायद कभी ईरानी चाय ट्राई की होगी। क्रीमी टेक्सचर वाली इस चाय को बनाने का तरीका भी बिल्कुल अलग होता है और इसका टेक्सचर काफी क्रीमी रहता है। इस चाय को ईरानी पाव या बिस्किट के साथ परोसा जाता है।



### कश्मीर की कहवा चाय

कश्मीर की कहवा चाय विदेशी सैलानियों को भी खूब भाती है और ये टेस्टी होने के साथ ही हेल्दी भी रहती है। इसे केसर, दालचीनी, लौंग और बादाम-अखरोट जैसे नट्स के साथ बनाया जाता है। ये सुगंधित चाय आपको एक बार जरूर ट्राई करनी चाहिए।



### कश्मीरी नून चाय

कहवा के अलावा कश्मीर में नून चाय भी काफी पॉपुलर है। ये देखने में बाकी चायों से काफी अलग होती है। इसे देखकर आपको लगेगा जैसे किसी ने आपके आगे कोई शेक रख दिया हो। दरअसल ये चाय गुलाबी रंग की होती है जिसका टेस्ट भी नॉर्मल चाय से काफी अलग होता है।

# पंत ने हासिल की कैरियर की बेस्ट रेटिंग

गिल और डकेट ने लगाई एक जैसी छलांग



**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने बुधवार को टेस्ट प्लेयर्स की ताजा रैंकिंग जारी की है। भारत के स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में दो शतक जड़ने के बाद फायदा हुआ है। वह एक स्थान ऊपर चढ़कर कैरियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें सातवें पर पहुंच गए हैं। पंत के खाते में फिलहाल 801 रेटिंग अंक हैं। यह उनके कैरियर की बेस्ट रेटिंग है। वह टेस्ट में 800 रेटिंग तक पहुंचने वाले पहले भारतीय विकेटकीपर हैं। उन्होंने लीड्स टेस्ट की पहली पारी में 134 और दूसरी पारी में 118 रन बनाए थे। वह जिम्बाब्वे के एंडी फ्लावर के बाद एक टेस्ट की दोनों पारियों में सेंचुरी मारने वाले दूसरे विकेटकीपर हैं। वह यह कमाल करने वाले कुल सातवें भारतीय हैं। भारत के कप्तान शुभमन गिल और इंग्लैंड के ओपनर बेन डकेट ने बल्लेबाजों की सूची में एक जैसी छलांग लगाई है। दोनों को पांच-पांच स्थानों का लाभ मिला है। गिल 20वें जबकि डकेट आठवें पायदान पर पहुंच गए हैं। गिल (147) ने लीड्स की पहली पारी में शतक जमाया था। डकेट ने पहली पारी में अर्धशतक और दूसरी पारी में सेंचुरी ठोकी। उनकी 149 रनों की पारी के दम पर मेजबान इंग्लैंड ने 371 का टारगेट आसानी से चेज कर लिया था। डकेट को प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड से नवाजा गया। टॉप 10 बल्लेबाजों की रैंकिंग में केवल दो भारतीय हैं। यशस्वी जायसवाल (101) शतक मारने के बावजूद चौथे स्थान से आगे नहीं बढ़े।



# निचले क्रम के बल्लेबाजों से रन नहीं बन पाना हार का अहम कारण : गिल



**लीड्स।** भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में पांच विकेट से मिली हार के बाद स्वीकार किया कि निचले क्रम के बल्लेबाजों से रन नहीं बन पाना हार का अहम कारण रहा। उपकप्तान ऋषभ पंत ने दोनों पारियों में शतक जमाया जबकि गिल, यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने भी शतक बनाये लेकिन भारत दोनों पारियों में अपेक्षित बड़ा स्कोर नहीं बना सका और कई अहम कैच भी छूटे। पहली पारी में एक समय स्कोर तीन विकेट पर 359 रन रहने के बाद पूरी टीम 471 रन पर आउट हो गई। दूसरी पारी में भी आखिरी छह विकेट 77 रन के भीतर गिर गए। गिल ने मैच के बाद कहा,'' यह शानदार टेस्ट मैच था। हमारे पास मौके थे लेकिन हमने कैच छोड़े और निचले क्रम से भी रन नहीं बने। लेकिन टीम पर गर्व है और कुल मिलाकर अच्छा प्रयास था। कल हम 430 के करीब रन बनाकर पारी घोषित करने की सोच रहे थे लेकिन निचले क्रम पर रन नहीं बनने से मुश्किल हो गई।''

उन्होंने कहा,'' हमने निचले क्रम के योगदान पर बात की लेकिन यह इतनी जल्दी (विकेटों का पतन) हो गया। हमें आने वाले मैचों में इसमें सुधार करना होगा।'' उन्होंने कैच छूटने पर अपने क्षेत्ररक्षकों का बचाव करते हुए कहा, ''इस तरह की विकेटों पर आसानी से मौके नहीं मिलते। यह युवा टीम है और सीख रही है। उम्मीद है कि इन पहलुओं पर आगे बेहतर प्रदर्शन होगा।'' गिल ने कहा कि दो जुलाई से बर्मिंघम में होने वाले दूसरे टेस्ट में समय है और जसप्रीत बुमराह को लेकर मैच से पहले फैसला लिया जायेगा। बुमराह की उपलब्धता पर पूछे जाने पर उन्होंने कहा,'' हम मैच दर मैच देखेंगे। दूसरे टेस्ट के करीब आने पर फैसला लिया जायेगा।'' इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने भारत की तारीफ की लेकिन अपने सलामी बल्लेबाजों बेन डकेट और जैक क्रॉली को जीत का श्रेय दिया जिन्होंने क्रमशः 149 और 65 रन बनाये। उन्होंने कहा,''भारत ने पहले सत्र में शानदार खेल दिखाया। इंग्लैंड में चौथी पारी में खेलना आसान नहीं है लेकिन जैक और बेन ने शानदार साझेदारी करके जीत की नींव रखी।'' प्लेयर आफ द मैच डकेट ने कहा कि बुमराह का सामना करने का तरीका तलाशना अहम था। उन्होंने कहा,''वह विश्व स्तरीय गेंदबाज है और पहली पारी में उसने शानदार प्रदर्शन किया था। हमें खुशी है कि दूसरी पारी में उसे दोहराने नहीं दिया।''

## बुमराह को लेकर गंभीर ने साफ की स्थिति

**लीड्स।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा है कि टीम प्रबंधन पहले टेस्ट में हार के बावजूद तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ तीन से अधिक टेस्ट मैच खेलने के लिए नहीं कहेगा। बुमराह एकमात्र भारतीय गेंदबाज थे जिन्होंने हेडिंग्ले में खेले गए पहले टेस्ट मैच में इंग्लैंड के बल्लेबाजों के सामने लगातार चुनौती पेश की। बुमराह अपने करियर के दौरान चोटों से जूझते रहे हैं और यही वजह है कि उनके कार्यभार प्रबंधन के तहत टीम प्रबंधन ने उन्हें पांच में से तीन टेस्ट मैचों में खिलाने का फैसला किया था। चार मैच शेष रहने के बावजूद यह योजना नहीं बदली है। गंभीर ने कहा, 'नहीं, हम अपनी योजना में कोई बदलाव नहीं करेंगे। हमारे लिए उनके कार्यभार का प्रबंधन करना अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि आगे काफी क्रिकेट खेलना है और हम जानते हैं कि वह क्या कर सकते हैं। श्रृंखला शुरू होने से पहले ही यह तय कर दिया गया था कि वह तीन टेस्ट मैच खेलेंगे।' अगला टेस्ट मैच बर्मिंघम में दो जुलाई से शुरू होगा लेकिन गंभीर ने कहा कि टीम ने अभी तक यह फैसला नहीं किया है कि पांच मैचों की श्रृंखला में बुमराह अब किन दो मैचों में खेलेंगे। उन्होंने कहा, 'हमने अभी तय नहीं किया है कि वह कौन से दो अन्य टेस्ट मैच खेलेंगे।



## भारत के निचले क्रम को दो बार आउट करना निर्णायक रहा : बेन स्टोक्स

**लीड्स।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने पहले टेस्ट में भारत पर मिली पांच विकेट से जीत का श्रेय अपने गेंदबाजों को दिया है जिन्होंने भारत के निचले क्रम को दो बार आउट किया। जीत के लिए 371 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सलामी बल्लेबाज बेन डकेट और जैक क्रॉली ने पहले विकेट के लिए 188 रन की साझेदारी की। स्टोक्स ने हालांकि कहा कि मैच का पलड़ा उसी समय उनके पक्ष में हो गया था जब इंग्लैंड के गेंदबाजों ने भारत को बड़ा स्कोर बनाने से रोका। उन्होंने मैच के बाद कहा, 'यह बल्लेबाजी के लिए अच्छी विकेट थी। बड़े स्कोर से इसका पता चलता है। लेकिन मैच का निर्णायक पल यही था कि हमने दो बार भारत के निचले क्रम को आउट कर दिया। इसी वजह से हम उन्हें बड़ा स्कोर बनाने से रोक पाए और विशाल लक्ष्य नहीं मिला जिसे पाना मुश्किल हो जाता। हमने उन्हें 450-500 से आगे नहीं जाने दिया जो वह एक समय बनाते दिख रहे थे।' भारत ने पहली पारी में आखिरी छह विकेट 41 रन के भीतर गंवा दिए और दूसरी पारी में भी आखिरी छह विकेट 34 रन के भीतर गिर गए। स्टोक्स ने कहा, 'जीत के लिए 371 रन के लक्ष्य के जवाब में अच्छी शुरूआत चाहिए थी। ऐसे में विकेट बचाकर खेलना जरूरी था। डकेट और जैक ने जिस तरह से खेला, वह काबिले तारीफ है। दोनों एक दूसरे के पूरक बनकर खेले। दाहिने, बाएं हाथ के बल्लेबाजों के संयोजन के सामने गेंदबाजों को मुश्किल हुई होगी।'



## गोल्डन स्पाइक जीत के बावजूद खुश नहीं हैं नीरज चोपड़ा




**ओस्ट्रावा।** भारत के भालाफेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने भले ही पदार्पण के साथ गोल्डन स्पाइक खिताब जीत लिया हो लेकिन पूर्व ओलंपिक चैम्पियन अपने प्रदर्शन से खुश नहीं हैं। चोपड़ा ने 85.29 मीटर के थ्रो के साथ नौ खिलाड़ियों के बीच खिताब जीता। जीत के बाद उन्होंने कहा, 'मैं आज अपने प्रदर्शन से खुश नहीं हूं लेकिन इस बात की खुशी है कि खिताब जीता।' उन्होंने कहा, 'मैं बचपन में यह टूर्नामेंट देखा करता था। मैने जान जेलेंजी और उसेन बोल्ट जैसे दिग्गजों को गोल्डन स्पाइक जीतते देखा और मुझे लगता था कि मैं भी एक दिन जीतूंगा। आज वह सपना सच हो गया है।' उन्होंने हालांकि कहा, 'मुझे पता है कि चेक गणराज्य में भालाफेंक काफी लोकप्रिय है। दर्शकों से हमें अपार समर्थन मिला।

## इस गेंदबाज को वापस आना चाहिए, ठाकुर को दूसरे टेस्ट से बाहर करो : मांजरेकर



शार्दुल ठाकुर

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर का मानना है कि 2 जुलाई से एजबेस्टन में शुरू होने वाले दूसरे एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी टेस्ट में शार्दुल ठाकुर की जगह कुलदीप यादव को खिलाने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड में हाल ही में हुए गर्म मौसम के कारण दो स्पिनरों को खेलने के लिए आदर्श परिस्थितियां हैं। कुलदीप ने 13 टेस्ट मैचों में 22.16 की औसत से 56 विकेट लिए हैं, लेकिन लीड्स में पहले टेस्ट के लिए उन्हें प्लेइंग इलेवन में शामिल नहीं किया गया था, और इंग्लैंड ने अंततः 371 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत को 5 विकेट से हरा दिया था। मांजरेकर, 'मुझे लगता है कि कुलदीप यादव को वापस आना चाहिए। मुझे यह कहते हुए खेद है, लेकिन शार्दुल ठाकुर को बाहर जाना होगा। यह एक ऐसा बदलाव है जो भारत को करना होगा। जहां तक नितीश कुमार रेड्डी की बात है तो मैंने ऑस्ट्रेलिया में उनके प्रदर्शन के आधार पर ही उन्हें पहले टेस्ट के लिए चुना था। यह एक अलोकप्रिय विकल्प है, क्योंकि जब वे आते हैं, तो संतुलन थोड़ा प्रभावित होता है।' उन्होंने कहा, 'वह चौथे तेज गेंदबाज की तरह गेंदबाजी नहीं करेगा, इसलिए भारत को एक कड़ा फैसला लेने की जरूरत है: यहां तक कि अंग्रेजी परिस्थितियों में भी, उन्हें गुणवत्ता वाले गेंदबाजों के साथ जाना चाहिए। अगर इसका मतलब दो स्पिनरों को खेलना है, तो ऐसा ही हो। परिस्थितियों के बावजूद अपने सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों को चुनें। आपके पास मोहम्मद शमी या पूरी ताकत वाले तेज गेंदबाज की सुविधा नहीं है, इसलिए मैं एक तेज गेंदबाज कम रखूंगा और कुलदीप यादव को इलेवन में शामिल करूंगा। उन्हें खेलना ही होगा।' लीड्स में ठाकुर ने सिर्फ 16 ओवर फेंके और दो विकेट लिए। इसके अलावा वे बल्ले से भी कोई खास प्रभाव नहीं छोड़ पाए। मांजरेकर ने कहा, 'आइए हम यह भी स्वीकार करें कि इन दिनों इंग्लैंड में गर्मियां काफ़ी हद तक शुष्क हैं जो शायद ग्लोबल वार्मिंग के कारण है और इससे स्पिन के लिए दरवाजा खुल जाता है। एक तरह से, यह समय है कि भारत इंग्लैंड में स्पिन खेलने के विचार को फिर से पेश करे। बेन स्टोक्स ने पहले ही कॉमन-सेंस, आक्रामक क्रिकेट के साथ कहानी बदल दी है। भारत को भी यही स्पष्टता अपनाने की जरूरत है। एक समय था जब भारत तीन स्पिनरों के साथ खेलता था- चाहे न्यूजीलैंड हो या इंग्लैंड। अगर कुलदीप आपकी टीम में है, तो उसे



## भारत के 9 वर्षीय खिलाड़ी ने विश्व नम्बर 1 मैग्नस कार्लसन को ड्रॉ पर रोका



**नई दिल्ली।** दिल्ली के नौ वर्षीय आरित कपिल एक प्रमुख ऑनलाइन मंच पर आयोजित 'अर्ली टाइटल्ड ट्यूजडे' शतरंज टूर्नामेंट में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराने के करीब पहुंच गए थे लेकिन आखिर में उन्हें ड्रॉ पर संतोष करना पड़ा। हाल ही में अंडर-9 राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में उप-विजेता रहे आरित ने पांच बार के विश्व चैम्पियन कार्लसन को हार के कगार पर पहुंचा दिया था लेकिन समय समाप्त होने और घड़ी में केवल कुछ सेकंड बचे होने के कारण यह युवा भारतीय खिलाड़ी अपनी बढ़त को भुनाने में असमर्थ रहा और उसे ड्रॉ पर मजबूर होना पड़ा। आरित ने जॉर्जिया के अपने होटल से इस प्रतियोगिता में भाग लिया, जहां वह वर्तमान में अंडर-10 विश्व चैंपियनशिप में खेल रहे हैं। इस बीच भारत के वी प्रणव ने 11 में से 10 अंक लेकर 'अर्ली टाइटल्ड ट्यूजडे' का खिताब जीत लिया।

## 'तीन शतक और लगे थे'

### पंत के शतकों के बारे में पूछे जाने पर गंभीर का बेबाक बयान



**लीड्स।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर से जब इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में मिली हार के सकारात्मक पहलुओं के बारे में पूछा गया तो वे ऋषभ पंत के दोहरे शतकों जैसी व्यक्तिगत प्रतिभा की प्रशंसा करने के मूड में नहीं दिखे। उन्होंने कहा कि सब कुछ ऐसे नतीजों पर निर्भर करता है, जो उनकी टीम हासिल नहीं कर सकी।
गंभीर ने अपनी बातों को दबाने या अपनी निराशाओं को छिपाने वाले व्यक्ति नहीं हैं। उन्होंने इस सवाल पर काफी आक्रामक प्रतिक्रिया दी कि उप-कप्तान पंत की सनसनीखेज पारियों को देखकर कैसा लगा, जो अंततः भारत के पक्ष में खेल को मोड़ नहीं सकीं। पंत से जुड़े एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, 'तीन शतक और लगे थे। वे भी बड़ी सकारात्मक बातें हैं। धन्यवाद।' जब समग्र सकारात्मक पहलुओं पर आगे जोर दिया गया, तो गंभीर ने कहा, 'मुझे अच्छा लगता अगर आप कहते कि यशस्वी (जायसवाल) ने शतक लगाया, शुभमन (गिल) ने कप्तान के रूप में पदार्पण करते हुए शतक लगाया। (केएल (राहुल) ने शतक लगाया और ऋषभ ने दो शतक लगाए, इसलिए ईमानदारी से कहूं तो टेस्ट मैच में पांच शतक एक शानदार शुरुआत है। उम्मीद है कि सवाल बेहतर हो सकता था।'

## एबी डिविलियर्स की दक्षिण अफ्रीकी चैंपियंस टीम में वापसी

### 18 जुलाई से यूके में बिखेरेंगे जलवा



एबी डिविलियर्स

**नई दिल्ली।** मिस्टर 360 के नाम से मशहूर एबी डिविलियर्स एक बार फिर क्रिकेट के मैदान पर जलवा बिखेरने वाले हैं। दरअसल 18 जुलाई, 2025 से शुरू होने वाले आगामी वर्ल्ड चैंपियंस ऑफ लीजेंड्स क्रिकेट सीजन 2 के लिए एबी डिविलियर्स दक्षिण अफ्रीका चैंपियंस टीम में शामिल हो गए हैं। एबी टीम की कमान संभालेंगे। उनके अलावा क्रिस मॉरिस और हाशिम आमला भी इस सीजन धूम मचाने के लिए तैयार हैं। बता दें वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2025 (WCL 2025) का दूसरा सीजन 18 जुलाई से यूके में शुरू हो रहा है, जिसका फाइनल मैच 2 अगस्त को खेला जाएगा। दक्षिण अफ्रीका चैंपियन टीम में एल्बी मोर्कल, वेन पार्नेल, हार्डस विलजोए, आरोन फैंगिसो जैसे फेमस नाम भी शामिल हैं, जो अनुभव, शक्ति और सटीकता के रोमांचक मिश्रण का वादा करते हैं, जिसके लिए दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट जाना जाता है। एबी डिविलियर्स ने कहा, 'दक्षिण अफ्रीका के लिए खेलने जैसा कुछ नहीं है। इन दिग्गजों के समूह के साथ वापस आना, उन प्रशंसकों के सामने जिन्होंने हमेशा हमारा समर्थन किया है, वास्तव में विशेष है। WCL क्रिकेट की भावना का उत्सव है, और हम यहां केवल भाग लेने के लिए नहीं, बल्कि प्रतिस्पर्धा करने और अंततः जीतने के लिए हैं।' साउथ अफ्रीका चैंपियंस के मालिक अमनदीप सिंह ने कहा, 'यह टीम जुनून जगाने और दुनिया भर के प्रशंसकों को प्रेरित करने के लिए तैयार की गई है।

## दो कैच, दो शतक, फिर भी नहीं मिला प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड

### टीम की हार से ऋषभ पंत के साथ 'अन्याय'



**नई दिल्ली।** पहली पारी में 471 रन बनाने के बाद किसी भारतीय फैन ने उम्मीद नहीं की होगी कि टीम इंडिया लीड्स टेस्ट हार जाएगी। लेकिन, ऐसा ही हुआ। मेजबान इंग्लेंड ने हेडिंग्लमें शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय क्रिकेट टीम को 5 विकेट से आखिरी दिन आखिरी सेशन में हरा दिया। टीम इंडिया ने 371 रन का बड़ा टारगेट इंग्लैंड के सामने रखा था। इंग्लैंड ने बेन डकेट के शतक, जैक क्राउली और जो रूट की फिफ्टी के चलते इस टारगेट को आसानी से हासिल कर लिया। ऐसा पहली बारी हुआ है जब किसी टीम ने 5 सेंचुरी एक टेस्ट में लगाई हो और फिर भी वो मैच हार गई हो। इंग्लैंड के ओपनर डकेट ने पहली पारी में 62 तो दूसरी पारी में 149 रन बनाए थे। इसके चलते उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड भी मिला। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने लीड्स टेस्ट में तमाम रिकॉर्ड तोड़े। उन्होंने एक नहीं बल्कि दोनों पारियों में शतक जड़ा। पहली इनिंग्स में पंत ने 134 तो दूसरी इनिंग्स में 118 रन बनाए। ऋषभ दोनों पारियों में शतक जड़ने वाले टेस्ट क्रिकेट में सिर्फ दूसरे विकेटकीपर हैं। इससे पहले जिम्बाब्वे के एंडी फ्लावर ने यह कारनामा किया था।
जबरदस्त बैटिंग के अलावा ऋषभ पंत ने 2 कैच भी पकड़े। इतने जबरदस्त प्रदर्शन के बावजूद उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड नहीं मिला। इससे पहले ऐसा कितनी बार हुआ है कि हारी हुई टीम के खिलाड़ी को अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला है।

# शुभमन गिल की मैदान पर आभा रोहित और विराट जैसी प्रभावशाली नहीं : नासिर हुसैन

**लीड्स।** इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के शुरूआती टेस्ट में पांच विकेट से शिकस्त मिलने के बाद भारत के नए कप्तान शुभमन गिल की रणनीति की आलोचना के बीच पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने कहा कि 'मैदान पर उनमें रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसा आभा नहीं दिखी।' भारत को इस मैच में पांच शतकीय पारियों के बाद भी हार का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड ने मंगलवार को मैच के पांचवें दिन 371 रन का लक्ष्य पांच विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। टीम ने इसके साथ ही श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली। रोहित शर्मा के बाद कप्तान के रूप में अपने पहले टेस्ट में गिल को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा और हुसैन ने कहा कि यह युवा खिलाड़ी कप्तान के तौर पर 'सक्रिय होने के बजाय प्रतिक्रिया दे रहा' था। हुसैन ने कहा, 'मैंने देखा कि कोई तरीका ढूंढने की कोशिश कर रहा था। उसके (गिल) पास मैदान पर रोहित और (विराट कोहली) जैसी आभा नहीं दिखी। मुझे लगा कि वह सक्रिय होने के बजाय प्रतिक्रिया दे रहा था।'
उन्होंने कहा, 'जब रोहित और कोहली टीम की कप्तानी कर रहे थे तब आपको देख कर ही समझ आ जाता था कि कौन नेतृत्व कर रहा है लेकिन इस मैच में मुझे लगा कि दो या तीन कप्तान है। ऐसा लगा जैसे एक समिति टीम का नेतृत्व कर रही है।' हुसैन ने कहा कि भारत मैच इसलिए हार गया क्योंकि गिल दो चीजों (कैच छोड़ना और निचले क्रम के बल्लेबाजों का घुटने टेकना) को नियंत्रित नहीं कर सके। उन्होंने कहा, 'टीम की यह स्थिति मुझे चिंतित करती है। भारत के पास लंबे समय से रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल जैसे शानदार स्पिन-गेंदबाजी हरफनमौला रहे हैं। वे हालांकि इंग्लैंड में अब भी एक तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर की तलाश कर रहे हैं जो बल्लेबाजी कर सके।' इंग्लैंड के लिए 1990 से 2004 के बीच 96 टेस्ट खेलने वाले इस 57 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, 'भारतीय टीम अगर 31 रन पर छह विकेट और 41 रन पर सात विकेट गंवाते रही तो तो इस श्रृंखला का परिणाम जल्दी तय हो जाएगा।'
भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री का मानना है कि गिल ने 'उनसे जितना अपेक्षित था, उससे कहीं अधिक किया है।' शास्त्री ने कहा, 'इस परिणाम के बावजूद कोचिंग स्टाफ के लिए इस मैच में कई सकारात्मक पहलू है। गिल ने एक कप्तान के रूप में उससे कहीं अधिक किया है, जितना अपेक्षित था।' शास्त्री ने कहा, '' उन्होंने अपने पहले टेस्ट में शतक बनाया।



# भारत के ग्रैंडमास्टर ललित बाबू, कैंडिडेट मास्टर मधेश ने जीते खिताब

**मुंबई।** भारत के ग्रैंडमास्टर ललित बाबू और कैंडिडेट मास्टर मधेश कुमार ने वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में आयोजित ऑरियनप्रो मुंबई इंटरनेशनल ग्रैंडमास्टर और जूनियर शतरंज टूर्नामेंट में 40 लाख रुपये की पुरस्कार राशि जीती। ग्रैंडमास्टर्स डिवीजन के नौवें और अंतिम राउंड में ललित बाबू ने जॉर्जिया के शीर्ष वरीय ग्रैंडमास्टर लैविन पंत्सुलिया के खिलाफ अपने कुल अंक 8 तक पहुंचाए। दूसरे बोर्ड पर, अर्मेनिया के ग्रैंडमास्टर ममीकॉन घारिबयान ने भी भारत के ग्रैंडमास्टर नीलोत्पल दास को हराकर 8 अंक अर्जित किए। हालांकि, टाई-ब्रेक स्कोर के आधार पर ललित बाबू (54.5) को विजेता घोषित किया गया। गरीबयान (54) को उपविजेता स्थान से संतोष करना पड़ा। ललित बाबू को चैंपियनशिप ट्रॉफी के साथ 4 लाख रुपये मिले। उपविजेता गरीबयान को 3 लाख रुपये का पुरस्कार मिला। एक अन्य भारतीय खिलाड़ी दीपन चक्रवर्ती पांचवें स्थान पर रहे और उन्हें 1.25 लाख रुपये मिले। जूनियर वर्ग में शांत और प्रतिभाशाली मधेश आठ अंकों के साथ विजयी हुए। उन्होंने फाइनल राउंड में व्योम मल्होत्रा को हराया। मधेश को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए चैंपियनशिप ट्रॉफी के साथ 2 लाख रुपये का पुरस्कार मिला। उपविजेता अद्विक अग्रवाल को 1.5 लाख रुपये मिले। शीर्ष वरीयता प्राप्त अंश नेरुरकर को तीसरे स्थान के लिए 1 लाख रुपये से संतोष करना पड़ा।
उम्मीदवार मास्टर माधवेंद्र प्रताप शर्मा (75,000 रुपये) और जागृति मिश्रा (50,000 रुपये) क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहे। सन्निधि भट्ट को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुना गया। उन्हें 45,000 रुपये का नकद पुरस्कार मिला। रचित गुरनानी और मैशा परवेज़ को क्रमशः मुंबई का सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला खिलाड़ी चुना गया। उन्हें 30,000 रुपये और एक-एक ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।



# रुपाली गांगुली ने अपने ऑनस्क्रीन बच्चों पर निकाली भड़ास



रुपाली गांगुली काफी समय से शो अनुपमा कर रही हैं। इस शो का हर किरदार घर-घर फेमस है। शो के शुरुआत से दर्शकों को जो शो में पसंद नहीं हैं वो हैं उनके बच्चे। अनुपमा का कोई भी बच्चा उसे सपोर्ट नहीं करता है। अब इस पर रुपाली ने रियल में ऑनस्क्रीन बच्चों को लेकर बात की और साथ ही शो के प्रोड्यूसर राजन शाही को लेकर अपनी शिकायत भी बताई। दरअसल, एक इंटरव्यू में रुपाली बोलती हैं कि अनुपमा के बच्चे हमेशा गलत वजह से चर्चा में रहते हैं। राही बोलकर गई है तर्पण कर चुकी है और बोल चुकी है कि आप अब तक जिंदा हो, मरी क्यों नहीं। ऐसा कोई बच्चा बोले तो बाप रे बाप। अनुपमा जैसी मां उसके बाद भी ये हाल है। तोशू है, पाखी, माही और ये सारे बच्चे सब एक जैसे ही हैं। रुपाली ने आगे कहा, 'समर ही था बेचारा जो हमेशा मां-मां करता था और उसी को छीन लिया राजन जी ने और ये सारे बच्चे दे दिए मुझे।' रुपाली के इस इंटरव्यू पर लोगों के रिएक्शन आ रहे हैं। कोई कमेंट कर रहा है फाइनली आपने भी हम लोगों की दिल की बात बोल ही दी। किसी ने लिखा कि अब तो हमें भी बर्दाश्त नहीं है। बता दें कि हाल ही में अनुपमा के सेट पर आग लगई और इस वजह से काफी बवाल हो गया है। ऑल इंडियन सिने वर्कर्स एसोसिएशन (AICWA) ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से इस घटना को लेकर जांच की मांग की है। शो के मेकर्स पर काम करने वालों की जान को जोखिम में डालने का आरोप लगा है।

# मीका सिंह ने दिलजीत दोसांझ को बताया नकली सिंगर



पंजाब के सुपरस्टार सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म सरदार जी 3 को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में पाकिस्तानी एक्ट्रेस हानिया आमिर की मौजूदगी पर विवाद खड़ा हो गया है। फिल्म इंडस्ट्री और फैंस के बीच इसे लेकर नाराजगी है। कई राजनेताओं ने भी दिलजीत के इस फैसले को गलत बताया है। अब इस बीच सिंगर मीका सिंह का रिएक्शन सामने आया है। मीका ने दिलजीत को नकली सिंगर कहा है। उन्होंने कहा देश पहले आना चाहिए। मीका सिंह ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर किया जिसमें उन्होंने बिना नाम लिए दिलजीत पर निशाना साधा। उन्होंने लिखा, "देश पहले आना चाहिए। इंडिया और पाकिस्तान के रिश्ते इस समय ठीक नहीं हैं, फिर भी कुछ लोग गैर-जिम्मेदार तरीके से काम कर रहे हैं। जब देश की इज्जत का सवाल हो, तो एक्टर्स और प्रोड्यूसर्स को सोच-समझकर कोई कंटेंट रिलीजकरना चाहिए, खासकर जिसमें पाकिस्तान के आर्टिस्ट्स हों।" उन्होंने आगे कहा कि एक "फेक सिंगर" जो इंडिया में हजारों लोगों के सामने शो करता है, अब अचानक गायब हो गया और फैंस को धोखा दे गया। हालांकि मीका ने दिलजीत का नाम नहीं लिया, लेकिन पोस्ट में उनकी और दिलजीत की फोटोज थीं, जिससे साफ है कि उन्हें ही नकली सिंगर कहा गया है। दरअसल, हाल में सरदार जी 3 का ट्रेलर रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर बवाल मच गया। ने फिल्म का विरोध करते हुए इसका बॉयकॉट करने की मांग की है। दरअसल, फिल्म में पाकिस्तानी एक्ट्रेस हानिया आमिर को कास्ट किया गया है, और ये फैसला ऐसे वक्त में लिया गया जब पहलगाम अटैक और ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव की स्थिति है। बीबीसी एशियन नेटवर्क को दिए इंटरव्यू में दिलजीत दोसांझ ने कहा कि फिल्म की शूटिंग इस साल की शुरुआत में ही पूरी हो गई थी, जब हालात इतने खराब नहीं थे। उन्होंने ये भी क्लियर किया कि फिल्म को भारत में नहीं बल्कि ओवरसीज में रिलीज किया जा रहा है ताकि प्रोड्यूसर्स को नुकसान से बचाया जा सके।

# 'इश्क' के सेट पर करीब थे आमिर खान और जूही चावला

## काजोल बोलीं- मुझे अकेला छोड़ दिया



काजोल ने एक इंटरव्यू में आमिर खान और जूही चावला के बारे में खुलासा किया, जिनके साथ उन्होंने साल 1997 में आई इंदर कुमार की फिल्म 'इश्क' में काम किया था। इस फिल्म में अजय देवगन भी थे, और उनकी जोड़ी काजोल के साथ थी। फिल्म में चार बड़े स्टार्स थे, पर इसके बावजूद काजोल को अकेलापन महसूस हुआ। काजोल ने एक इंटरव्यू में बताया कि आमिर और जूही काफी करीब थे और उन्हें अकेला छोड़ दिया। एक्ट्रेस काजोल ने 'द मैशेबल्स' से बातचीत में बताया कि कई बार उनका सेट पर किसी से बात करने भी मन नहीं करता था। वैसे बता दें कि 'इश्क' के सेट पर ही अजय देवगन ने काजोल को उनकी रिंग के साथ प्रपोज किया था। फिल्म की 26वीं एनिवर्सरी पर जब काजोल ने एक पोस्ट किया था, तो उस पर अजय ने कमेंट्स में प्रपोजल वाली बात बताई थी।

खैर, अब काजोल की बात करें तो उन्होंने आमिर खान और जूही चावला को लेकर कहा, 'आमिर की डायरेक्टर के साथ दोस्ती थी और जूही चावला भी उनकी दोस्त थी। इसलिए उन तीनों का एक ग्रुप था, और वो करीब थे। फिर मैं और अजय थे और फिर मैं ही रह गई। सेट पर कुछ दिन ऐसे भी होते थे जब मैं किसी से बात नहीं करना चाहती थी।' काजोल से जब पूछा गया कि उन्होंने शूट के दौरान खुद को सबसे अलग-थलग क्यों रखा, तो बोलीं, 'हमने 300 दिन साथ बिताए। उस फिल्म को बनने में 300 दिन लगे। हमें नहीं पता कि हमने इतने दिनों तक क्या किया। हम हर दिन सेट पर 8-10 घंटे बिताते थे। मैं हर समय उन सभी से बात नहीं कर सकती।

# बेटी सुहाना के साथ किंग की शूटिंग के लिए स्कॉटलैंड जाएंगे शाहरुख



बॉलीवुड के किंग खान यानी शाहरुख खान जल्द ही अपनी बेटी सुहाना खान के साथ किंग की शूटिंग करेंगे। शाहरुख की इस फिल्म का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। फैंस को जल्द ही शाहरुख और उनकी बेटी सुहाना को स्क्रीन पर देखने की उत्सुकता है। शाहरुख खान की यह फिल्म अभी प्रोडक्शन स्टेज में है। रिपोर्ट्स की मानें तो शाहरुख और सुहाना जल्द ही फिल्म के शूट के लिए स्कॉटलैंड जाएंगी। जूम की रिपोर्ट के मुताबिक, शाहरुख खान अपनी बेटी सुहाना खान के साथ फिल्म की शूटिंग के लिए सितंबर के महीने में स्कॉटलैंड जाएंगे। फिल्म से जुड़े सूत्रों ने मीडिया पोर्टल को बताया,शाहरुख और सुहाना ने सिद्धार्थ आनंद के डायरेक्शन में फिल्म के कुछ हिस्से मुंबई में शूट किए हैं। किंग एक बिग जेट फिल्म है जिसका स्कॉटलैंड शेड्यूल सितंबर में शुरू होगा। ये शेड्यूल फिल्म के लिए काफी महत्वपूर्ण है। पिता और बेटी की जोड़ी करीब 40 से 50 दिन के शेड्यूल के लिए स्कॉटलैंड जाएंगे। शाहरुख खान की फिल्म 2026 में रिलीज होगी। सुहाना के 25वें बर्थ डे पर किंग की शूटिंग शुरू हुई थी। वहीं, जून के शुरुआती दिनों में शाहरुख का एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें शाहरुख खान व्हाइट वेस्ट, ग्रे बैगी पैंट्स, बिनी और सनग्लासेज में नजर आए थे। शाहरुख के हाथ में बहुत से टैटूज नजर आ रहे थे। वायरल वीडियो पर फैंस ने कमेंट्स किया था कि ये शाहरुख का किंग का लुक है। शाहरुख खान की किंग में रानी मुखर्जी, जयदीप अहलावत, जैकी श्रॉफ, अनिल कपूर, दीपिका पादुकोण, अभिषेक बच्चन, अरशद वारसी और अभय वर्मा जैसे कलाकार नजर आएंगे। शाहरुख खान फिल्म में एंटी हीरो किरदार में नजर आएंगे।



# 'पंचायत 4' की एंडिंग देख निराश हुए फैंस




नीना गुप्ता और जितेंद्र कुमार की सुपरहिट वेब सीरीज 'पंचायत' के चौथे सीजन का फिनाले एपिसोड इस बार दर्शकों के लिए बड़ा झटका साबित हुआ। जहां पिछले तीन सीजन्स के फिनाले एपिसोड्स को दर्शकों ने खूब सराहा था, वहीं सीजन 4 के आखिरी एपिसोड को सोशल मीडिया पर जमकर आलोचना झेलनी पड़ रही है। इस बार फिनाले एपिसोड का नाम था 'दबदबा', जिसे IMDb पर सिर्फ 8.4 रेटिंग मिली है। यह अब तक के सभी सीजन के फिनाले में सबसे कम है। पहले सीजन के फिनाले को 8.8, दूसरे को 9.6 और तीसरे को 9.0 रेटिंग मिली थी। यानी हर बार फिनाले ने दर्शकों का दिल जीता, लेकिन इस बार कहानी में कुछ ऐसा था, जिसने फैंस को निराश कर दिया। सोशल मीडिया पर फैंस ने खुलकर अपनी नाराजगी जाहिर की है।

कई यूजर्स का कहना है कि शो में इस बार राजनीति और चुनावी ड्रामा बहुत ज्यादा हो गया, जिससे 'पंचायत' की असली सादगी और हल्की-फुल्की कॉमेडी कहीं खो गई। किसी ने लिखा, "फिनाले देखकर बहुत निराश हूं, शो में अब वो पुराना मजा नहीं रहा।" वहीं, कुछ लोगों ने इसे बोरिंग बताया। एक फैन ने ट्वीट किया, "पंचायत की खासियत उसकी सादगी थी, लेकिन अब वो दिख नहीं रही।" कई लोगों ने यह भी कहा कि अब शो में बहुत ज्यादा पॉलिटिक्स आ गई है, जिससे असली पंच गायब हो गया है। कुल मिलाकर, 'पंचायत' सीजन 4 का फिनाले दर्शकों की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा। जहां पिछले सीजन्स में गांव की सादगी, रिश्तों की गर्माहट और हल्की-फुल्की कॉमेडी ने सबका दिल जीत लिया था, वहीं इस बार राजनीति और गंभीरता ने शो की चमक फीकी कर दी। फैंस उम्मीद कर रहे हैं कि अगले सीजन में मेकर्स फिर से वही पुराना 'पंचायत' वाला मजा वापस लाएंगे।

# 'सोच भी नहीं सकती'

## बिना परेश रावल के हेरा फेरी को लेकर सोनाक्षी ने कही ये बात



सोनाक्षी सिन्हा की फिल्म निकिता रॉय जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में सोनाक्षी सिन्हा के सार दिग्गज एक्टर परेश रावल भी नजर आएंगे। यह पहली बार होगा जब सोनाक्षी सिन्हा परेश रावल के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी। फिल्म के प्रमोशन के दौरान एक इंटरव्यू में सोनाक्षी सिन्हा ने परेश रावल संग काम करने के अपने अनुभवों को साझा किया। साथ ही, उन्होंने परेश रावल के हेरा फेरी 3 में ना होने पर भी प्रतिक्रिया दी। IANS के साथ खास बातचीत में सोनाक्षी सिन्हा ने कहा कि वो हेरा फेरी 3 बिना परेश रावल के सोच भी नहीं सकती हैं। उन्होंने कहा कि परेश रावल का फिल्म में होना फ्रेंचाइजी के चार्म के लिए जरूरी है। बता दें, कुछ समय पहले खबर आई थी कि परेश रावल हेरा फेरी 3 का हिस्सा नहीं होंगे। इसको लेकर परेश रावल ने ट्वीट भी किए थे। हेरा फेरी 3 छोड़ने की खबर के बाद परेश रावल की ये पहली फिल्म रिलीज हो रही है। परेश रावल संग काम करने पर सोनाक्षी सिन्हा ने कहा, "मुझे लगता है कि उनके जैसी क्षमता वाले अभिनेता के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात थी।" उन्होंने कहा कि परेश रावल के साथ काम करना उनके लिए अद्भुत अनुभव रहा। सोनाक्षी सिन्हा की फिल्म की बात करें तो इस फिल्म को सोनाक्षी सिन्हा के कुश सिन्हा डायरेक्ट कर रहे हैं। यह फिल्म एक सपरनेचुरल थ्रिलर होगी। फिल्म 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# आरजे महवश की टैग पर ट्रोलिंग हुई तो डस्टबिन में फेंकी ड्रेस




आरजे महवश का रीसेंटली एक इवेंट का वीडियो वायरल हुआ था। इसमें उनकी ड्रेस के पीछे टैग था जिसका लोगों ने मजाक उड़ाया था। लोग लिख रहे थे कि वह पहनकर ड्रेस रिटर्न कर देंगी। अब महवश ने खुद अपनी खिल्ली उड़ाने वाले से मजेदार रील बनाई है। इसमें उन्होंने लिखा है कि ड्रेस भाड़े की नहीं थी और उसे डस्टबिन में फेंका है। लोग भी इस वीडियो के मजे ले रहे हैं। महवश ने वीडियो के कैप्शन में लिखा है, 'कसम से भाड़े की नहीं है। अगर जिंदगी में 'पीछे मुड़ के ना देखना' का कोई चेहरा होता होगा तो वो ऐसा होगा। लाफिंग इमोजी के साथ उन्होंने लिखा है, ये हादसा किस-किस के साथ हो चुका है?' वीडियो में दिख रहा है कि महवश अपनी वायरल क्लिप देख रही हैं और ड्रेस से टैग हटाकर ड्रेस को ही डस्टबिन में फेंक रही हैं। दरअसल महवश एक इवेंट में येलो कलर की ड्रेस पहनकर पहुंची थीं। उन्होंने पैप्स को पोज दिए थे।वह जैसे ही पलटीं उनकी ड्रेस पर टैग दिखा। ये वीडियो वायरल हो गया और लोग उनका मजाक उड़ाने लगे। हालांकि कुछ लोगों ने कमेंट्स किए थे कि महवश की ड्रेस पर यह टैग इसलिए है क्योंकि वो खास ब्रैंड की है जिसमें टैग लगा ही रहता है।

# गोविंदा का हॉलीवुड फिल्म अवतार ठुकराने का दावा झूठ

पॉपुलर एक्टर गोविंदा ने दावा किया था कि उन्हें जेम्स कैमरून की हॉलीवुड फिल्म अवतार ऑफर की गई थी, लेकिन उन्होंने फिल्म ये कहते हुए ठुकरा दी कि वो शरीर को नीला पेंट नहीं करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा था कि फिल्म का टाइटल अवतार भी उन्होंने ही जेम्स कैमरून को दिया था। हालांकि अब गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा ने उनके इस दावे पर न सिर्फ सवाल उठाया है, बल्कि इसका जमकर मजाक भी उड़ाया है। हाल ही में सुनीता आहूजा ने उर्फी जावेद को इंटरव्यू दिया है। बातचीत के बीच उर्फी जावेद ने उनसे कहा, 'गोविंदा जी का एक मीम बहुत वायरल हुआ था, जिसमें उन्होंने कहा था कि अवतार (हॉलीवुड फिल्म) मुझे ऑफर हुई थी।' इस पर सुनीता ने कहा है, 'अरे यार, मुझे तो नहीं पता ये कब ऑफर हुई थी। 40 साल तो मुझे ही हो गए गोविंदा के साथ। वो अवतार का डायरेक्टर- प्रोड्यूसर कब आया, मुझे नहीं मालूम।'

# थलपति विजय को अपनी आखिरी फिल्म 'जन नायकन' के लिए मिली 275 करोड़ रुपये फीस!



साउथ फिल्मों के स्टार थलपति विजय राजनीति में एंट्री कर चुके हैं और वह फिल्मों से संन्यास लेने का भी ऐलान कर चुके थे। अब फैंस को उनकी नई फिल्म 'जन नायकन' का इंतजार है, जोकि एक्टर की आखिरी फिल्म होगी। हर किसी की नजरें थलपति विजय की इस फिल्म पर हैं। पर क्या आप जानते हैं कि एक्टर इस फिल्म के लिए कितनी तगड़ी फीस ले रहे हैं? थलपति विजय ने 'जन नायकन' के लिए 275 करोड़ रुपये की फीस ली है। पर इसके अलावा उन्हें फिल्म के मुनाफे में कोई हिस्सा नहीं दिया गया है। इस हिसाब से देखा जाए तो यह किसी साउथ स्टार को मिलने वाली अब तक की तगड़ी फीस है। इस फेहरिस्त में उन्होंने थलाइवा रजनीकांत को भी पीछे छोड़ दिया है, जो एक फिल्म के लिए 125-270 करोड़ रुपये तक चार्ज करते हैं। हालांकि, फिल्म 'कुली' के लिए 280 करोड़ रुपये फीस लेने की खबरें आई थीं, जिसके बाद रजनीकांत को एशिया का सबसे महंगा एक्टर कहा जाने लगा था। थलपति विजय ने फीस के मामले में शाहरुख खान को भी पछाड़ दिया है, जो एक फिल्म के लिए 150-200 करोड़ चार्ज करते हैं। 'जन नायकन' की बात करें, तो इसे एच विनोद ने डायरेक्ट किया है। यह एक पॉलिटिकल ड्रामा है, जिसमें पूजा हेगड़े, बॉबी देओल, गौतम वासुदेव मेनन, प्रकाश राज और प्रियामणि भी नजर आएंगी। खबर है कि 'जन नायकन' में श्रुति हासन भी नजर आ सकती हैं।

# द ट्रेटर्स के दूसरे सीजन का हो गया ऐलान

करण जौहर होस्टेड रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स' का पहला सीजन अभी खत्म भी नहीं हुआ है और मेकर्स ने इसका दूसरा सीजन अनाउंस भी कर दिया। ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर प्रसारित हो रहे इस शो में बिग बॉस की तरह ही तमाम सेलेब्रिटीज बतौर कंटेस्टेंट शामिल होते हैं। उन्हें अलग-अलग टास्क करने होते हैं जिसकी बदौलत उनकी प्राइज मनी बढ़ती जाती है। लेकिन उन्हें नहीं पता होता कि उनमें से कुछ कंटेस्टेंट गद्दार हैं जिनके पास हर रात किसी एक खिलाड़ी को बाहर करने का अधिकार है। कंटेस्टेंट्स का यही टास्क है कि उन्हें हर शाम किसी एक कंटेस्टेंट का नाम लेना होता जो उनके हिसाब से गद्दार है। जिस खिलाड़ी के नाम पर सबसे ज्यादा वोट होते हैं, वो बाहर हो जाता है। इस तरह एक दिन में 2 खिलाड़ी एविक्ट होते हैं। पहले सीजन में सुधांशु पांडे, आशीष विद्यार्थी, हर्ष गुजराल, उर्फी जावेद, एलनाज नौरोजी, पूरब झा, करण कुंद्रा, महीप कपूर और रफ्तार (रैपर) जैसे खिलाड़ी बतौर कंटेस्टेंट इस शो में शामिल हुए। अभी शो के विनर का नाम अनाउंस भी नहीं हुआ है कि मेकर्स ने अगले सीजन का ऐलान कर दिया है। अमेजन प्राइम वीडियो ने बुधवार को अपने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट किया जिसमें 'द ट्रेटर्स 2' का पोस्टर था। पोस्ट में बताया गया है कि दूसरे सीजन पर काम शुरू हो गया है। अमेजन प्राइम ने कैप्शन में लिखा- हम इस खबर को बचा नहीं पाए। द ट्रेटर्स का दूसरा सीजन जल्द आने जा रहा है। बता दें कि पहला सीजन अमेजन प्राइम पर सबसे ज्यादा देखे गए ऑरिजनल शोज में आ चुका है और दूसरे सीजन में मेकर्स क्या कुछ नया लेकर आने वाले हैं यह देखना भी दिलचस्प होगा। साथ ही साथ यह भी एक सवाल है कि क्या होस्ट बदला जाएगा।

